

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 133 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 21 फरवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## विदेशी मुद्रा भंडार में जोरदार बढ़ोतरी, भारत ने बनाया नया रिकॉर्ड



नई दिल्ली। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 13 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 8.663 अरब डॉलर बढ़कर ऑल-टाइम हाई 725.727 अरब डॉलर पर पहुँच गया। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में दी।

### पिछले सप्ताह की गिरावट के बाद मजबूत उछाल

पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में 6.711 अरब डॉलर की गिरावट दर्ज की गई थी, जिसका मुख्य कारण सोने की कीमतों में कमी बताई गई थी।

### गोल्ड रिजर्व और एफसीए में बढ़ोतरी

आरबीआई के अनुसार, 13 फरवरी को समाप्त सप्ताह में गोल्ड रिजर्व का मूल्य 4.990 अरब डॉलर बढ़कर 128.466 अरब डॉलर हो गया। वहीं, विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक फॉरेन करेंसी एसेट्स 3.550 अरब डॉलर बढ़कर 573.603 अरब डॉलर पर पहुंच गया। एफसीए में डॉलर के अलावा येन, यूरो और पाउंड जैसी प्रमुख मुद्राएं शामिल होती हैं।

### एसडीआर और रिजर्व पोजीशन में भी इजाफा

आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक इस अवधि में एसडीआर का मूल्य 10.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.924 अरब डॉलर और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में भारत की रिजर्व पोजीशन 1.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.734 अरब डॉलर हो गई।

### अर्थव्यवस्था की मजबूती और अंतरराष्ट्रीय निवेश पर असर


विदेशी मुद्रा भंडार किसी भी देश की आर्थिक स्थिति का महत्वपूर्ण संकेतक है। यह विनिमय दर को स्थिर रखने और विदेशी व्यापार व निवेश को सहारा देने में अहम भूमिका निभाता है। बढ़ता भंडार दशार्ता है कि देश में डॉलर की आवक मजबूत है, जिससे अर्थव्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय निवेश को बढ़ावा मिलता है। (इनपुटः आईएएनएस)

# पीएम मोदी ने वैश्विक नेताओं संग द्विपक्षीय बैठकें की

## इंफ्रास्ट्रक्चर और हेल्थकेयर सहयोग पर जोर

समाज जागरण

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान कई देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कर सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा की। इनमें लिकटेंस्टीन के हेरेडिटरी प्रिंस एलोइस फिलिप मारिया, श्रीलंका के अनुरा कुमारा दिसानायके, संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और स्लोवाकिया के पीटर पेलेग्रिनी शामिल थे।



### संयुक्त राष्ट्र के साथ एआई और वैश्विक सुधारों पर चर्चा

प्रधानमंत्री मोदी ने एंटोनियो गुटेरेस के साथ बैठक में एआई को समावेशी बनाने, इसके जिम्मेदार उपयोग को बढ़ावा देने और संयुक्त राष्ट्र सुधारों पर विचार साझा किए। इसके साथ ही ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूत करने पर भी दोनों पक्षों ने चर्चा की।

### भारत-श्रीलंका सहयोग के नए आयाम

अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ वार्ता में ऊर्जा, कनेक्टिविटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, हेल्थकेयर, स्किलिंग, संस्कृति और ब्लू इकॉनमी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों में हालिया प्रगति की समीक्षा भी की।

### लिकटेंस्टीन के साथ आर्थिक और तकनीकी साझेदारी

प्रधानमंत्री ने हेरेडिटरी प्रिंस एलोइस फिलिप मारिया के साथ मुलाकात में आर्थिक संबंध, इनोवेशन, टेक्नोलॉजी, स्किलिंग और अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर चर्चा की।

### स्लोवाकिया के साथ व्यापार और तकनीकी सहयोग पर जोर

पीटर पेलेग्रिनी के साथ बैठक में व्यापार और निवेश बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने डिजिटल टेक्नोलॉजी, स्टार्टअप्स, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने पर सहमति जताई।

### वैश्विक सहयोग और जिम्मेदार एआई पर सहमति

स्लोवाकिया के राष्ट्रपति ने समिट के सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि एआई के लोकतांत्रिक उपयोग और वैश्विक सहयोग को मजबूत करने के लिए साझा प्रतिबद्धता जरूरी है। (इनपुटः आ-ईएएनएस)

## बांग्लादेश: अवामी लीग पर प्रतिबंध को लेकर उठे सवाल, अध्यादेश की वैधता पर बहस तेज

ढाका। बांग्लादेश की अपदस्थ पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पुत्र सजीब वाजेद ने अवामी लीग पर लगाए गए प्रतिबंध और अंतरिम सरकार द्वारा जारी अध्यादेश की वैधता पर सवाल खड़े किए हैं।



वाजेद ने कहा कि नई बीएनपी-नेतृत्व वाली सरकार के सामने 30 दिनों की संवैधानिक समय-सीमा है, जिसके भीतर इसे अध्यादेश पर फैसला करना होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि संसद इस अवधि में अध्यादेश को कानून के रूप में पारित नहीं करती है, तो वह स्वतः निरस्त हो जाएगा।

### अध्यादेश और एस.आर.ओ. 137एआईएन/2025

अंतरिम सरकार ने एंटी टेररिज्म एक्ट 2009 में संशोधन करने के लिए नया अध्यादेश जारी किया, जिससे राजनीतिक दलों की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार मिला। इसी आधार पर एस.आर.ओ. 137ए आईएन/2025 के तहत अवामी लीग पर कार्रवाई की गई।

सजीब वाजेद ने संविधान के अनुच्छेद 93(2) का हवाला देते हुए कहा कि किसी भी अध्यादेश को नई सरकार के गठन के बाद संसद के पहले सत्र में पेश करना अनिवार्य है। यदि संसद इसे मंजूरी देती है, तो अवामी लीग के खिलाफ कार्रवाई न्यायिक समीक्षा के दायरे में आ सकती है।

### लोकतांत्रिक प्रक्रिया और बहुदलीय प्रतिस्पर्धा पर असर

वाजेद के अनुसार, यदि संसद संशोधन को पारित करती है तो यह आतंकवाद-रोधी कानून के "असाधारण उपयोग" का समर्थन माना जाएगा और लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। वहीं, यदि नई सरकार 30 दिनों में अध्यादेश को समाप्त होने देती है, तो यह बहुदलीय लोकतांत्रिक प्रतिस्पर्धा को बहाल करने का संकेत होगा।

बांग्लादेश में संसदीय लोकतंत्र की बहाली के बाद से अवामी लीग और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) दो प्रमुख राजनीतिक शक्तियां रही हैं। ऐसे में किसी बड़े राजनीतिक दल पर प्रतिबंध का निर्णय कानूनी और राजनीतिक दृष्टि से बेहद अहम माना जा रहा है।(इनपुटः एजेंसी)

## दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर: 22 फरवरी को पूरा होगा देश का पहला रीजनल रैपिड ट्रांजिट नेटवर्क

समाज जागरण

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आधुनिक, तेज और टिकाऊ परिवहन व्यवस्था को नई दिशा देने वाला 'नमो भारत' प्रोजेक्ट अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। 180 किमी प्रति घंटे की डिजाइन स्पीड और 160 किमी प्रति घंटे की अधिकतम परिचालन गति वाले इस हाई-स्पीड, हाई-फ्रीक्वेंसी रेल सिस्टम का उद्देश्य दिल्ली और आसपास के शहरों के बीच यात्रा को तेज, सुरक्षित और आरामदायक बनाना है। औसत परिचालन गति 90 किमी प्रति घंटा रखी गई है।



### दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर की कुल लंबाई 82.15 किमी

दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर की कुल लंबाई 82.15 किमी है। इसमें 70 किमी एलिवेटेड और 12 किमी भूमिगत ट्रैक शामिल हैं। दिल्ली में लगभग 14 किमी और उत्तर प्रदेश में 68 किमी का हिस्सा है। परियोजना की कुल लागत 30,274 करोड़ रुपए है। फंडिंग में एडीबी (लगभग 1 अरब डॉलर), एनडीबी (500 मिलियन डॉलर) और एआईआईबी (500 मिलियन डॉलर) का योगदान है। केंद्र सरकार की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत, दिल्ली सरकार की 3.22 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश सरकार की 16.78 प्रतिशत है। फिलहाल, 55 किमी सेक्शन (न्यू अशोक नगर से मेरठ साउथ) के 11 स्टेशन चालू हैं।

16 स्टेशनों में जंगपुरा, सराय काले खां, न्यू अशोक नगर, आनंद विहार (अंडरग्राउंड), साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, मुरादनगर, मोदी नगर नॉर्थ/ साउथ, मेरठ साउथ, शताब्दी नगर, बेगमपुल (अंडरग्राउंड) और मोदिपुरम शामिल हैं। दुहाई और मोदिपुरम में डिपो बनाए गए हैं।

### पीएम मोदी ने 8 मार्च 2019 को किया था शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8 मार्च 2019 को शिलान्यास किया था। 20 अक्टूबर 2023 को 17 किमी का प्राथमिक खंड राष्ट्र को समर्पित किया गया। 2024 में विस्तार के बाद 5 जनवरी 2025 को ट्रेन दिल्ली पहुंची। 22 फरवरी को न्यू अशोक नगर से सराय काले खां (5 किमी) और मेरठ साउथ से मोदिपुरम (21 किमी) खंड के उद्घाटन के साथ पूरा कॉरिडोर चालू होने की संभावना है।

## रमजान में लाउडस्पीकर पर प्रतिबंध का नखोदा मस्जिद ने दिया समर्थन

कोलकाता। नखोदा मस्जिद के इमाम मौलाना मोहम्मद शफीक कजमी ने योगी सरकार के रमजान के दौरान लाउडस्पीकर





उपयोग पर प्रतिबंध का समर्थन किया है। मौलाना कजमी ने कहा कि, "हम सरकार के फैसले का समर्थन करते हैं। लाउडस्पीकर का इस्तेमाल मस्जिदों, मंदिरों और राजनीतिक रैलियों में बंद होना चाहिए। यह सिर्फ मस्जिदों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि सभी जगह लागू होना चाहिए।" उन्होंने जोर देकर कहा कि समान रूप से सभी सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों में आवाज पर नियंत्रण से समाज में शांति और व्यवस्था बनी रहेगी।

## अभिषेक शर्मा या तिलक वर्मा ? टीम इंडिया के प्लेइंग 11 पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ बड़ा फैसला

समाज जागरण

नई दिल्ली। टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 चरण में अपना पहला मुकाबला रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलेगी। भारतीय टीम मैनेजमेंट इस हाई-वोल्टेज मैच से पहले प्लेइंग 11 में बड़े बदलावों पर विचार कर रहा है। टीम में कुल तीन बदलाव की संभावना है। नीदरलैंड के खिलाफ आराम दिए जाने के बाद उप-कप्तान अक्षर पटेल का प्लेइंग 11 में लौटना लगभग तय माना जा रहा है। उनकी जगह वाशिंगटन सुंदर को मौका मिला था, लेकिन सुंदर इस अवसर का पूरा लाभ नहीं उठा सके। घरेलू क्रिकेट में गुजरात का प्रतिनिधित्व करने वाले अक्षर पटेल का अनुभव अहमदाबाद की पिच पर भारत के लिए ट्रंप कार्ड साबित हो सकता है।



### अभिषेक शर्मा बनाम संजू सैमसन: ओपनिंग की गुत्थी

टीम इंडिया के लिए सबसे बड़ी चिंता नंबर-1 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की फॉर्म है। ग्रुप स्टेज के तीन मैचों में लगातार तीन बार शून्य पर आउट होने के बाद उनके स्थान पर सवाल उठ रहे हैं।

मैनेजमेंट के पास विकल्प के रूप में संजू सैमसन मौजूद हैं। हालांकि सैमसन भी लगातार प्रदर्शन के लिए जूझ रहे हैं, लेकिन 12 फरवरी को नामीबिया के खिलाफ 8 गेंदों में 22 रन की पारी (3 छक्के, 1 चौका) ने सिलेक्टर्स का ध्यान खींचा है। यदि अभिषेक को एक और मौका नहीं मिलता है, तो सैमसन ईशान किशन के साथ ओपनिंग करते दिखाई दे सकते हैं।

टीम इंडिया सुपर-8 में अपनी सबसे मजबूत टीम के साथ उतरने की कोशिश कर रही है, और साउथ अफ्रीका के खिलाफ यह मैच टीम मैनेजमेंट के लिए प्लेइंग 11 के बड़े फैसलों का परीक्षण साबित होगा।

## बीएल वर्मा ने विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएँ दीं



समाज जागरण

दिल्ली। केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने आज विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि हमारा मंत्रालय समाज के विभिन्न वर्गों को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

मंत्री वर्मा ने कहा, "हम 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना के साथ काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम समाज के सभी वर्गों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं।" मंत्रालय समाज के सभी वर्गों के लिए योजनाओं और कार्यक्रम चला रहा है।

सशक्तिकरण, समानता और समावेशिता को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सभी समुदायों के विकास और सामाजिक न्याय पर जोर दिया जा रहा है।

## ओडिशा में नई 'DALKHAI' योजना की घोषणा, प्रवासियों के लिए सुविधा और रोजगार सुनिश्चित

समाज जागरण

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मझी ने राज्य में प्रवासियों की समस्या को ध्यान में रखते हुए नई योजना 'DALKHAI' की घोषणा की।





मुख्यमंत्री ने कहा, "ओडिशा में प्रवासन की समस्या है। लोग रोजगार के लिए अन्य राज्यों में जाते हैं, जिसका समाज और परिवार पर नकारात्मक असर पड़ता है। इसको ध्यान में रखते हुए हम राज्य स्तर पर एक नई अभियान शुरू करने जा रहे हैं, जिसे बजट में भी शामिल किया गया है।"

## नीतीश कैबिनेट का बड़ा फैसला, सोनपुर में बनेगा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

समाज जागरण

पटना. बिहार कैबिनेट की अहम बैठक में शुक्रवार को एक बड़ा फैसला लिया गया है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में सोनपुर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माण को मंजूरी दे दी गई है. मुख्य सचिवालय में हुई इस बैठक में सभी कैबिनेट मंत्री मौजूद रहे. कैबिनेट में चर्चा के बाद बिहार सरकार ने सोनपुर में लगभग 4200 एकड़ जमीन पर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाने की योजना पर अंतिम मुहर लगा दी. बता दें, बिहार कैबिनेट की बैठक में आज 35 एजेंडों पर मुहर लगी.

सोनपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की यह परियोजना राज्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ उत्तर बिहार और आसपास के क्षेत्रों की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगी. दरअसल आज बिहार कैबिनेट की बैठक बिहार के लोगों के लिए बड़ी सौगात लेकर आई है. राज्य सरकार ने सोनपुर में पूर्वी भारत के पहले और देश के पांचवें बड़े ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निर्माण को मंजूरी दे दी है. इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए सरकार ने 1302 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है, जिससे राज्य की हवाई कनेक्टिविटी में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है.



सोनपुर में बनने वाले इस इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण सोनपुर-छपरा 4 लेन NH के उत्तर और गंडक नदी के पश्चिम दरियापुर चंवर में बनाया जाएगा. बता दें सोनपुर में बनने वाला यह एयरपोर्ट दिल्ली, हैदराबाद, मुंबई और जेवर एयरपोर्ट के बाद भारत का 5वां सबसे बड़ा ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट होगा. मिली जानकारी के अनुसार नए एयरपोर्ट के निर्माण के लिए लगभग 4228 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा.

# क्या बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखना समाधान है ?

आज की दुनिया में तकनीक ने जीवन को जितना सरल बनाया है, उतना ही जटिल भी। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने संवाद, शिक्षा और अभिव्यक्ति के नए रास्ते खोले हैं, लेकिन इनके साथ ऐसे जोखिम भी जुड़े हैं जो विशेष रूप से बच्चों और किशोरों के लिए गंभीर चुनौती बनते जा रहे हैं। इसी संदर्भ में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा भारत को उस पहल में शामिल होने का प्रस्ताव, जिसमें 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की बात कही गई है, वैश्विक विमर्श को एक नई दिशा देता है। यह प्रस्ताव केवल तकनीकी या कानूनी बहस नहीं है, बल्कि समाज, शिक्षा, अभिभावकीय जिम्मेदारी और बच्चों के भविष्य से जुड़ा प्रश्न है। भारत जैसे युवा-प्रधान देश में यह विषय और अधिक संवेदनशील हो जाता है, क्योंकि यहां डिजिटल अवसरों और सामाजिक असमानताओं का संतुलन एक साथ मौजूद है।

आज की डिजिटल दुनिया में सोशल मीडिया बच्चों के लिए अवसरों और खतरों का मिश्रण बन चुका है। इंस्टाग्राम, टिकटॉक, एक्स (पूर्व ट्विटर) और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म्स पर कंटेंट की बाढ़ है, जिसमें हिंसा, यौन शोषण, फेक न्यूज और साइबर बुलिंग का बोलबाला है। यूनिसेफ की रिपोर्ट्स बताती हैं कि भारत में 10-19 साल के 40 प्रतिशत से अधिक युवा ऑनलाइन उत्पीड़न के शिकार होते हैं, जो डिप्रेशन, एंग्जाइटी और यहां तक कि आत्महत्या तक ले जाता है। 15 साल से कम उम्र के बच्चों का मस्तिष्क अभी विकास के दौर में होता है, और प्लेटफॉर्म्स के एडिक्टिव एल्गोरिदम उन्हें घंटों स्क्रीन से बांधे रखते हैं। इससे न केवल पढ़ाई प्रभावित होती है, बल्कि शारीरिक गतिविधियां और सामाजिक कौशल भी पीछे छूट जाते हैं। फ्रांस जैसे देशों में यह प्रतिबंध बच्चों को इन जोखिमों से बचाएगा, अभिभावकों को मानसिक राहत देगा और शिक्षा पर फोकस बढ़ाएगा। मैक्रों का तर्क स्पष्ट है बच्चों की डिजिटल सुरक्षा को प्राथमिकता देकर हम भविष्य की पीढ़ी को मजबूत बना सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने पहले ही 16 साल से कम उम्र पर सख्त बैन लगा दिया है, और नॉर्वे, स्पेन जैसे देश इसी राह पर हैं। भारत में भी केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया कंपनियों से उम्र-आधारित एक्सेस कंट्रोल पर बातचीत की पुष्टि की है।

फिर भी, भारत जैसे विविध और विकासशील देश के संदर्भ में इस प्रतिबंध के सकारात्मक पक्षों के साथ नकारात्मक प्रभावों को नजर-अंदाज नहीं किया जा सकता। सबसे बड़ा मुद्दा है डिजिटल डिवाइड। शहरी क्षेत्रों में इंटरनेट प्रचुर है, लेकिन ग्रामीण भारत में पहुंच सीमित होने के बावजूद सोशल मीडिया ही शिक्षा और संचार का प्रमुख माध्यम बन चुका है। यूट्यूब पर लाखों कोचिंग ट्यूटोरियल्स उपलब्ध हैं, जिनसे सुदूर देहाती बच्चे घर बैठे पढ़ाई कर रहे हैं। खान अकादमी, बायजूज जैसे प्लेटफॉर्म्स ने लाखों छात्रों को सशक्त किया है। प्रतिबंध लगाने से ये अवसर छिन जाएंगे, खासकर जहां पारंपरिक शिक्षा संसाधन अभावग्रस्त हैं। घर में बुराइयों से बचाव के लिए दरवाजा बंद करना ठीक नहीं, क्योंकि अच्छाई के रास्ते भी अवरुद्ध हो जाएंगे। इतिहास गवाह है प्राचीन भारत में समुद्र पार करने पर धर्म भ्रष्ट होने का नियम बना, जिससे बाहरी विचारों और प्रगति से वंचित रह गए। आजादी के बाद हमने वैश्विक संपर्क को अपनाया, जिससे विज्ञान, तकनीक और संस्कृति का आदान-प्रदान हुआ। सोशल मीडिया पर पूर्ण बैन इसी तरह का अलगाव पैदा कर सकता है।

लागूकरण की व्यावहारिक चुनौतियां भी कम नहीं हैं। उम्र सत्यापन कैसे होगा? आधार या अन्य डिजिटल आईडी से लिंक करने पर गोपनीयता का जोखिम बढ़ेगा, जो डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन (डीपीडीपी) एक्ट 2023 के प्रावधानों का उल्लंघन हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने पहले 13 साल से कम उम्र के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंध की पीआईएल खारिज कर दी थी, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता (अनुच्छेद 19) का हवाला देकर। माद्रास हाईकोर्ट ने भले ही ऑस्ट्रेलिया मॉडल की सिफारिश की हो, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर सहमति बनाना कठिन है। बैन से बच्चे वीपीएन या अंडरग्राउंड ऐप्स का सहारा लेंगे, जो और असुरक्षित साबित होंगे डार्क वेब कंटेंट तक पहुंच आसान हो जाएगी। आंध्र प्रदेश जैसे राज्य स्तर पर प्रयास हो रहे हैं, जहां 16 साल से कम उम्र पर बैन का प्रस्ताव है, लेकिन केंद्र में संसाधनों की कमी एक बड़ी बाधा है। सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश) नियम 2021 के तहत प्लेटफॉर्म्स पहले ही अवैध कंटेंट 36 घंटे (अब 3 घंटे) में हटाने को बाध्य हैं, लेकिन उम्र-विशिष्ट बैन के लिए अतिरिक्त इंफ्रास्ट्रक्चर चाहिए जो महंगा और जटिल होगा।

भारत की सामाजिक संरचना भी इस प्रतिबंध को जटिल बनाती है। यहां परिवार-केंद्रित समाज है, जहां माता-पिता खुद बच्चों पर नजर रखते हैं। पश्चिमी देशों में न्यूक्लियर फैमिलीज में अभिभावक व्यस्त रहते हैं, इसलिए सरकारी हस्तक्षेप जरूरी लगता है। लेकिन भारत में संयुक्त परिवार प्रथा अभी प्रासंगिक है, और सांस्कृतिक मूल्य बच्चों को नैतिक सीमाओं में बांधते हैं। पूर्ण बैन की बजाय रेगुलेटेड एक्सेस ज्यादा व्यावहारिक है। उदाहरणस्वरूप, डीपीडीपी एक्ट में बच्चों के लिए पैरेंटल कंसेंट अनिवार्य करने का प्रावधान है। प्लेटफॉर्म्स को उम्र-अनुरूप कंटेंट फिल्टरिंग, एआई-आधारित मॉनिटरिंग और डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम चलाने चाहिए। सरकार ने डीपफेक पर सख्ती बढ़ाई है 2 घंटे में अश्लील कंटेंट हटाना जरूरी है, जो आईटी एक्ट की धारा 67बी के तहत बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। स्कूलों में डिजिटल एजुकेशन को बढ़ावा देकर बच्चे खुद खतरों से अवगत हो सकते हैं। वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो यह ट्रेंड अपरिहार्य लगता है। फ्रांस 15 साल, ऑस्ट्रेलिया 16 साल की सीमा पर है, जबकि अमेरिका में प्लेटफॉर्म्स स्वयं 13 साल की न्यूनतम उम्र रखते हैं। लेकिन भारत की 140 करोड़ आबादी में 35 करोड़ से अधिक 15 साल से कम उम्र के बच्चे हैं–इसे एकसमान लागू करना अकल्पनीय है। संसाधन-कमी वाले विकासशील देश में मुकदमों की बाढ़ आ जाएगी, क्योंकि अभिभावक चुनिंदा एक्सेस की मांग करेंगे। भारतीय न्याय संहिता 2023 ऑनलाइन अश्लीलता और घृणा भाषण पर दंडित करती है, लेकिन रोकथाम के लिए नीतिगत स्मार्टनेस चाहिए। मैक्रों का न्यौता विचारणीय है, लेकिन भारत को अपना मॉडल गढ़ना होगा जैसे चाइना का फायरवॉल या यूरोप का जीडीपीआर।

संतुलन बनाना ही कुंजी है। सख्त बैन से बेहतर है उम्र-आधारित टियर सिस्टमः 13 साल तक पूर्ण प्रतिबंध, 13-15 तक पैरेंटल कंट्रोल के साथ सीमित एक्सेस, और 15-18 तक सशर्त स्वतंत्रता। एनजीओ, एजुकेटर्स और टेक कंपनियों को शामिल कर पायलट प्रोजेक्ट चलाए जा सकते हैं। अभिभावकों के लिए ऐप्स विकसित करें, जो उपयोग ट्रैक करें। शिक्षा मंत्रालय यूट्यूब एजुकेशनल चैनल्स को बढ़ावा दे। अंततः, यह पहल सफल होगी यदि हम प्रतिबंध को अवसर में बदल दें बच्चों को डिजिटल दुनिया की साक्षर नागरिक बनाएं, न कि उसे बंद करके। भारत की युवा शक्ति हमारा सबसे बड़ा संपदा है; इसे सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है। मैक्रों का प्रस्ताव एक अवसर है, लेकिन इसका स्वरूप भारतीय आवश्यकताओं के अनुरूप होना चाहिए।

**महेन्द्र तिवारी**

*राष्ट्र-चिंतन,*

# अधिकार बनाम उत्तरदायित्व , समानुपातिक संतुलन की अनिवार्यता।

वर्तमान समय में जब भारतीय लोकतंत्र अपनी मूल आत्मा न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता को सुदृढ़ बनाए रखने की चुनौती से जूझ रहा है, तब अधिकार और उत्तरदायित्व के प्रश्न पर गंभीर चिंतन आवश्यक हो गया है। समाज का प्रत्येक नागरिक अपने अधिकारों के विस्तार की आकांक्षा रखता है और यह स्वाभाविक भी है। किंतु जब अधिकारों की मांग कर्तव्यों की उपेक्षा के साथ बढ़ती है, तब सामाजिक संतुलन डगमगाने लगता है।

प्रख्यात चिंतक वाल्तेयर ने कहा था जितने अधिक अधिकार, उतनी अधिक जिम्मेदारी। यह कथन आज के संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक प्रतीत होता है। अधिकार और उत्तरदायित्व वस्तुतः एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। स्वतंत्रता तभी सार्थक है जब वह संयम और जिम्मेदारी से संचालित हो; अन्यथा वह स्वच्छंदता बनकर अराजकता को जन्म देती है।

भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला भारतीय संविधान ने मूल अधिकारों के माध्यम से नागरिकों को व्यापक स्वतंत्रता प्रदान की है। यह इस विचार पर आधारित था कि बहुसंख्यक जनमानस, जो शिक्षा और संसाधनों से वंचित रहा, उसे राज्य और समाज के अन्याय से सुरक्षा मिले। परंतु इसी संविधान ने नागरिकों के लिए मौलिक कर्तव्यों का भी उल्लेख किया, ताकि अधिकारों का उपयोग संतुलित और राष्ट्रहितकारी हो।हाल के वर्षों में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा निजता के अधिकार को मौलिक अधिकार घोषित करना नागरिक स्वतंत्रता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम था। किंतु इसके साथ यह दायित्व भी जुड़ता है कि हम अपनी निजता की रक्षा करते हुए दूसरों की स्वतंत्रता का अतिक्रमण न करें। अधिकार का विस्तार तभी सार्थक है जब वह सामाजिक मयार्दा और नैतिकता के दायरे में रहे। आधुनिकता के इस युग में नागरिक चेतना विकसित तो हुई है, परंतु नैतिक अनुशासन और कर्तव्य-बोध में अपेक्षित वृद्धि नहीं हो पाई। परिणामस्वरूप अधिकारों की मांग तीव्र है, किंतु उत्तरदायित्व के निर्वहन में शिथिलता दिखाई देती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता अपने प्रतिनिधियों को संसद और विधानसभाओं में इसलिए भेजती है कि वे लोककल्याण की भावना से शासन करें। किंतु जब जनप्रतिनिधि अधिकारों के मद में उत्तरदायित्व को विस्मृत कर देते हैं, तब शासन व्यवस्था में भ्रष्टाचार, लालफीताशाही और निरंकुशता पनपने लगती है।

प्राचीन भारतीय चिंतन में भी यह संतुलन स्पष्ट रूप से व्यक्त हुआ है। कौटिल्य ने अपने महान ग्रंथ अर्थशास्त्र में स्पष्ट लिखा है कि जिस देश की प्रजा कष्ट में हो, वहां शासक का वैभव नैतिक रूप से अनुचित है। यह विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उस समय था। सार्वजनिक सुविधाओं का उपयोग करना हमारा अधिकार है, परंतु उनका संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखना हमारा दायित्व भी है। पर्यावरण संकट इसका ज्वलंत उदाहरण है। स्वच्छ वायु, निर्मल जल और हरित धरती हमारा अधिकार हैं, किंतु प्रकृति की रक्षा करना हमारा नैतिक और सामाजिक कर्तव्य है। यदि हमने इस संतुलन को नहीं साधा, तो भविष्य की पीढ़ियां हमें क्षमा नहीं करेंगी। स्पष्ट है कि अधिकार और उत्तरदायित्व समानुपातिक हैं। वे सहयात्री हैं।एक के बिना दूसरा अधूरा है। लोकतंत्र की सफलता नागरिकों की सजगता, नैतिकता और जिम्मेदारी पर निर्भर करती है। यदि हम अपने अधिकारों के प्रति जितने जागरूक हैं, उतने ही अपने कर्तव्यों के प्रति भी हो जाएं, तो व्यक्ति, समाज और राष्ट्र तीनों का समन्वित विकास संभव है।राष्ट्रनिर्माण केवल शासन का कार्य नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही संभव है। अतः आवश्यकता इस बात की है कि हम अधिकारों की मांग करते समय अपने उत्तरदायित्वों का भी ईमानदारी से निर्वहन करें। यही लोकतंत्र की आत्मा है, यही राष्ट्रहित का पथ है।



**संजीव ठाकुर**

# शहरी निकायों को रिकॉर्ड फंडिंग, लेकिन संस्थागत सुधार के बिना असर सीमित

सोलहवें वित्त आयोग ने शहरी स्थानीय निकायों या प्रशासनों (यूएलजी) को राजकोषीय आवंटन बढ़ाया है। उसने यूएलजी के समग्र अनुदान में 130 फीसदी इजाफा किया है

सोलहवें वित्त आयोग ने शहरी स्थानीय निकायों या प्रशासनों (यूएलजी) को राजकोषीय आवंटन बढ़ाया है। उसने यूएलजी के समग्र अनुदान में 130 फीसदी इजाफा किया है। पंद्रहवें वित्त आयोग के 1.55 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर यह राशि 2026 से 31 तक की अवधि के लिए 3.56 लाख करोड़ रुपये कर दी गई है। इसके साथ ही स्थानीय निकायों को दिए जाने वाले अनुदान में यूएलजी की हिस्सेदारी बढ़ाकर रिकॉर्ड 45 फीसदी कर दी गई है जबकि पहले यह 36 फीसदी थी।

वित्त आयोग के इतिहास में यह सबसे बड़ी शहरी हिस्सेदारी है और यह दशार्ती है कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण और उसके आर्थिक योगदान को किस प्रकार मान्यता मिल रही है। इसके अलावा उसने शहरी अनुदान का एक अलग ढांचा पेश किया जिसमें 2.32 लाख करोड़ रुपये का बुनियादी अनुदान, 54,032 करोड़ रुपये का प्रदर्शन अनुदान, 56,100 करोड़ रुपये का विशेष अधोसंरचना अनुदान और 10,000 करोड़ रुपये का शहर-ीकरण प्रीमियम अनुदान शामिल है।

डिजाइन में एक महत्त्वपूर्ण बदलाव बिना तयशुदा या शर्त वाली निधियों में इजाफा है। इन चार अनुदानों में बिना शर्त घटक करीब 52 फीसदी है जबकि पंद्रहवें वित्त आयोग के तहत यह केवल 21 फीसदी था। बिना शर्त हस्तांतरण का यह उच्च अनुपात शहरी स्थानीय निकायों को स्थानीय रूप से पहचानी गई प्राथमिकताओं पर खर्च करने का लचीलापन देने के लिए है।

शेष अनुदान स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जलापूर्ति और अपशिष्ट जल प्रबंधन जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों से संबंधित हैं।



परफॉर्मेंस यानी प्रदर्शन अनुदान अच्छे शासन को पुरस्कृत करते हैं जबकि विशेष अधोसंरचना और शहरीकरण का प्रीमियम शहर आधारित अधोसंरचना के अंतर को पाटने में मदद करते हैं और परिणाम आधारित प्रोत्साहन को शामिल करते हैं।

इस वर्ष के केंद्रीय बजट में दूसरे और तीसरी श्रेणी के शहरों के लिए पांच वर्षों में प्रति शहरी आर्थिक क्षेत्र लगभग 5,000 करोड़ रुपये का आवंटन इस बदलाव की पूर्ति कर सकता है, लेकिन केवल तभी जब यह धन सशक्त नगर निकायों के माध्यम से प्रवाहित हो, न कि एक और केंद्रीकृत, योजना-चालित शहरी हस्तक्षेप का हिस्सा बनाकर। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के आधार पर, भारत में 2021-36 अवधि के लिए आवश्यक शहरी पूंजी निवेश सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 1.18 फीसदी वार्षिक होगा।

हालांकि, भारत में नगर निकाय राजस्व मुश्किल से जीडीपी का 0.6 फीसदी है, जबकि दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील जैसे देशों में यूएलजी स्वयं के स्त्रोतों से क्रमशः 6 फीसदी और 7.4 फीसदी जीडीपी जुटाते हैं। नगर निकायों को धन मिलने की कमजोर व्यवस्था को पुरानी शासन-संबंधी समस्याएं और भी जटिल बना देती हैं।

सोलहवें वित्त आयोग ने सुधारों से जुड़ी पात्रता शर्तों को बरकरार रखा है। इनमें समय पर निकायों का चुनाव कराना, अंकेक्षित खातों को प्रकाशित करना, राज्य वित्त आयोगों का गठन करना और कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करना शामिल है। लेकिन लोकतांत्रिक तरीके से विकेंद्रीकरण अधूरा है। नगर निकाय चुनाव अक्सर टाले जाते हैं।

बृहन्मुंबई महानगर पालिका के चुनाव लगभग चार साल देर से हुए, और बेंगलुरु में 2015 से अब तक कोई नगरीय चुनाव नहीं हुआ है। नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्टों के अनुसार नगर निकाय चुनावों में औसतन 22 महीने की देरी होती है, जिससे जवाबदेही, वैधता और स्थानीय सरकारों की संवेदनशीलता कमजोर होती है। वित्तीय स्वायत्तता भी उतनी ही सीमित है।

चूंकि नगर निगम मामूली राजस्व पैदा करते हैं, वे राज्य हस्तांतरणों पर निर्भर रहते हैं, जिससे उनकी परिचालन स्वतंत्रता घटती है और वे राजनीतिक तथा प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन हो जाते हैं। खुद का अपर्याप्त राजस्व, चुनावों में देरी और कमजोर प्रशासनिक क्षमता आदि मिलकर यह दशार्ते हैं कि बड़े अनुदान भी प्रभावी सेवा वितरण या अधोसंरचना विकास में परिवर्तित नहीं हो सकते। सोलहवें वित्त आयोग की सिफारिशें सार्थक हैं लेकिन स्थानीय शासन की संस्थागत नींव को मजबूत करने के प्रयास किए जाने चाहिए।

# अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 21 फरवरी को मनाया जाता है। 17 नवंबर, 1999 को यूनेस्को ने इसे स्वीकृति दी। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है कि विश्व में भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता और बहुभाषिता को बढ़ावा मिले।

**इतिहास**

यूनेस्को द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की घोषणा से बांग्लादेश के भाषा आन्दोलन दिवस को अन्तर्राष्ट्रीय स्वीकृति मिली, जो बांग्लादेश में सन 1952 से मनाया जाता रहा है। बांग्लादेश में इस दिन एक राष्ट्रीय अवकाश होता है। 2008 को अन्तर्राष्ट्रीय भाषा वर्ष घोषित करते हुए, संयुक्त राष्ट्र आम सभा ने अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के महत्व को फिर महत्त्व दिया था।

**आधुनिक परिदृश्य**

भारतीय संविधान निमार्ताओं की आकांक्षा थी कि स्वतंत्रता के बाद भारत का शासन अपनी भाषाओं में चले ताकि आम जनता शासन से जुड़ी रहे और समाज में एक सामंजस्य स्थापित हो और सबकी प्रगति हो सके। इसमें कोई शक नहीं कि भारत प्रगति के पथ पर अग्रसर है। पर यह भी सच है कि इस प्रगति का लाभ देश की आम जनता तक पूरी तरह पहुंच नहीं पा रहा है। इसके कारणों की तरफ जब हम दृष्टि डालते हैं तो पाते हैं कि शासन को जनता तक उसकी भाषा में पहुंचाने में अभी तक कामयाब नहीं हैं। यह एक प्रमुख कारण है। जब तक इस काम में तेजी नहीं आती तब तक किसी भी क्षेत्र में देश की बड़ी से बड़ी उपलब्धि और प्रगति का कोई मूल्य नहीं रह जाता। अन्तर्राष्ट्रीय मानचित्र पर अंग्रेजी के प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता। किन्तु वैश्विक दौड़ में आज हिन्दी कहीं भी पीछे नहीं है। यह सिर्फ. बोलचाल की भाषा ही नहीं, बल्कि सामान्य काम से लेकर इंटरनेट तक के क्षेत्र में इसका प्रयोग बखूबी हो रहा है। हमें यह अपेक्षा अवश्य है कि 'क' क्षेत्र के शासकीय कार्यालयों में सभी कामकाज हिन्दी में हो। 'ख' और 'ग' क्षेत्र में भी निर्धारित प्रतिशत के अनुसार हिन्दी का प्रयोग होता रहे।

**मातृभाषा**

मातृभाषा आदमी के संस्कारों की संवाहक है। मातृभाषा के बिना, किसी भी देश की संस्कृति की कल्पना बेमानी है। मातृभाषा हमें राष्ट्रीयता से जोड़ती है और देश प्रेम की भावना उत्प्रेरित करती है। मातृ भाषा आत्मा की आवाज है तथा देश को माला की लड़ियों की तरह पिरोती है। माँ के आंचल में पल्लवित हुई भाषा बालक के मानसिक विकास को शब्द व पहला सम्प्रेषण देती है। मातृ भाषा ही सबसे पहले इंसान को सोचने-समझने और व्यवहार की अनौपचारिक शिक्षा और समझ देती है। बालक की प्राथमिक शिक्षा मातृ भाषा में ही करानी चाहिए।

## अफसरों की शहादत का शोर ?

आज का सिनेमा युद्ध,
शहादत व सेना केंद्रित,
कहानियाँ पूरी तरह होना चा-
हए थी विकेंद्रित।
देशभक्ति के नाम पर बन
रही फिल्मों का शोर,
उस असली सैनिक की
आवाज पहुँचे चहूँओर।

सीमा पर खड़ा होकर लड़ता
रहता हैं सिपाही,
बॉर्डर की जमीं 1-1 इंच
की रक्षा देता गवाही।
माना हर पात्र के साथ न्याय
करना संभव नहीं,
लेकिन उसे क्रेडिट तो बड़े
पर्दे पर दो हर कहीं।

अब कहानी कहने के तरीके
चाहे बदल गये हो,
'चरित्र-चित्रण' में लेखक-
निर्देशक का न्याय हो।
सैनिकों की बहादुरी में न हो
अफसरों का शोर?
उनकी शहादतों के साथ न
हो अन्याय घनघोर।



**संजय एम तराणेकर**
**(कवि, लेखक व समीक्षक)**
**इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)**
**मो. 98260 25986**

# भूख के साथ पोषण की समस्या का भी हो निदान: फंडिंग और नीतिगत प्रोत्साहन बेहद जरूरी

अधिक उपज वाली अनाज की आधुनिक किस्में पारंपरिक देसी फसलों की तुलना में क्या कम पौष्टिक होती हैं? यह एक आम धारणा है जो काफी हद तक सही है अधिक उपज वाली अनाज की आधुनिक किस्में पारंपरिक देसी फसलों की तुलना में क्या कम पौष्टिक होती हैं? यह एक आम धारणा है जो काफी हद तक सही है। कुछ वैज्ञानिक अध्ययनों में भी इस धारणा का समर्थन किया गया है। हरित क्रांति के बाद के शुरूआती कुछ दशकों में अधिक उपज वाली फसलों की किस्मों को मुख्य रूप से उपज बढ़ाने के लिए विकसित किया गया था। उस समय अनाज की गुणवत्ता या पोषण तत्त्वों की परवाह नहीं की गई थी। मुख्य उद्देश्य संतुलित पोषण के माध्यम से अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के बजाय खाद्य आपूर्ति बढ़ाकर व्यापक रूप से व्याप्त भूख को मिटाना था।

इसका परिणाम यह हुआ कि प्रचुर मात्रा में अनाज उपलब्ध होने और विश्व के अग्रणी अनाज निर्यातकों में से एक बनने के बावजूद, भारत में कुपोषण और अल्पपोषण की समस्या अभी भी बेहद गंभीर बनी हुई है। वैश्विक भूख सूचकांक 2025 में भारत को 123 देशों में गंभीर भूख श्रेणी में 102वां स्थान दिया गया है। इस खराब स्थिति का कारण यह है कि पांच वर्ष से कम आयु के 32.9 फीसदी बच्चे बौनेपन (उम्र के हिसाब से कम कद) और 18.7 फीसदी बच्चे दुर्बलता (ऊंचाई के हिसाब से कम वजन) से ग्रस्त हैं। वयस्कों, विशेषकर महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं में भी कुपोषण व्याप्त है। लगभग 12 फीसदी आबादी को पर्याप्त भोजन नहीं मिलता और लगभग दो-तिहाई लोगों को खाने के लिए स्वस्थ आहार नहीं मिलता।

कृषि वैज्ञानिकों ने पोषण संबंधी पहलू पर हाल के वर्षों में ही ध्यान देना शुरू किया है। फसल उत्पादकों ने अब मुख्य अनाजों की गुणवत्ता और पोषक तत्त्वों में सुधार को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया है। पारंपरिक तरीके या जैव प्रौद्योगिकी के माध्यम से जैव-संवर्धन वाली फसलें विकसित करने के प्रयास भी जारी हैं। इनमें स्वाभाविक रूप से आयरन, जिंक और विटामिन ए जैसे प्रमुख पोषक तत्त्वों की उच्च मात्रा पाई जाती है।

चावल, गेहूं और मक्के जैसी व्यापक रूप से उपभोग की जाने वाली मुख्य फसलों सहित विभिन्न फसलों की 100 से अधिक उच्च उत्पादकता वाली जैव-संवर्धन किस्में, देश के विभिन्न हिस्सों में खेती के लिए जारी की जा चुकी हैं। उन्हें जिंक, आयरन, विटामिन और प्रोटीन जैसे आवश्यक पोषक तत्त्वों से समृद्ध किया गया है। हालांकि, अभी भी व्यापक रूप से उगाई जाने वाली कई फसलों की किस्में पौष्टिकता के मामले में अपनी पुरानी किस्मों के बराबर नहीं हैं।

फूड साइंस ऐंड न्यूट्रिशन (वॉल्यूम 13, अंक 2) के फरवरी 2025 अंक में प्रकाशित एक शोध पत्र के अनुसार, गेहूं की आधुनिक किस्मों में जिंक, आयरन और मैग्नीशियम जैसे खनिजों की मात्रा, पुरानी किस्मों की तुलना में औसतन 19 से 28 फीसदी कम होती है। इस शोध पत्र में यह भी कहा गया है कि सामान्यतः प्रति हेक्टेयर उपज बढ़ने के साथ-साथ अनाज की पौष्टिकता कम होती जाती है। रोगों और कीटों के प्रति उच्च प्रतिरोधक क्षमता और कम जीवनकाल जैसी विशेषताओं वाली फसलों की किस्में विकसित करते समय अक्सर पोषण संबंधी पहलू को नजरअंदाज कर दिया जाता है।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), पश्चिम बंगाल के विधान चंद्र कृषि विश्वविद्यालय और हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय पोषण संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई एक अन्य रिपोर्ट में भी लगभग इसी तरह के विचार व्यक्त किए गए हैं। इस रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया है कि हरित क्रांति ने भारत को खाद्य सुरक्षा प्राप्त करने में मदद तो की है, लेकिन पोषण सुरक्षा की कीमत पर। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि चावल और गेहूं, जो भारत में लोगों की दैनिक ऊर्जा आवश्यकताओं का 50 फीसदी से अधिक पूरा करते हैं, पिछले लगभग 50 वर्षों में अपने पोषक तत्त्वों का 45 फीसदी तक खो चुके हैं। यह शोध पत्र 2023 में विज्ञान पत्रिका नेचर (लेख संख्या 21164) में प्र-काशित हुआ था।

इस शोधपत्र में एक महत्त्वपूर्ण टिप्पणी यह है कि हरित क्रांति के बाद विकसित की गईं उच्च उपज वाली किस्मों के अनाजों में पोषक तत्त्वों की मात्रा में गिरावट का कारण मिट्टी के बजाय पौधों से जुड़ा है। इन किस्मों के पौधे आम तौर पर मिट्टी से पर्याप्त पोषक तत्त्व ग्रहण करने में असमर्थ होते हैं। इससे भी महत्त्वपूर्ण बात यह है कि यह शोधपत्र यह भी दशार्ता है कि हाल ही में विकसित कुछ फसल किस्मों, विशेष रूप से चावल की किस्मों में आर्सेनिक जैसे कुछ विषैले तत्त्व पाए गए हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं।

बच्चों में एनीमिया और बौनेपन की उच्च दर का एक मुख्य कारण पॉलिश किए हुए चावल का बढ़ता सेवन है। चावल की पॉलिशिंग की प्रक्रिया में विटामिन, खनिज, फाइबर और फैटी एसिड जैसे कई उपयोगी तत्त्व नष्ट हो जाते हैं। पॉलिशिंग मुख्य रूप से बाजार में चावल की मांग बढ़ाने के लिए की जाती है। इन महत्त्वपूर्ण पोषक तत्त्वों की कमी से बच्चों में रुग्णता और मृत्यु दर भी अधिक होती है।

सौभाग्य से, फसलों में पोषक तत्त्वों की कमी की समस्या से निपटने के लिए अब उत्पादन की नई तकनीकें उपलब्ध हैं। जैव संवर्धन के अलावा, जीन-संपादन तकनीक से पोषक तत्त्वों से भरपूर अधिक उपज वाली फसलें विकसित करना भी संभव हो गया है। हालांकि, आ-ईसीएआर और राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के फसल उत्पादन कार्यक्रमों में ऐसी तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सहायक नीतियों और पर्याप्त धन की आवश्यकता है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साईं प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# पी०एम० सूर्यघर: एक करोड़ घरों की छतों पर सोलर पैनल, 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली



गौतमबुद्धनगर, 20 फरवरी 2026। उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) ने भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पी०एम० सूर्यघर: मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेशवासियों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। योजना का उद्देश्य एक करोड़ घरों की छतों पर सोलर पैनल स्थापित कर प्रतिमाह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही आमजन अतिरिक्त विद्युत उत्पादन कर उसे बेचकर आय का अतिरिक्त स्रोत भी प्राप्त कर सकेंगे।

**सब्सिडी और ऋण सुविधा**

योजना के अंतर्गत पात्र उपभोक्ताओं को सोलर संयंत्र स्थापना पर सीधे बैंक खाते में 30,000 से 78,000 तक की सब्सिडी दी जाएगी।

1 किलोवाट के लिए 30,000
2 किलोवाट के लिए 60,000
3 किलोवाट के लिए 78,000
3 किलोवाट तक के सोलर संयंत्र हेतु 7 प्रतिशत ब्याज दर पर बिना गारंटी (Collateral-Free) ऋण की सुविधा भी उपलब्ध है।

**आवेदन प्रक्रिया और पात्रता**

इच्छुक उपभोक्ता आधिकारिक वेबसाइट https://pmsuryaghar.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
पात्रता शर्तें: भारतीय नागरिक होना, घर की छत सोलर पैनल के लिए उपयुक्त होना, वैध बिजली कनेक्शन, और किसी अन्य सोलर सब्सिडी योजना का पूर्व लाभ न लिया होना।
आवश्यक दस्तावेज: आधार कार्ड, नवीनतम बिजली बिल, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी।
आवेदन के बाद संबंधित डिस्कॉम से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद सोलर पैनल स्थापित करना होगा और नेट मीटर एवं बैंक खाता विवरण पोर्टल पर अपलोड करना होगा। निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सब्सिडी की धनराशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में हस्तांतरित कर दी जाएगी।

जानकारी के लिए संपर्क: कार्यदिवस में कार्यालय परियोजना अधिकारी, यूपीनेडा, कक्ष संख्या 111, विकास भवन, सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर में संपर्क किया जा सकता है। सौजन्य: सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

# आगामी होली पर्व से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग ने शुरू किया अभियान, 05 खाद्य नमूने जांच के लिए संग्रहित



संदीप गर्ग/समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 20 फरवरी 2026। आगामी होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद का खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग सक्रिय हो गया है। अधिकारियों ने जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर शुद्ध खाद्य और पेय पदार्थ सुनिश्चित करने के लिए नमूने संग्रहित किए। ब्रह्मपुरी, दादरी स्थित कपिल कुमार एंड ब्रदर्स तेल निर्माण इकाई से01 नमूना रिफाइंड रायसब्रान ऑयल टैंक से, 01 पैक्ड रिफाइंड रायसब्रान नमूना, सेक्टर 27, नोएडा स्थित, ब्रजवासी पनीर भंडार से पनीर का 01 नमूना, गढ़वाल डेयरी से खोया का 01 नमूना, सेक्टर 65, नोएडा, बहलोलपुर स्थित किशनपुरी ट्रेडर्स से 15 किग्रा के 05 टिन रिफाइंड सोयाबीन ऑयल (फ्यूचर एक्टिव ब्रांड) का 01 नमूना लिया गया, क्योंकि लेबल पर जानकारी सही अंकित नहीं थी; अवशेष तेल सीज कर दिया गया।

## कुल 05 नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। इसका उद्देश्य है कि जनपद वासियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध खाद्य और पेय पदार्थ उपलब्ध हों। सौजन्य: सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# विश्वेश्वर्या ग्रुप में 25 फरवरी को "सशक्त युवा, समृद्ध भारत – रोजगार महोत्सव 2026" का आयोजन

संदीप गर्ग/समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 20 फरवरी 2026। जिला सेवायोजन कार्यालय, गौतम बुद्ध नगर के मार्गदर्शन में विश्वेश्वर्या ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा 25 फरवरी 2026 को "सशक्त युवा, समृद्ध भारत – रोजगार महोत्सव 2026" का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 9 बजे विश्वेश्वर्या कैंपस, जी.टी. रोड, एन.एच.-91 में शुरू होगा।




**कार्यक्रम का उद्देश्य और महत्त्व**

इस रोजगार महोत्सव का उद्देश्य जनपद एवं आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को अधिकतम रोजगार अवसर उपलब्ध कराना और "सशक्त युवा, समृद्ध भारत" के संकल्प को साकार करना है।
जिला सेवायोजन अधिकारी मनीषा अत्री ने प्रेस वार्ता में कहा कि यह मेले युवाओं के लिए महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ भाग लेंगी, जिससे अभ्यर्थियों को सीधे साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

**कौन कर सकता है भागीदारी**

अभ्यर्थी जिनकी योग्यता 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर की हो। अभ्यर्थियों को अद्यतन बायोडाटा की प्रतियाँ, आधार कार्ड, शैक्षिक प्रमाण पत्र और पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ साथ लाने होंगे।

**प्रतिभागियों के लिए सलाह और पंजीकरण**

यह रोजगार महोत्सव पूर्णतः निःशुल्क है। इच्छुक अभ्यर्थी अधिकतम संख्या में पंजीकरण कर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठा सकते हैं। पंजीकरण हेतु:
rojgaarsangam.up.gov.in
www.vgi.ac.in
रोजगार महोत्सव युवाओं को कौशल और योग्यता के अनुरूप रोजगार प्राप्त करने का सशक्त मंच प्रदान करेगा। तकनीकी, बैंकिंग, मैन्युफैक्चरिंग, सर्विस सहित विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियाँ मेले में शामिल होंगी।

# थाना बिसरख पुलिस ने हर्ष फायरिंग के आरोपी को गिरफ्तार, अवैध पिस्टल बरामद

संदीप गर्ग/समाज जागरण




नोएडा, 20 फरवरी 2026। थाना बिसरख पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर दुर्वेश कुमार बैसोया पुत्र ब्रह्मपाल सिंह को हनुमान चौराहा, सर्विस रोड से गिरफ्तार किया है।
अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध पिस्टल, 01 जिंदा कारतूस (.32 बोर) और 01 खोखा कारतूस (.32 बोर) बरामद किया गया।
घटना तब सामने आई जब निजी अस्पताल से सूचना मिली कि पुष्पेन्द्र (18 वर्ष), निवासी देव विहार कॉलोनी, लाल कुआँ, गाजियाबाद, सगाई समारोह में हुई हर्ष फायरिंग के दौरान घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की और आरोपी के खिलाफ तत्काल मामला दर्ज किया। गिरफ्तार अभियुक्त, जो वर्तमान में दिलशाद गार्डन, दिल्ली में रहता है, के खिलाफ धारा 110/109(1) बीएनएस और 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# एबीवीपी नोएडा महानगर ने संभु दयाल पब्लिक स्कूल में खो-खो प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया

संदीप गर्ग/समाज जागरण

नोएडा, 20 फरवरी 2026। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी), नोएडा महानगर द्वारा "खेलो भारत – नगर खेल कुंभ" के अंतर्गत संभु दयाल पब्लिक स्कूल, सेक्टर 115, सोरखा में खो-खो प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया।
कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रांत मीडिया संयोजक तनिष्क सिसोदिया, स्कूल प्रबंधक मुंदर सिंह, और महानगर संगठन मंत्री शुभम भाटी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला और युवाओं से "Screen Time से Activity Time" की ओर बढ़ने का आह्वान किया।



**प्रतिभागियों और आयोजन का विवरण**

इस अवसर पर प्रांत इंडिजिनियस सह संयोजक रुद्राक्ष, हैप्पी, कृष्णा शर्मा, अमन खारी, सन्नी बैसोया और अजीत पांडेय सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।
प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल भावना का परिचय दिया। परिषद का उद्देश्य युवाओं में शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देना और खेलों के माध्यम से राष्ट्रनिर्माण की भावना को सशक्त करना है।
अंत में सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दी गईं और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

# थाना फेस-1 पुलिस ने अवैध शराब तस्कर को गिरफ्तार, 108 टेट्रा पैक बरामद

संदीप गर्ग/समाज जागरण




नोएडा, 20 फरवरी 2026। नोएडा थाना फेस-1 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आसिफ रजा पुत्र मोहम्मद अफजल खान को एफ-24, सेक्टर-8, नोएडा से गिरफ्तार किया।
अभियुक्त के कब्जे से 108 टेट्रा पैक देशी शराब (दोस्ताना यूपी मार्का) बरामद किए गए।
गिरफ्तार अभियुक्त जे.जे. कॉलोनी, सेक्टर-16, नोएडा का निवासी है और उसकी उम्र 28 वर्ष बताई गई है। पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 60 आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है और अवैध शराब को अपने कब्जे में ले लिया है।

# ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक/अकाउंटेंट पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

गौतमबुद्धनगर, 20 फरवरी 2026। जिला पंचायत राज अधिकारी, गौतम बुद्ध नगर ने बताया कि जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायक/अकाउंटेंट कम डाटा एंट्री ऑपरेटर के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

**रिक्त पदों के लिए आवेदन की जानकारी**

विकासखंड बिसरख: बंबावड़, प्यावली, ताजपुर, ततारपुर खगोड़ा, बिसहड़ा, बिश्नूली
विकासखंड दादरी: सैथली, छायसा, छोलस, लुहारली, रामगढ़ चमरावली, दादूपुर, खटाना कोट

विकासखंड जेवर: मंडप्पा, गोबिंदगढ़, लौदोना, बांजरपुर
आवेदन अवधि: 23 फरवरी 2026 से 09 मार्च 2026 तक

**भर्ती प्रक्रिया की रूपरेखा**

20-22 फरवरी 2026: ग्राम पंचायत सूचना पट्ट एवं मुरादी के माध्यम से आवेदन आमंत्रित करने की सूचना।
23 फरवरी - 09 मार्च 2026: आवेदन पत्र जमा करने की अवधि (जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकासखंड कार्यालय या ग्राम पंचायत कार्यालय में)।
10-17 मार्च 2026: प्राप्त आवेदन पत्रों को संबंधित ग्राम पंचायत में उपलब्ध कराना।
18-25 मार्च 2026: ग्राम पंचायत में श्रेष्ठता सूची तैयार करना और प्रशासनिक समिति के समक्ष प्रस्तुत करना।
26-30 मार्च 2026: जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण संस्तुति।
31 मार्च - 01 अप्रैल 2026: ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत।

**आवेदन प्रक्रिया**

अभ्यर्थी आवेदन प्रारूप में सभी आवश्यक सूचनाएं भरकर व्यक्तिगत रूप से या रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से ग्राम पंचायत, विकासखंड कार्यालय अथवा जिला पंचायत राज अधिकारी के कार्यालय में निर्धारित समयावधि में जमा कर सकते हैं।
सौजन्य: सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# नोएडा के हिंडन नदी क्षेत्र में बिजली कनेक्शन की मांग विधानसभा में उठी

संदीप गर्ग/समाज जागरण



नोएडा, 20 फरवरी 2026। नोएडा के विधायक पंकज सिंह ने विधानसभा में हिंडन नदी के आसपास की कॉलोनियों से जुड़ा अहम जनहित मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में वर्ष 2013-14 के बाद बने घरों को अभी तक बिजली कनेक्शन नहीं मिला, जिससे स्थानीय लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है।
विधायक ने सदन में कहा कि अंधेरा होने के कारण चोरी, दुर्घटना और अन्य आपराधिक घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने सरकार से अस्थायी या शर्तों के साथ बिजली कनेक्शन देने की अनुमति देने का आग्रह किया।

**अन्य समस्याएँ और समाधान की मांग**

साथ ही विधायक ने सड़क, नाली और खड़ंजा जैसी बुनियादी समस्याओं का भी जिक्र किया और कहा कि अंधेरे के कारण इन मार्गों पर आवागमन जोखिम भरा हो गया है। उन्होंने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए बनाई गई हाई पॉवर कमेटी की सिफारिशों को जल्द लागू करने की भी मांग की।

विधायक पंकज सिंह ने स्पष्ट किया कि यह केवल बिजली का मुद्दा नहीं, बल्कि हजारों परिवारों की सुरक्षा और जीवन से जुड़ा सवाल है, जिस पर सरकार को संवेदनशीलता के साथ तत्काल निर्णय लेना चाहिए।

# थाना सेक्टर-39 पुलिस ने अवैध शस्त्र के साथ युवक को गिरफ्तार

संदीप गर्ग/समाज जागरण



नोएडा, 20 फरवरी 2026। नोएडा सेक्टर-39 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सिन्टू कुमार पुत्र उदय को महर्षि आश्रम गेट नं0-1 के पास से गिरफ्तार किया।
अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा (.315 बोर) बरामद किया गया।
गिरफ्तार अभियुक्त पश्चिम सन्हा, बेगूसराय (बिहार) का मूल निवासी है और वर्तमान में ग्राम सलारपुर, थाना सेक्टर-39, गौतमबुद्धनगर में रहता है। अभियुक्त की उम्र 21 वर्ष बताई गई है।
पूछताछ में पता चला कि अभियुक्त का पुराना आपराधिक इतिहास भी है और पहले कई मुकदमे उसके खिलाफ पंजीकृत हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है और अवैध तमंचा अपने कब्जे में ले लिया है।

# टीएमयू का वैश्विक फाउंडेशन, एएलआईएफ के संग एमओयू

**टीएमयू के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन बोले, अब हमारे स्टुडेंट्स को वैश्विक मेंटरशिप, नेतृत्व प्रशिक्षण, रोजगारोन्मुख अवसर और इंटरनेशनल एल्युमिनाई नेटवर्क से जुड़ने के मिलेंगे अवसर**

समाज जागरण

दुनिया के नामचीन हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के प्रोफेसर्स की ओर से समर्थित वैश्विक फाउंडेशन एएलआईएफ के संग तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद ने एमओयू साइन किया है। इस वैश्विक एमओयू के मूल में टीएमयू के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन के विजन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। एस्पायरिंग लीडर्स इंडिया फाउंडेशन की ओर से एस्पायर इंडिया के लीड एमएंडई एंड एल्युमिनाई इंगेजमेंट श्री विग्नेश पी, जबकि टीएमयू की ओर से डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने हस्ताक्षर किए हैं। श्री विग्नेश बोले, एमओयू का मकसद मॉडर्न एजुकेशनल मॉडल्स के संग-संग एआई बेस्ड एजुकेशन, कम्युनिटी लीडरशिप, इन्नोवेशन और लर्निंग इफेक्ट को



बढ़ाना है। एमओयू के समय टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। उल्लेखनीय है, टीएमयू के ईडी श्री अक्षत जैन और एएलआईएफ से संबद्ध श्री विग्नेश पी के बीच दुनिया के शैक्षणिक परिदृश्य में तेजी से हो रहे बदलाव को लेकर परस्पर गहरी समझ है। एमओयू के बाद ईडी श्री जैन बोले, हमारे स्टुडेंट्स को अब वैश्विक मेंटरशिप, नेतृत्व प्रशिक्षण, रोजगारोन्मुख अवसर और इंटरनेशनल एल्युमिनाई नेटवर्क से जुड़ने के अवसर मिलेंगे।
एमओयू से पूर्व मेडिकल एलटी में सीटीएलडी की ओर से आयोजित ओरियंटेशन सत्र में लीड एमएंडई एंड एल्युमिनाई इंगेजमेंट श्री विग्नेश पी बोले, मौजूदा समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व और वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करना है। उन्होंने टीएमयू स्टुडेंट्स को अवसरों की पहचान कर स्वंय को भविष्य के लिए तैयार करने हेतु प्रेरित किया। आज का स्टुडेंट केवल ज्ञान प्राप्तकर्ता नहीं, बल्कि परिवर्तन का नेतृत्व करने वाला होना चाहिए। इसके अलावा श्री विग्नेश पी का यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ शैक्षणिक नेतृत्व के संग राउंड टेबिल डिस्कशन भी हुआ, जिसकी थीम इम्पॉवरिंग फर्स्ट जनरेशन लीडरशिप, एम्प्लायएबिलिटी एंड फ्यूचर स्किल रही। ओरियंटेशन सत्र में तीन सौ स्टुडेंट्स के संग-संग सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट- सीटीएलडी के डायरेक्टर श्री पंकज कुमार सिंह, एसोसिएट डीन अकेडमिक्स डॉ. अमित कंसल, सीटीएलडी के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. दिलीप दत्त वार्ष्णेय, सीओई, टिमिट आदि कॉलेजों की भी फैकल्टी मौजूद रही।

# नोएडा पुलिस ने सेक्टर-39 में मॉल और प्रमुख मार्गों पर की फुट पेट्रोलिंग, सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण

नोएडा, 20 फरवरी 2026। सीपी नोएडा के निदेर्शानुसार ज्वाइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस नोएडा द्वारा एसीपी 1 नोएडा एवं नोएडा पुलिस के साथ थाना सेक्टर-39 क्षेत्रान्तर्गत मॉल और प्रमुख मार्गों पर फुट पेट्रोलिंग कर सुरक्षा





व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने यातायात व्यवस्था सुचारू एवं व्यवस्थित बनाए रखने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सतर्कतापूर्वक जांच करने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु दिशा-निर्देश दिए।
साथ ही, सभी पीसीआर और पीआरवी वाहनों को क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहने और त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और अपराध पर कड़ी नजर रखी जा सके। पुलिस ने कहा कि इस तरह की निरीक्षण एवं पेट्रोलिंग अभियान से न केवल अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी बल्कि जनता में सुरक्षा की भावना भी मजबूत होगी।

# शिवशक्ति धाम डासना में ब्राह्मण बेटियों रुचि तिवारी और मेघा लावण्या का भव्य अभिनंदन

संदीप गर्ग/समाज जागरण



गाजियाबाद, 20 फरवरी 2026। आज शिवशक्ति धाम, डासना में सनातन धर्म की अस्मिता के प्रतीक मानी जाने वाली ब्राह्मण बेटियाँ रुचि तिवारी और मेघा लावण्या का भव्य अभिनंदन और सम्मान किया गया।
इस अवसर पर पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज और विश्व धर्म संसद की मुख्य संयोजक डॉ. उदिता त्यागी उपस्थित रहे।
डॉ. उदिता त्यागी ने ट्वीट के माध्यम से कहा: "हमारी अस्मिता की प्रतीक रुचि तिवारी और मेघा लावण्या को नुकसान पहुँचाने वाले को खा जायेगे हममहामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी"
कार्यक्रम में रुचि तिवारी और मेघा लावण्या का उनके साथियों के साथ शिवशक्ति धाम डासना में भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सनातन धर्म और ब्राह्मण अस्मिता के संरक्षण का संदेश साझा किया।

# पंडित धीरेन्द्र शास्त्री की हनुमंत कथा के लिए प्रयागराज के व्यापारी एकजुट

संदीप गर्ग/समाज जागरण




प्रयागराज, 20 फरवरी 2026। प्रयाग उत्थान समिति के तत्वावधान में ठाकुर हरनारायण सिंह पी.जी. कॉलेज के सभागार में आयोजित बैठक में शहर के व्यापारी मंडल के पदाधिकारियों ने बाबा बागेश्वर धाम धीरेन्द्र शास्त्री की हनुमंत कथा को सफल बनाने के लिए एकजुट होने का संकल्प लिया।
समिति के अध्यक्ष डा. उदय प्रताप सिंह ने कहा कि यह कथा प्रयागराज में विराट स्वरूप ले रही है, जिसमें व्यापारी बंधुओं का विशेष योगदान रहेगा। उन्होंने बताया कि इस आयोजन की सफलता पूरी तरह से व्यापारी समाज की सहभागिता पर निर्भर करेगी।
उन्होंने आगे कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान 11 फरवरी को भव्य होली महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव में प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल और हंसराज रघुवंशी अपनी प्रस्तुति देंगे, जबकि वृंदावन के कलाकारों द्वारा फूलों की होली का आयोजन किया जाएगा।

**व्यापारी समाज की सहभागिता**

बैठक में उपस्थित प्रयाग व्यापार मंडल के अध्यक्ष राणा चावला, महिला अध्यक्ष अवंतिका टंडन सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि बाबा बागेश्वर धाम धीरेन्द्र शास्त्री की विराट हनुमंत कथा प्रयागराज का गौरव बढ़ाएगी, और इसे सफल बनाने के लिए सभी व्यापारी एकजुट हैं।

बैठक का संचालन महामंत्री अभिषेक ठाकुर ने किया। अन्य प्रमुख उपस्थितियों में विनय प्रताप सिंह, राजेश केसरवानी, धर्मेंद्र द्विवेदी, पार्षद साहिल अरोरा, अभिलाष केसरवानी, रामलोचन साहू, ओम प्रकाश अग्रहरि तथा सैकड़ों व्यापारी एवं पदाधिकारी शामिल रहे।

# अलीगढ़ पुलिस ने फर्जी फर्म से टैक्स चोरी करने वाले गिरोह के 4 अभियुक्त गिरफ्तार

अलीगढ़, 20 फरवरी 2026। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा आर्थिक अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के तहत एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई। अलीगढ़ पुलिस ने फर्जी व्यवसायिक फर्म के माध्यम से टैक्स चोरी कर राजस्व को नुकसान पहुँचाने वाले 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्तों ने फर्जी फर्म रजिस्टर्ड कराकर ड्र4.70 करोड़ के फर्जी बिलों पर खरीद-बिक्री दिखाई, जिससे लगभग 70 लाख की इनपुट टैक्स क्रेडिट बनाई गई। इस तरह से उन्होंने सरकार के राजस्व को भारी नुकसान पहुँचाया।

# असलाह सहित अभियुक्त पकड़ा

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फि रोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस ने एक अभियुक्त को पकड़ा है। उसके पास से पुलिस ने असलाह बरामद किया है। पुलिस ने उसे जेल भेजा है।



थाना दक्षिण ने पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त को किरन मैरिज होम नगला मोती से गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए अभियुक्त का नाम पुलिस ने प्रतीक पुत्र प्रमोद कुमार बताया है। वह ब्राहमण चौराहा हिमायुपुर थाना दक्षिण का रहने वाला है।

पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा 315 बोर तथा 3 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किए है।

गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर उसके खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उसे जेल भेजा गया।

# नसबंदी ऑपरेशन के दौरान महिला की हालत बिगड़ी

## - जसराना से रेफर होकर आई महिला
## - परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद !थाना जसराना के गांव नगला पीपल निवासी 35 वर्षीय संगीता देवी पत्नी बबलू के दो पुत्र और चार पुत्रियां है बबलू मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है बबलू का कहना है क्षेत्र की एक आशा कार्य कत्री जसराना हॉस्पिटल नसबंदी ऑपरेशन कराने के लिए ले गई थी जहां ऑपरेशन के दौरान संगीता की हालत बिगड़ गई और उसे ब्लीडिंग शुरू हो गई जिसकी वजह से अस्पताल में हड़कंप मच गया सूचना उच्चअधिकारियों को दी गई और महिला को उपचार के लिए सरकारी ट्रामा सेंटर रैफर कर दिया जहां उसका उपचार चल रहा है!



# टेट की अनिवार्यता को लेकर संघर्ष का ऐलान

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। ब्लॉक संसाधन केंद्र उत्तर प्रदेश में प्राथमिक शिक्षा संघ शाखा विकास क्षेत्र काशी विद्यापीठ वाराणसी के कार्य समिति तथा संघर्ष समिति के पदाधिकारी की बैठक साथ कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई अध्यक्ष सनद कुमार सिंह द्वारा सभी पदाधिकारी के ट्यूटर अंदर की जांच की गई सभी पदाधिकारी गढ़ व शिक्षकों को ट्विटर हैंडल एक्टिव रहने को कहा




गया टेट लागू होने से पूर्व नियुक्ति शिक्षकों को टेट की अनिवार्यता लागू किए जाने के विरुद्ध होने वाले आंदोलन के लिए सतत प्रयत्नशील रहने को कहा टेट के विरुद्ध अपनी आवाज के पक्ष में सोई हुई सरकार को जागने के लिए सोशल मीडिया पर सक्रिय रूप से पोस्ट करने का अभ्यास भी कराया लाखों शिक्षकों के हनुमान डॉक्टर दिनेश चंद्र शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया व प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा संघ के निर्देशन में नॉटेड बिफोर आरटीई एक्ट को लेकर 22 फरवरी को अभियान चलाया जाएगा 23 से 25 फरवरी तक सभी शिक्षक विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे सनत कुमार सिंह ने कहा 26 फरवरी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय प्रधान प्रदर्शन कर एवं पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सपा जाएगा सरकार द्वारा मांगना मानी गई तो मार्च के तीसरे सप्ताह में दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली का आयोजन किया जाएगा।समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से अनूप कुमार सिंह,सान्तेश्वर मिश्र,मनोज कुमार,राजेश सिंह,संजय राय,दरोगा सिंह,डॉ सिद्धनाथ पांडेय,प्रमोद कुमार,ललित सिंह,विजयलाल गुप्ता,ज्योतिषचंद्र, ज्ञानचंद,राजेन्द्र राय,शैलेंद्र सहाय,संतोष शर्मा,श्रीपादबल्लभ वक्षी,राज कुमार,रीना सिंह,उषा सिंह,चंद्रावती शर्मा,पुष्पा देवी, प्रियंका,अंजूलता सिंह,रीना,वन्दना,चन्द्रा आदि उपस्थित रहे।संचालन राजेश सिंह ने किया।

# एआई इम्पैक्ट समिट में बनी व्यापक आम सहमति, सभी बड़े देशों ने घोषणा पत्र पर किए हस्ताक्षर

**दैनिक समाज जागरण**

समिट के दौरान सरकार को एआई बुनियादी ढांचे के लिए 250 अरब डॉलर से ज्यादा के निवेश के वादे किए गए केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कहा कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) के विकास से जुड़े लगभग सभी प्रमुख देशों ने एआई इम्पैक्ट समिट में नई दिल्ली घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। समिट के दौरान सरकार को एआई बुनियादी ढांचे के लिए 250 अरब डॉलर से ज्यादा के निवेश के वादे किए गए।

वैष्णव ने कहा कि घोषणापत्र का ब्योरा शनिवार को घोषित होने की उम्मीद है क्योंकि सरकार चाहती है कि इस पर अधिक से अधिक देश हस्ताक्षर करें। वैष्णव ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, ह्यशनिवार को समिट के समापन तक हमारे पास घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले 80 से ज्यादा लोग होंगे। घोषणा पत्र पर व्यापक आम सहमति है। हम बस इस पर हस्ताक्षर करने वालों की संख्या को अधिकतम करना चाहते हैं।

# होली व ईद-उल-फितर पर चौकसी के एसएसपी ने दिए निर्देश

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। एसएसपी ने राजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारीयो के साथ जनपद की क्राइम समीक्षा की। आगामी त्योहारों को लेकर देखती बरतने को कहा।




एसएसपी ने रिजर्व पुलिस लाईन स्थित सभागार में समस्त राजपत्रित अधिकारी व समस्त थाना प्रभारियों के साथ जनपद की क्राइम समीक्षा की।

उन्होंने जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। महिला अपराधों पर अंकुश लगाने को कहा। महिला अपराधों के अभियुक्त के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

लम्बित विवेचनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को उन्होंने निर्देशित किया। रात्रि गश्त को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

एसएसपी ने आगामी ईद-उल-फितर व होली के त्योहारों को सकुशल एवं सुरक्षित रूप से संपन्न कराए को कहा। जनपद में उत्कृष्ट पुलिसिंग के लिए समस्त राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# अपर जिला अधिकारी ने निर्वाचन कार्यो की समीक्षा की कार्यों को समय से पूरा करने के दिए निर्देश

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। अपर जिलाधिकारी विशु राजा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में समस्त सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के साथ निर्वाचन विशेष संक्षिप्त प्रंगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, बैठक में निर्वाचन कार्यो की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के कडे.निर्देश दिए गए, सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्वाचन से संबंधित नोटिस डिलीवरी का कार्य 26 फरवरी तक अनिवार्य रूप से शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाए, बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए की सभी बी0एल0ओ0 अनिवार्य रूप से क्षेत्र भ्रमण करेंगे, साथ ही घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे, निर्धारित तिथियां पर अपने बूथों पर उपस्थित रहेंगे, जी0ओ0 लोगिग पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहे, डाटा का मौके पर जाकर भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए, ताकि मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित की जा सके, फॉर्म-6 अधिक से अधिक भरवाने पर जोर दिया गया, विशेष रूप से 18 से 19 आयु वर्ग के युवाओं जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं है।




समीक्षा के दौरान जिन अधिकारियों एवं कार्मिकों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है, उन्हें चेतावनी दी गई, बैठक में स्पष्ट किया गया कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी प्रकार की शीथिलता अक्षम्य होगी, प्रशासन का लक्ष्य एक पारदर्शी शुद्ध और समावेशी मतदाता सूची तैयार करना है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता मताधिकार से वंचित न रहे, बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक और अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, डिप्टी कलेक्टर अनुराधा सिंह सहित अधिकारी उपस्थित रहें!

# जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर द्वारा ईवीएम एवं स्ट्रांग रूम का किया त्रैमासिक निरीक्षण, सभी व्यवस्थाएं मिली दुरुस्त

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा भूतल स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सील्ड तालों को खुलवाकर विधानसभा वार संरक्षित ईवीएम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईवीएम सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गईं। तदुपरांत उनके द्वारा झंडापुर स्थित वीवी पेट वेयरहाउस का विस्तृत निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा भूतल स्थित विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के वी वी पेट कक्षों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिक्योरिटी, विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जो मानक के अनुरूप संचालित पाई गईं। निरीक्षण के दौरान ईवीएम के रख रखाव व सुरक्षा के दृष्टिगत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति जताई और सुरक्षा के इंतजाम देख कर संतोष व्यक्त किया।



इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, भाजपा से धीर सिंह, सपा से अखलाक अहमद उर्फ पप्पू, बसपा से मुहम्मद सिद्दीक तथा कांग्रेस पार्टी से अनिल त्यागी एवं काजी आतिफ मौजूद थे।

# वाराणसी: परिवहन मेला 2026 में वाहन स्वामियों को OTT कर प्रणाली की जानकारी

**दैनिक समाज जागरण**

सम्भागीय परिवहन कार्यालय, वाराणसी में 20 फरवरी, 2026 को परिवहन मेला झ 2026 के प्रथम दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक हुआ। इस मेले का मुख्य उद्देश्य वाणिज्यिक वाहनों (सकल वाहन भार 7500 किलोग्राम तक) के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई नवीन एकमुश्त कर (One Time Tax – OTT) संरचना के प्रति वाहन स्वामियों और संचालकों में व्यापक जागरूकता पैदा करना था।







सत्र की अध्यक्षता सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) श्री राघवेन्द्र सिंह ने की, जबकि सहायक सम्भागीय अधिकारी श्री मनोज प्रसाद वर्मा, सहायक सम्भागीय अधिकारी (प्रवर्तन) श्री सुधांशु रंजन और सम्भागीय निरीक्षक श्री प्रमेन्द्र संतप्त सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

मेले में उपस्थित वाहन स्वामियों एवं परिवहन व्यवसायियों को OTT कर प्रणाली के लाभ, प्रावधान और अनुपालन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इस नई व्यवस्था से कर भुगतान प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक होगी, साथ ही विलंब के कारण लगने वाले दंडात्मक कर भार से भी राहत मिलेगी।

साथ ही विभाग के अधिकारियों द्वारा परामर्श शिविर आयोजित कर प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया गया और उन्हें शासन की नवीन नीतियों के प्रति जागरूक किया गया। मेले में बड़ी संख्या में वाहन स्वामियों एवं परिवहन क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों ने भाग लेकर इस पहल की सराहना की।

परिवहन मेला दिनांक 21 फरवरी, 2026 को भी प्रातः 11:00 बजे से सारथी भवन, सम्भागीय परिवहन कार्यालय, वाराणसी में आयोजित होगा, जिसमें अधिक से अधिक वाहन स्वामियों एवं आमजन से सहभागिता करने की अपील की गई है।

# साझेदारी आधारित विकास को बल: वाराणसी में 32 स्वयंसेवी संस्थाओं की कन्वर्जेंस कार्यशाला आयोजित

## सामूहिक नेतृत्व की ओर कदम: वाराणसी में स्वयंसेवी संस्थाओं की कन्वर्जेंस कार्यशाला आयोजित

**दैनिक समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

जनपद वाराणसी में कार्यरत स्वयंसेवी संस्थाओं के मध्य समन्वय एवं सामूहिक प्रयासों को सशक्त बनाने हेतु एक कन्वर्जेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया। शहर स्थित एक स्थानीय होटल में आयोजित यह कार्यक्रम पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से सम्पन्न हुआ, जिसमें जनपद की 32 संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई, कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विभिन्न हितधारकों, साझेदार संगठनों तथा फील्ड स्तर पर कार्यरत टीमों के बीच प्रभावी संवाद स्थापित करना और संसाधनों के बेहतर उपयोग के माध्यम से जनहितकारी कार्यक्रमों की गुणवत्ता बढ़ाना रहा।





कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी संस्थाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, किशोर-किशोरी विकास, आजीविका संवर्धन एवं सामुदायिक सशक्तिकरण जैसे विषयों पर अपने अनुभव साझा किए। संवाद सत्र में जमीनी स्तर पर आने वाली चुनौतियों, प्रशासनिक समन्वय, समुदाय की सहभागिता तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने आपसी सहयोग को बढ़ाने, सूचना के नियमित आदान-प्रदान और संयुक्त कार्ययोजना तैयार करने पर बल दिया। इस अवसर पर पिरामल फाउंडेशन के सन्तोष सिंह, सीनियर प्रोग्राम मैनेजर, ने कहा कि जनपद स्तर पर संस्थाओं के बीच निरंतर संवाद से विकास कार्यक्रमों की प्रभावशीलता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। उन्होंने सभी संगठनों से साझा उद्देश्य के साथ मिलकर कार्य करने की अपील की। कोर टीम सदस्य जयनेन्द्र पाठक ने कन्वर्जेंस की अवधारणा को व्यवहारिक रूप देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए नियमित समीक्षा बैठकें और समन्वित कार्यप्रणाली अपनाने का सुझाव दिया। उन्होंने जनपद में बड़ी संस्थाओं की सहभागिता बढ़ाने की आवश्यकता भी व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी संस्थाओं ने समन्वित कार्ययोजना तैयार कर नियमित संवाद बनाए रखने का संकल्प लिया। यह कार्यशाला जनपद में सहयोग एवं साझेदारी आधारित विकास मॉडल को नई दिशा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई। इस दौरान प्रोग्राम मैनेजर चन्द्रशेखर सिंह, राकेश जी, मनोज सहित सभी कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# नगर पालिका परिषद सिरसागंज ने अश्वनी जैन का राज्य अध्यापक पुरस्कार में चयन होने पर किया सम्मानित

**समाज जागरण**

सिरसागंज ! नगर पालिका परिषद , सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर एवं श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने, नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टी एल एम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, विद्यार्थियों को संसद, चुनाव आदि की जानकारी एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है।



नगर पालिका परिषद, सिरसागंज की अध्यक्ष श्रीमती रंजना सिंह, डॉ गुरुदत्त सिंह ने उन्हें शुभकामनाएं प्रदान करते हुए बताया कि अश्वनी जैन विगत वर्षों से नगर पालिका परिषद, सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। वे विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। इसके साथ नगर सिरसागंज के विभिन्न प्रशासनिक कार्यों में पूर्ण सहयोग प्रदान करने के साथ जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्यवक की भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हैं। जिससे जनपद एवं नगर की प्रतिभाएं राज्य स्तर तक प्रतिभाग कर रही हैं। अश्वनी कुमार जैन ने नगर पालिका परिषद, सिरसागंज श्रीमती रंजना सिंह, डॉ गुरुदत्त सिंह के साथ अपने परिवार, समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर निखिल जैन, साबिन बेगम, काजल, मानवेन्द्र सिंह, विनीत यादव, शैलेन्द्र यादव, विनीता आदि उपस्थित रहे।

# बिजनौर में रोडवेज बस में महिला कंडक्टर और ड्राइवर से मारपीट, तोड़फोड़; जांच में जुटी बिजनौर पुलिस

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर कोतवाली शहर क्षेत्र में बिजनौर से चांदपुर जा रही रोडवेज बस संख्या यूपी 23 बीटी 3542 में महिला कंडक्टर और चालक के साथ मारपीट तथा बस में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। घटना चांदपुर चुंगी के पास हुई, जहां कुछ यात्रियों का महिला कंडक्टर से विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर बस में सवार युवकों ने महिला कंडक्टर के साथ बदसलूकी और मारपीट शुरू कर दी। महिला कंडक्टर के अनुसार पांच युवक सियाऊ जाने के लिए बस में चढ़े थे। टिकट बनाने के बाद उन्होंने 500 रुपये का नोट दिया। कंडक्टर ने शेष रकम बाद में देने की बात कही, जिस पर युवकों ने आक्रामक व्यवहार करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे बस चालक हेमंत के साथ भी हाथापाई की गई। चालक हेमंत ने बताया कि हमलावरों ने डंडे से बस का शीशा तोड़ दिया और उनके पैर में चोट आई है। बस में सवार यात्री मुनव्वर समेत अन्य प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कंडक्टर द्वारा कुछ लोगों को पीछे जाने के लिए कहने पर विवाद बढ़ा, जिसके बाद महिला कंडक्टर से मारपीट की गई। घटना के बाद 5 से 6 युवक मौके से फरार हो गए। इस मारपीट में महिला कंडक्टर और चालक हेमंत दोनों को मामूली चोटें आई हैं। सूचना पर बिजनौर पुलिस मौके पर पहुंची, घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच शुरू कर दी। कोतवाली प्रभारी राम प्रताप सिंह ने बताया कि यात्रियों और बस स्टाफ के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ है, पुलिस टीम जांच में जुटी है और विधिक कार्रवाई की जा रही है।




# बिजनौर में दो दिवसीय 'परिवहन मेला': OTT टैक्स पर राहत या बढ़ेगा आर्थिक दबाव

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग द्वारा 20 और 21 फरवरी 2026 को उप-सम्भागीय परिवहन कार्यालय परिसर, बिजनौर में दो दिवसीय 'परिवहन मेला' आयोजित किया जा रहा है, जो जनपद के हजारों वाहन स्वामियों के लिए टैक्स प्रणाली को समझने, बकाया निपटाने और भविष्य के आर्थिक दायित्वों को सुव्यवस्थित करने का महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है; परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर आयोजित इस मेले में एकमुश्त कर (OTT–One Time Tax) व्यवस्था पर विशेष फोकस रहेगा, जिसके तहत वाहन के मूल्य के आधार पर एक बार कर जमा कर भविष्य में बार-बार कर भुगतान की प्रक्रिया से मुक्ति पाई जा सकती है, हालांकि एकमुश्त बड़ी राशि जमा करने को लेकर छोटे वाहन स्वामियों में आर्थिक दबाव की आशंका भी व्यक्त की जा रही है; मेले में दो पहिया वाहन, ई-रिक्शा, तिपहिया मोटर कैब, मोटर कैब व मैक्सी कैब, 7500 किलोग्राम तक के हल्के भार वाहन तथा निर्माण एवं विशेष प्रयोजन वाहनों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा; इस आयोजन की खासियत यह है कि यहां केवल जागरूकता नहीं बल्कि ऑन-द-स्पॉट समाधान उपलब्ध होगा, जिसमें OTT टैक्स की विस्तृत गणना व नियमों की जानकारी, कर भुगतान प्रक्रिया का मार्गदर्शन, बकाया कर व समायोजन का मौके पर निस्तारण तथा परिवहन अधिकारियों से सीधा संवाद शामिल है, जिससे बिचौलियों की भूमिका कम होने और पारदर्शिता बढ़ने की उम्मीद है; विशेषज्ञ इस पहल को एक ओर कर प्रणाली में पारदर्शिता, कानूनी जटिलताओं में कमी और अवैध संचालन पर नियंत्रण की दिशा में सकारात्मक कदम मान रहे हैं, तो दूसरी ओर आशंका जता रहे हैं कि एकमुश्त कर की राशि ई-रिक्शा व छोटे कमर्शियल वाहन संचालकों पर नकदी प्रबंधन का दबाव बढ़ा सकती है; बिजनौर में हजारों की संख्या में संचालित ई-रिक्शा, मैक्सी कैब और हल्के कमर्शियल वाहनों को देखते हुए यह मेला स्थानीय परिवहन व्यवस्था और छोटे व्यापारियों की अर्थव्यवस्था को सीधे प्रभावित करेगा; मेला 20 व 21 फरवरी को सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक आयोजित होगा तथा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने सभी वाहन स्वामियों और ट्रांसपोर्ट संगठनों से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर टैक्स संबंधी समस्याओं का समाधान कराने की अपील की है, क्योंकि जो वाहन स्वामी समय रहते OTT को समझकर अनुपालन करेंगे वे भविष्य के जुमार्ने व कानूनी कार्रवाई से बच सकेंगे, जबकि उपेक्षा करने पर आर्थिक और प्रशासनिक कठिनाइयां बढ़ सकती हैं।

# महिलाओं और बेटियों के नेतृत्व सशक्तिकरण पर जोर, नेतृत्वविश्व सामाजिक न्याय दिवस पर विशेष कार्यक्रम

## महिलाओं की भागीदारी से ही संभव सामाजिक न्याय

**दैनिक समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**

लखनऊ विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर इनिशिएटिव फाउंडेशन इंडिया द्वारा सलेमपुर पतौरा स्थित अम्बेडकर पार्क, लखनऊ में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस वर्ष यह दिवस ह्लसामाजिक विकास और सामाजिक न्याय के प्रति नवीकृत प्रतिबद्धताह्व विषय के साथ मनाया जा रहा है। इसी थीम को केंद्र में रखते हुए कार्यक्रम में गरीबी, असमानता और भेदभाव के विरुद्ध सामाजिक जागरूकता तथा न्यायपूर्ण समाज के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया गया।




कार्यक्रम में लगभग 70 महिलाओं एवं बालिकाओं सहित टीम सदस्यों, स्वयंसेवकों और सामाजिक कार्यकताओं ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम का मुख्य फोकस जेंडर जस्टिस, विधिक जागरूकता तथा महिलाओं और बालिकाओं के नेतृत्व सशक्तिकरण पर रहा।

इनिशिएटिव फाउंडेशन निदेशक अमित मिश्रा ने कहा सामाजिक न्याय केवल एक विचार नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की जिम्मेदारी है। महिलाओं और बालिकाओं को नेतृत्व का मंच और कानूनी जागरूकता देना सशक्त समाज की पहली शर्त है।सामाजिक कार्यकर्ता शालिनी जी ने कहा महिलाओं और बेटियों को समान अवसर देना केवल अधिकार का प्रश्न नहीं, बल्कि समाज की प्रगति का आधार है। जेंडर समानता के बिना राष्ट्र निर्माण अधूरा है।

महिलाओं के साथ काम करने वाली राबिया खान ने कहा संवैधानिक और कानूनी अधिकारों की जानकारी ही महिलाओं को भेदभाव और उत्पीड़न के खिलाफ मजबूती से खड़ा करती है।

श्रमिकों के साथ कार्य कर रहे सुरेश ने कहा कमजोर वर्गों और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा ही सामाजिक न्याय की असली कसौटी है।

किशोरी प्रतिभागी मुस्कान और छवि ने कहा हमें शिक्षा, सुरक्षा और समान अवसर चाहिए। जब बेटियाँ नेतृत्व करेंगी, तभी समाज में वास्तविक परिवर्तन आएगा।

कार्यक्रम के अंत में वैभवी, हेमा यादव, श्रृष्टि, सुभाषिनी, शुभी, मुस्कान, छवि, सोनी, गुड़िया, दिवयांशी, सुरेश, नवीन, मुन्नालाल, आदर्श, अमन सहित सभी प्रतिभागियों ने भेदभाव-मुक्त, समान और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण हेतु सामूहिक संकल्प लिया। संस्था ने समाज, समुदाय और मीडिया से महिलाओं एवं बालिकाओं के अधिकारों को प्राथमिकता देने की अपील की।

# दहेज की मांग को लेकर विवाहिता ने लगाया उत्पीड़न का आरोप

---पति समेत आधा दर्जन पर कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने नामजद तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी फातिमा ने बताया कि उसकी शादी लगभग ढाई वर्ष पूर्व गांव लुहारी निवासी आशु पुत्र इरफान के साथ हुई थी। पीड़िता का आरोप है कि शादी के शुरूआती दिनों में सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन कुछ समय बाद पति ने अतिरिक्त दहेज की मांग शुरू कर दी। आरोप है कि पति द्वारा दहेज में मोटरसाइकिल की मांग की जाने लगी और मांग पूरी न होने पर उसके साथ बेल्ट से मारपीट की जाती थी।पीड़िता ने बताया कि करीब चार माह पूर्व पति और ससुराल पक्ष के अन्य लोगों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। तभी से वह अपने मायके में रह रही है। विवाहिता का यह भी आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग लगातार फोन पर गाली-गलौज कर रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता का कहना है कि आए दिन आरोपियों द्वारा किए गए शोषण से पीड़िता व उसके परिवार की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है।महिला ने आरोपी पति सहित ससुराल के लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित महिला को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# विद्युत कर्मी से गाली-गलौज व मारपीट का प्रयास, सरकारी कार्य में बाधा का आरोप

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव डूंडूखेड़ा में विद्युत विभाग के कर्मचारियों और ग्रामीणों के बीच विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला बिजली घर पर तैनात एक विद्युत कर्मी ने गांव के एक व्यक्ति पर गाली-गलौज, मारपीट का प्रयास करने तथा सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। विकासखंड क्षेत्र के गांव डूंडूखेड़ा स्थित बिजली घर पर तैनात अवर अभियंता सत्यप्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि विभाग का लाइनमैन निजाम गांव में एक विद्युत पोल पर चढ़कर खराब सर्विस लाइन को ठीक कर रहा था। इसी दौरान गांव का एक व्यक्ति मौके पर पहुंच गया और लाइनमैन के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी।आरोप है कि उक्त ग्रामीण ने लाइनमैन को पोल से नीचे उतरने के लिए दबाव बनाया और नीचे आते ही उसके साथ मारपीट करने का प्रयास किया। इतना ही नहीं, उसने सरकारी कार्य में भी बाधा उत्पन्न की, जिससे मरम्मत कार्य प्रभावित हुआ। घटना के बाद अवर अभियंता और लाइनमैन ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। गौरतलब है कि लगभग एक सप्ताह पूर्व भी ग्रामीणों और विद्युत विभाग के बीच मारपीट हुई थी और कई दिन पूर्व भाजपा नेता का भी विद्युत कर्मियों के साथ बहस करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# दाह संस्कार से लौट रहे व्यक्ति पर चाकूओं से जानलेवा हमला को सौंपा

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग )**

दाह संस्कार से लौट रहे एक व्यक्ति से मारपीट करते हुए चाकूओं से जान लेवा हमला किया गया। आरोप है कि व्यक्ति से गांव के ही कुछ लोगों ने खेत में कार्य करने का दबाव बनाया था। पीडित ने मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव कुडाना खुर्द निवासी प्रदीप कुमार पुत्र श्याम सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गत 19 फरवरी की शाम वह एक व्यक्ति की मौत के बाद दाह संस्कार कराने के बाद वापस अपने घर लौट रहा था। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही रामस्वरूप की टयूबैल से आगे कल्लू मिला और उसने खेत में कार्य करने का दबाव बनाया। इंकार करने पर मारपीट की गई। आरोप है कि कल्लू ने चाकू निकालकर कई वार किए। जिससे वह घायल हो गया। शोर शराबा सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीणों ने किसी तरह जान बचाई। यही नही गाली गलौच करते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग गया। पीडित ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। पुलिस ने मामले में जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# जिला संयुक्त चिकित्सालय में रखा जनरेटर हुआ खराब, विधुत आपूर्ति बाधित

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) जिला संयुक्त चिकित्सालय में रखे जनरेटर में खराबी आने से अस्पताल की विद्युत आपूर्ति बाधित रही। हालाकि बिजली आपूर्ति



बहाल रहने से जनरेटर के खराब होने का असर अस्पताल पर नही पडा। गुरूवार देर रात्रि जिला संयुक्त चिकित्सालय में रखे जनरेटर में अचानक खराब आ गई। जिससे बिजली बाधित हो गई थी। शुक्रवार सवेरे सीएमएस डा. किशोर आहुजा ने तुरंत मेकेनिक को बुलाया और जनरेटर में पंप में आई खराबी को दुर कराया। जनरेटर दोपहर बाद तक ठी हो सका। हालाकि दिनभर विद्युत आपूर्ति बहाल रही। बिजली बंद होने से जनरेटर खराब होने का असर अस्पताल पर नही पडा।

# गर्भवती को लात मारकर घायल करने का आरोप

**समाज जागरण**

कैराना। एक महिला ने गर्भवती बेटी के पेट में लात मारकर घायल करने का आरोप लगाया है। मोहल्ला आलकलां निवासी सईदा ने कोतवाली में तहरीर दी। आरोप लगाया कि गुरुवार की रात्रि करीब साढ़े नौ बजे मोहल्ले के ही दो सगे भाई अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ अपने हाथों में लाठी–डंडे लेकर घर में घुस आए तथा मारपीट की। महिला ने बताया कि आरोपियों ने उसकी गर्भवती बेटी के पेट में लात मारी, जिस कारण वह घायल हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुय कर दी है।

# प्रतिबंधित मांगुर मछली पालने का आरोप, की शिकायत

**समाज जागरण**

कैराना। एक व्यक्ति ने तालाब में प्रतिबंधित मांगुर मछली पालने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। मोहल्ला आलकलां निवासी जुल्फिकार ने डीएम के नाम उनकी गैरमौजूदगी में एडीएम को शिकायती पत्र दिया। आरोप है कि नगर के मायापुर रोड पर तालाब में कुछ लोगों के द्वारा प्रतिबंधित मांगुर मछली पाली जा रही है, जबकि मांगुर मछली पालन पर उच्च न्यायालय व सरकार के द्वारा प्रतिबंध लगाया हुआ है। मांगुर मछली पालने के बाद दिल्ली आदि में सप्लाई की जा रही है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। मामले में एडीएम ने एसडीएम कैराना को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

# अवैध चाकू के साथ युवक गिरफ्तार, पुलिस ने किया चालान

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र में पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया।उपनिरीक्षक सुनील दत्त पुलिस टीम के साथ कैराना मार्ग पर एक स्कूल के निकट सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस को एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया, जो पुलिस को देखते ही भागने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर युवक के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ।




पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आबाद बैग निवासी मोहल्ला खेल, कांधला बताया।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शुक्रवार को न्यायालय के समक्ष पेश करते हुए चालान कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार अभियान जारी रहेगा।

# जन्नत का रास्ता सब्र और कुबार्नी से होकर गुजरता है, मौलाना अय्यूब

**समाज जागरण**

शामली। (फुरकान जंग ) माहे रमजान के दूसरे रोजे में ब्यान करते हुए मोलाना अय्यूब मिफ्ताही ने कहा कि खुदा ने अपनी उम्मत के लिए अहम हिदायतें बयान की गई हैं।

बताया गया है कि जब नमाज फर्ज हुई तो मुसलमान बैतुल मुकद्दस की तरफ रुख कर के नमाज अदा करते थे। लेकिन नबी मुहम्मद साहब की दिली ख्वाहिश थी कि किब्ला बैतुल हराम को बना दिया जाए। अल्लाह ने अपने हबीब की तमन्ना को पूरा फरमाते हुए काबा को किब्ला मुकर्रर कर दिया। इस पर कुछ लोगों ने एतराज किया, जिस पर अल्लाह ने वाजेह कर दिया कि मशरिक और मगरिब सब उसी के हैं, और किब्ले की तब्दीली इम्तिहान है कि कौन रसूल का सच्चा पैरोकार है। अल्लाह



ने अपने बंदों को तुम सब्र व नमाज से मदद मांगने का हुक्म दिया, क्योंकि बेशक अल्लाह सब्र करने वालों के साथ है। उन्होने बताया कि आगे चलकर हक कि नेकी की तशरीह की गई कि असल भलाई सिर्फ मशरिक या मगरिब की तरफ रुख कर लेने में नहीं, बल्कि अल्लाह, आखिरत, फरिश्तों और तमाम नबियों पर ईमान लाने, नमाज कायम करने, जकात अदा करने, वादे पूरे करने और तंगी व खुशहाली में सब्र करने में है। जिनका मकसद इंसाफ और समाज में अमन कायम रखना है। साथ ही रमजान के रोजों की फजीलत बयान करते हुए मुसाफिरों और बीमारों को रियायत दी गई कि वे बाद में छूटे रोजे पूरे कर सकते हैं। कहा कि अल्लाह ने पिछली उम्मतों के मोमिनों की आजमाइशों का जिक्र कर के यह हकीकत वाजेह की कि जन्नत का रास्ता सब्र और कुबार्नी से होकर गुजरता है। सहाबा-ए-कराम ने इन्हीं हिदायतों पर अमल करते हुए बेमिसाल सब्र और इस्तिकामत का मुजाहिरा किया। आगे शराब और जुए के नुकसानात बयान कर के उनसे बचने की ताकीद की गई।

# एनएसएस प्रथम एक द्वितीय इकाई के एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। एनएसएस की प्रथम एवं द्वितीय इकाई के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. नीना छोकरा ने किया। इस अवसर पर प्रथम इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार कनौजिया, तृतीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी नारायण सिंह, गिरीश नारायण यादव, निर्भय सिंह एवं कुनाल सिंह उपस्थित रहे। प्राचार्या डॉ. नीना छोकरा ने अपने संबोधन में स्वच्छता अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत और विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब युवा वर्ग सक्रिय भागीदारी निभाएगा।



प्रथम इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार कनौजिया ने एनएसएस के लक्ष्य गीत एवं उद्घोष गीत की व्याख्या करते हुए एनएसएस के उद्देश्यों और उसके सामाजिक महत्व को रेखांकित किया। वहीं तृतीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी नारायण सिंह ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत और स्वच्छ भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के विषय में सारगर्भित व्याख्यान दिया। शिविर के दौरान स्वयं सेवकों एवं स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई का कार्य किया। कार्यक्रम में शिखा, साक्षी, सलोनी, प्राची, सुनैना, गौतम, देव कुमार सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# विज्ञान, कला एवं कंप्यूटर विषयों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। शहर के रेलवे रोड स्थित श्री सत्यनारायण शिशु मंदिर में कक्षा पांच तक के बच्चों द्वारा विज्ञान, कला एवं कंप्यूटर विषयों पर आधारित प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने आकर्षक प्रोजेक्ट मॉडल प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। शुक्रवार को कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष राजीव संगल, प्रबंधक सुशील कुमार गर्ग तथा सत्यनारायण इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल शर्मा व प्रधानाचार्य उमेश शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने



प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। अध्यक्ष राजीव संगल ने इस प्रकार के आयोजनों को बच्चों का मनोबल बढ़ाने वाला बताया और विद्यालय स्टाफ की सराहना की। प्रधानाचार्य उमेश शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए भविष्य में भी इस तरह की रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाती रहेंगी। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# राज्यपाल एवं सीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) राष्ट्रीय बाल्मीकि समाज प्रतिनिधि मंच व भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के पदाधिकारियों ने स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान को लेकर एसडीएम सदर अर्चना शर्मा के माध्यम से राज्यपाल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद झंझोट व चौधरी राजवीर सिंह मुंडेट के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने आउटसोर्स व संविदा सफाई कर्मचारियों को घोषित 20 हजार वेतन लागू करने, छठे व सातवें वेतनमान का लाभ देने तथा वर्ष 2006 से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की।




कोरोना काल में काटे गए वेतन के भुगतान की भी मांग उठाई गई। ज्ञापन में पंसारियान स्थित वाल्मीकि बारात घर को कब्जा मुक्त कराने, पूर्व में हटाए गए आउटसोर्स कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति, भ्रष्टाचार पर रोक लगाने तथा वाल्मीकि समाज के युवाओं को रोजगार व कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराने की मांग भी शामिल है। इस अवसर पर डायरेक्टर योगेंद्र चौधरी, सत्येंद्र चौधरी, बिजेंद्र, नंदूप्रसाद वाल्मीकि,मुकेश वाल्मीकि, अरुण झंझोट, कविता देवी आदि मौजूद रहे।

# सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय , द्वारका , नई दिल्ली में विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग (डीओएसजेई), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने आज नई दिल्ली के द्वारका स्थित राष्ट्रीय विधि विश्व विद्यालय में विश्व सामाजिक न्याय दिवस को देश के संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक पाठ पर केंद्रित एक गंभीर एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम के साथ मनाया।

इस अवसर पर केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री श्री बी. एल. वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और मुख्य भाषण दिया। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय भारत की संवैधानिक संरचना की नींव है और कहा कि शासन को प्रत्येक नागरिक के लिए गरिमा, समानता एवं समान अवसर सुनिश्चित करने का निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि सार्थक विकास केवल आर्थिक प्रगति में ही नहीं बल्कि समाज के सबसे कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण में भी दिखाई देता है। मंत्री ने अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों, दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के उत्थान के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की। उन्होंने शिक्षा, कौशल विकास एवं कल्याणकारी पहलाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के महत्व पर बल दिया जिससे विकास अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंच सके। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण क्षण केंद्रीय मंत्री के नेतृत्व में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ था, जिसमें छात्र, शिक्षक, वरिष्ठ नागरिक, राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण के अधिकारी, ब्रह्मा कुमारी के प्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी शामिल हुए

# ट्रक की चपेट में आई बाइक, नंबर प्लेट टूटने पर महिला का हंगामा

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

कस्बे के गंगेरू बस स्टैंड पर शुक्रवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक ट्रक ने एक बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार दंपत्ति बाल-बाल बच गए, लेकिन बाइक की नंबर प्लेट क्षतिग्रस्त हो गई। नंबर प्लेट टूटने से आक्रोशित महिला ने मौके पर ही जमकर हंगामा कर दिया, जिससे गंगेरू मार्ग पर काफी देर तक यातायात प्रभावित रहा।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक पर एक पुरुष और महिला सवार थे, जो किसी कार्य से गंगेरू की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक अनियंत्रित होकर डगमगा गई, हालांकि चालक ने



संभाल लिया और बड़ा हादसा टल गया। हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन बाइक की नंबर प्लेट टूटकर सड़क पर गिर गई।नंबर प्लेट टूटने पर महिला का गुस्सा फूट पड़ा। महिला ने पास में पड़ी ईंट उठा ली और ट्रक चालक को ललकारते हुए बीच सड़क पर खड़ी हो गई। महिला के आक्रोशित तेवर देख आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। कुछ देर तक सड़क पर तीखी नोकझोंक चलती रही। महिला द्वारा सड़क के बीचोंबीच खड़े हो जाने से गंगेरू मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और जाम की स्थिति बन गई। सूचना पर आसपास के दुकानदार और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिला को समझा-बुझाकर शांत कराया और मामले को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने का प्रयास किया। काफी समझाइश के बाद महिला शांत हुई और ट्रक चालक भी मौके से हट गया।मामला काफी देर तक चर्चा मे बना रहा।

# जिलेभर में अमन के साथ अदा की गई रमजान के पहले जुमे की नमाज

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग ) जिलेभर में पहले जुमे की नमाज में मुस्लिमों ने नमाज अदा कर खुदा से देश में अमन चैन कायम करने की दुआ मांगी। मस्जिदों में जुमे की नमाज के दौरान काफी भीड रही। मस्जिदों के बाहर सुरक्षा को लेकर पुलिस फोर्स तैनात किया गया था। वही माहे रमजान को लेकर बाजारों में खरीदारी भी की गई, जिसको लेकर बाजारों में भीड रही।

शुक्रवार को माहे रमजान के दूसरे जुमे की नमाज को लेकर मुस्लिम मोहल्लो, बस्तियों व कालोनियों में चहल पहल रही। सवेरे से ही बच्चे तैयार होने शुरू हो गए थे। जुमे की नमाज को लेकर मस्जिदों में साफ सफाई की गई। मस्जिदों के बाहर कली चूना डाला गया था। दोपहर एक बजे से जुमे की नमाज शुरू हो गई थी। मुख्य रूप से शामली के शाही जामा मस्जिद में जुमे की नमाज अदा कराई गई। जहां मोलाना शौकीन ने जुमे की नमाज अदा कराई और देश में बढती फसाद का खात्मा करने तथा देश में आपसी सौहार्द और भाईचारा कायम करने की खुदा से दुआ मांगी गई। इसके अलावा शहर के फव्वारा चौक स्थित गढीवाली मस्जिद, कलंदशाह स्थित चांद मस्जिद, नूरानी मस्जिद, कलंदर वाली मस्जिद, मोहल्ला पंसारियान स्थित फतेहपुरी मस्जिद, दिल्ली रोड स्थित मदरसा इमदादिया रशीदिया, मनिहारान मस्जिद में जुमे की नमाज को लेक मुस्लिमों की भीड रही। अकीदतमंदों ने खुदा से देश की तरक्की की दुआ मांगी। जुमे की नमाज को लेकर मस्जिदों के बाहर पुलिस फोर्स तैनात रहा। कैराना, कांधला, शामली, गढीपुख्ता, जलालाबाद, थानाभवन, बाबरी आदि स्थानों पर पुलिस ने मस्जिदों के बाहर लगातार गश्त किया और जुमे की नमाज अदा होने तक पुलिस फोर्स तैनात किया था। कई स्थानों पर ड्रोन कैमरों से भी निगरानी रखी गई।

# शिक्षा छह से चौदह वर्ष तक के बच्चे का मौलिक अधिकार, रोहित राणा

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग ) शहर के आरके पीजी कॉलेज में चल रहे एनएसएस के प्रथम, द्वितीय व तृतीय इकाई के विशेष शिविर के पांचवें दिन की शुरूआत स्वयंसेवकों ने मां सरस्वती व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर की। कार्यक्रम का मुख्य विषय सर्व शिक्षा अभियान एवं स्वच्छ भारत मिशन रहा। प्रथम इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोहित राणा ने संविधान के 86वें संशोधन का उल्लेख करते हुए बताया कि शिक्षा अब 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों का मौलिक अधिकार है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, लैंगिक समानता और साक्षरता दर में वृद्धि पर बल दिया। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला। द्वितीय



एवं तृतीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रीतम सिंह एवं कु. गायत्री त्रिपाठी ने सब पढ़ें, सब बढ़ें के नारे की सार्थकता बताते हुए शत-प्रतिशत नामांकन, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और सामाजिक भेदभाव कम करने पर जोर दिया। ग्रामीण क्षेत्रों में खुले में शौच मुक्त अभियान के तहत जागरूकता की आवश्यकता पर भी विचार रखे गए। इस अवसर पर पोस्टर/बैनर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने विभिन्न नारों व कलाकृतियों के माध्यम से शिक्षा और स्वच्छता का संदेश दिया। स्वयं सेवकों ने प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण कार्य भी किया। इसके बाद गोद लिए गांव टिटौली, मुंडेट खुर्द व मुंडेट कलां में जागरूकता रैली निकाली गई।

# मालगाड़ी की चपेट में आकर एक युवक घायल, दूसरे की ट्रेन से कटकर मौत

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शुक्रवार को शामली रेलवे स्टेशन पर एक मालगाडी की चपेट में आकर घायल हुआ तो एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वही घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां अभी उसकी शिनाख्त नही हो सकी। शुक्रवार सवेरे उदयपुर एक्सप्रेस रेलगाडी जैसी ही शामली पहुंची तो इसी दौरान ट्रेन से उतर रहे एक युवक का संतुलन बिगड गया और वह ट्रेन की चपेट में आ गया। युवक की ट्रेन से कटकर मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची आरपीएफ व जीआरपी पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर शव की शिनाख्त की। मृतक की जेब




से मिले आईडी कार्ड से उसकी शिनाख्त देवेन्द्र पुत्र खुडडी निवासी रंगहोडी थाना गंगोह जनपद सहारनपुर के रूप में हुई है। सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंचे और मृतक के शव को देख कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही दोपहर करीब 3:30 बजे दिल्ली से चलकर सहारनपुर जा रही कोयले से भरी मालगाडी की चपेट में आकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। बताया जाता है कि जब मालगाडी शहर के बुढाना फाटक आउटर पर पहुंची तो अचानक एक युवक मालगाडी के आगे कूद गया। मालगाडी की टक्कर लगने से युवक दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मालगाडी करीब 15 मिनट बुढाना फाटक पर खडी रही, जिससे जाम की स्थिति पैदा हो गई। सूचना पाकर आरपीएफ और जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और काफी देर बाद युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी शिनाख्त नही हो सकी है। युवक के सिर में गंभीर चोट होने के कारण उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

# आत्मसंयम और नेकी की राह दिखाता है रोजा

— कैराना में जामा मस्जिद में मौलाना ताहिर ने किया संबोधन

— अकीदत के साथ अदा की गई रमजान के पहले जुमे की नमाज



**समाज जागरण**

शामली कैराना।(फुरकान जंग ) पवित्र माह-ए-रमजान के पहल जुमे की नमाज बड़े ही अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज के उपरांत अकीदतमंदों ने अमन-चैन की दुआ मांगी। इससे पूर्व जामा मस्जिद के खतीब ने रमजान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने रमजान की कद्रदानी करने की अपील की।

शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे नगर की प्राचीन जामा मस्जिद में इमाम व खतीब मौलाना ताहिर ने रमजान के पहले जुमे की नमाज अदा कराई। नमाज के उपरांत अकीदतमंदों द्वारा अमन–चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई। इससे पूर्व मौलाना ताहिर ने संबोधन में कहा कि रमजान रहमत, मगफिरत और निजात का महीना है। यह वह मुकद्दस महीना है जिसमें कुरआन-ए-पाक नाजिल हुआ। शैतान जंजीरों में जकड़े जाते हैं और जन्नत के दरवाजे खोल दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि रोजा रखना सिर्फ भूख-प्यास सहना नहीं, बल्कि आत्मसंयम, तकवा (परहेजगारी), सब्र और नेकी की राह पर चलने का संकल्प है। मौलाना ताहिर ने आगे कहा कि रमजान का मुख्य मकसद अल्लाह की रजा हासिल करना, गुनाहों से तौबा करना और नेक रास्ते पर चलने का पक्का इरादा करना है। इस महीने में की गई इबादत का सवाब 70 गुना से भी ज्यादा बढ़ जाता है। रोजेदार को अल्लाह से सीधे दुआ मांगने का मौका मिलता है, क्योंकि रोजे की हिफाजत खुद अल्लाह फरमाते हैं। उन्होंने कहा कि हमें चाहिए कि हम न सिर्फ रोजा रखें, बल्कि जबान, आंख, कान और दिल का भी रोजा रखें, यानी गलत बातें न बोलें, गलत न देखें, गलत न सुनें और गुस्से पर काबू रखें। रमजान में अधिक से अधिक इबादत करें। जामा मस्जिद के पास सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस तैनात रही। इसके अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रमुख मस्जिदों में भी जुमे की नमाज अदा की गई।

# समाजसेवी प्रदीप बली को फोर्थ पिलर ऑफ डेमोक्रेसी अवार्ड से सम्मान

## लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए प्रदीप बली को मिला राष्ट्रीय स्तर सम्मान

**समाज जागरण बागपत।** फरीदाबाद में वॉइस ऑफ कॉप्स के तत्वावधान में आयोजित एक गरिमा मयी कार्यक्रम के अंतर्गत प्रख्यात समाजसेवी एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला संयोजक (पंचायत प्रकोष्ठ) प्रदीप बली को फोर्थ पिलर ऑफ डेमोक्रेसी अवार्ड से सम्मानित किया गया। संगठन के सीईओ अनुराग चौधरी ने उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर अनुराग चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ केवल मीडिया ही नहीं, बल्कि समाज के जागरूक और जिम्मेदार नागरिक भी होते हैं। जो लोग पारदर्शिता, जनहित



और सामाजिक सरोकारों के माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करते हैं, वे इस सम्मान के वास्तविक हकदार हैं। प्रदीप बली लंबे समय से सामाजिक कार्यों से जुड़े हुए हैं। भाजपा में जिला संयोजक (पंचायत प्रकोष्ठ) के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने ग्रामीण विकास, पंचायत सशक्तिकरण और जनसमस्याओं के समाधान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वे दूरभाष मंत्रालय, भारत सरकार के पूर्व सदस्य भी रह चुके है। सम्मान प्राप्त करने के बाद प्रदीप बली ने वॉइस ऑफ कॉप्स का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें समाज सेवा के प्रति और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा। उन्होंने जनहित और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास करते रहने का संकल्प भी दोहराया।

# ब्राह्मण बटुकों का सम्मान, पूर्व विधायक और पूर्व नपाध्यक्ष ने किया तिलक लगाकर सम्मान

**समाज जागरण**

बड़ौत। नगर के पंचमुखी मंदिर में पूर्व विधायक लोकेश दीक्षित व पूर्व नपाध्यक्ष अमित राणा ने बटुकों का तिलक लगाकर सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने बटुकों को वेद पुस्तक, तख्ती, थैला व फुलमाला देकर उन्हें सम्मानित किया, इस दौरान उन्हें भोजन भी कराया गया। बटुकों द्वारा वेद मंत्र का उच्चारण किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक लोकेश दीक्षित ने कहा कि बटुकों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है।



उन्होंने बटुकों की सेवा और समर्पण की प्रशंसा की और कहा कि उनकी प्रेरणा से समाज में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश की प्राचीन संस्कृति है। सनातन धर्म सबसे बड़ा धर्म है जिसे सभी वर्गों के लोग मानते हैं सभी वर्गों के लोग पुजते हैं। ब्राह्मणों का सदैव हर वर्ग हर धर्म ने सम्मान किया है भारतीय जनता पार्टी ने ब्राह्मणों का सदैव सम्मान किया है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमित राणा ने कहा कि ब्राह्मण सदैव हमारे पूजनीय रहे हैं । ब्राह्मणों को सदैव उचित स्थान मिला है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मणों का सम्मान सभी के लिए हितकारी रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने हमेशा साधु संतों का सम्मान किया है। उन्हीं के आशीर्वाद से भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। बता दे की इससे पहले डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने गुरुवार को लखनऊ में भी ब्राह्मण बटुकों की पूजा की। और उन्होंने अपने सरकारी आवास पर 101 बटुकों को पत्नी नम्रता पाठक के साथ तिलक लगाया। सम्मान में हाथ जोड़े, उनकी पूजा की और फूल बरसाए। इस दौरान बटुकों ने वैदिक मंत्रों का जाप किया।इस दौरान देव कुमार शर्मा, विजय पल शर्मा, राधेश्याम शर्मा, अमित भारद्वाज, दीपक शर्मा चिरंजी, पवन कुमार शर्मा, आशीष शर्मा, फोनू शर्मा, सत्यनारायण शास्त्री, डॉ श्रवण डॉ भारद्वाज राहुल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# आदर्श पब्लिक स्कूल में हुआ हस्त लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**समाज जागरण बागपत।**

कस्बा खेकड़ा के आदर्श पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आज हस्त लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों की लिखावट सुधारना एवं हिन्दी भाषा के प्रति बच्चों की रुचि बढ़ाना था। स्कूल का मानना था कि डिजिटल युग में भी कलम के महत्व को बनायें रखना और बच्चों को साफ और सुंदर लिखने के लिए प्रेरित करने के लिए ही प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता के निणार्यक मण्डल ने लिखावट की स्पष्टता, अक्षरो के सही आकार और स्वच्छता के आधार पर विजेताओं



का चयन किया। स्कूल की प्रधाना चार्या कोमल शर्मा ने हस्त लेखन प्रतियोगिता में प्रथम आए छात्रों जैसे कक्षा प्ले में गीतांशी जैन, कक्षा नर्सरी में गौरवी धामा , कक्षा एलकेजी में, दिव्या, कक्षा यू के जी में शगुन, कक्षा प्रथम में सोफिया, कक्षा द्वितिय में रुद्र, कक्षा तृतीय में रितिका धामा को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और बच्चों की मेहनत की सराहना की इस अवसर पर दीपा शर्मा, अंजलि पवार,दीपा चौहान, राधिका कौशिक, रेखा शर्मा, नीतू पांडे, आरजू ढाका, पायल धामा, इंदू शर्मा, सारिका रस्तोगी, इशा यादव, खुशी धामा आदि अध्या पिकाएं उपस्थित रही।

# बड़ौत में मेगा ऋण शिविर से स्वरोजगार को मिली नई मजबूती

## सरकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों को स्वीकृत हुए लाखों रुपये ऋण

**समाज जागरण बागपत।** जनपद बागपत के बड़ौत ब्लॉक परिसर में 20 फरवरी 2026 को जिला स्तरीय मेगा ऋण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत कर स्वरोजगार को बढ़ावा देना तथा आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित करना रहा। शिविर में जनपद के विभिन्न बैंकों की 100 शाखाओं ने सक्रिय भागीदारी की। विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल सैकड़ों लाभार्थियों को ऋण स्वीकृत किए गए। मुख्यमंत्री युवा योजना के तहत 100 प्रकरणों में 50 लाख रुपये, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत 20 प्रकरणों में 35 लाख रुपये तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में 157 प्रकरणों के लिए 20 लाख रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए।



शिविर में विशेष रूप से स्वरोजगार, लघु उद्योग, पशुपालन तथा सौर ऊर्जा से संबंधित योजनाओं पर जोर दिया गया, ताकि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लाभार्थी आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी सहेंद्र कुमार ने किया, जबकि आयोजन का संयोजन अग्रणी जिला प्रबंधक अभय कुमार सिंह ने किया। मुख्य विकास अधिकारी ने आयोजन की सराहना करते हुए सभी बैंकों और संबंधित अधिकारियों को बधाई दी तथा भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने पर बल दिया। कार्यक्रम में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक योगेंद्र सिंह, आरसेटी की निदेशक अर्चना तिवारी सहित बैंक अधिकारियों ने भी भाग लिया। वित्तीय साक्षरता केंद्र के प्रतिनिधि ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी।

# तीन माह से वेतन न मिलने से कर्मचारियों ने किया घेराव

### अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी के बीच आरोप-प्रत्यारोप, चेक पर हस्ताक्षर न करने का आरोप

**समाज जागरण**

बागपत। नगर पालिका में पिछले तीन महीनों से वेतन न मिलने से नाराज कर्मचारियों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। गुरुवार को बड़ी संख्या में कर्मचारी एकत्र होकर अधिशासी अधिकारी (ईओ) के कार्यालय का घेराव करने पहुंच गए। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि लगातार काम करने के



बावजूद उन्हें तीन महीने से सैलरी नहीं दी गई है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का कहना था कि घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है, बच्चों की फीस और दैनिक जरूरतें पूरी करना भी भारी पड़ रहा है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द वेतन जारी नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।घेराव के दौरान कार्यालय परिसर में काफी देर तक नारेबाजी होती रही। सूचना मिलने पर संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों को समझाने का प्रयास किया। अधिशासी अधिकारी ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि वेतन भुगतान की प्रक्रिया तेजी से पूरी कराई जाएगी और जल्द ही बकाया राशि जारी कर दी जाएगी। फिलहाल आश्वासन के बाद कर्मचारी शांत तो हो गए, लेकिन उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि यदि तय समय में वेतन नहीं मिला तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# महासंघ व बीएसए से वार्ता, चयन वेतन मान का हुआ आदेश

### 65 शिक्षकों की वार्षिक बाधित वेतन वृद्धि होगी बहाल

**समाज जागरण**

बाबागंजः राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बहराइच द्वारा ज्वलंत शिक्षक समस्याओं के निस्तारण के लिए 19 फरवरी के धरना-प्रदर्शन से पूर्व बीएसए आशीष कुमार सिंह नें पत्र जारी कर जिलाध्यक्ष आनन्द मोहन मिश्र के नेतृत्व में पदाधिकारियों कों वार्ता के लिए आमंत्रित किया था। लम्बे समय से लंबित चल रही शिक्षकों की मांग के क्रम में चयन वेतनमान का हस्ताक्षरित आदेश तथा अवशेष सभी का चयन वेतनमान जारी करने, विकास खंड पयागपुर के एफएलएन प्रशिक्षण के दौरान 65 शिक्षक- शिक्षिकाओ की अस्थाई रूप से वार्षिक वेतन वृद्धि बहाल करने,ऑफलाइन निरीक्षण पर रोक, बाल्य देखभाल अवकाश एक बार में 30 दिन की स्वीकृति, पात्र शिक्षक-शिक्षिकाओ कों दिव्यांग भत्ते का नियमानुसार भुगतान,निरीक्षण के दौरान शिक्षकों का पक्ष जाने बिना कोई भी विभागीय कार्यवाही न करने,इंचार्ज प्रधानाध्यापकों कों प्रधानाध्यापक पद का वेतन भुगतान सहित अन्य मांगो के सम्बन्ध में बीएसए आशीष कुमार सिंह व



महासंघ के पदाधिकारियों के मध्य हुई वार्ता में बनी सहमति के क्रम में जनपद के लगभग 1900 शिक्षकों के चयन वेतनमान स्वीकृति का तत्काल आदेश जारी किया गया। जारी आदेश के मुताबिक 1454 प्राथमिक शिक्षक, 38 जूनियर शिक्षक वही 404 प्राथमिक स्कूलों के प्रधानाध्यापक तथा जूनियर के सहायक अध्यापकों कों भी चयन वेतनमान का लाभ दिया गया है, साथ ही साथ विकासखंड पयागपुर के 65 शिक्षकों की बाधित वेतन वृद्धि बहाल करने एवं अन्य सभी समस्याओं को समाधान हेतु बीएसए के द्वारा महासंघ को लिखित कार्यवृति दी गई है। उक्त प्रकरण लम्बे समय से लंबित था और महासंघ लगातार इसकी मांग रहा था। जनपद के शिक्षकों ने महासंघ के इस कदम का स्वागत करते हुए शिक्षकों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय व जीत बताया। जिलाध्यक्ष श्री मिश्र ने कहा कि शेष सभी लंबित समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने की मांग करते हुए पुनः चेतावनी दी है कि यदि दिए गए समय पर सभी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वृहद आंदोलन का रास्ता अपनाया जायेगा। हालांकि विभागीय सूत्र बताते है कि शेष प्रकरणों की प्रक्रिया जारी है और जल्द ही उनका भी निस्तारण किये जाने की सम्भावना है।पंकज कुमार वर्मा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उमेश चंद्र त्रिपाठी जिला महामंत्री सगीर अंसारी जिला कोषाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से कहा है कि, महासंघ शिक्षक हितों से कोई समझौता नहीं करेगा आर पार की लड़ाई लड़ेगा। प्रतिनिधि मंडल में शिव शंकर पाठक, आसिफ खान,सुरूर अख्तर,रुपाली शरण श्रीवास्तव, राघवेंद्र प्रताप सिंह,चंद्रेश कुमार राजभर,धनंजय पाण्डेय,कुमार अभय, प्रतिमा पांडेय, धर्मेंद्र सिंह राठौर,अरविन्द शर्मा, मिथिलेश कुमार मिश्र ब्लॉक अध्यक्ष फखरपुर मौजूद रहे।

# रमजान मे जुमे की नमाज अदा की

**समाज जागरण**

बड़ौत। नगर में रमजान के मुकद्दस महीने के पहले जुमे की नमाज शहर की प्रसिद्ध मर्कजी, फूंस वाली मस्जिद में अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। नमाज की इमामत शहर इमाम मुफ्ती खालिद कासमी ने कराई। इस दौरान मस्जिद में बड़ी संख्या में नमाजी मौजूद रहे और पूरे माहौल में रूहानियत और इबादत का रंग नजर आया। शहर इमाम मुफ्ती खालिद कासमी ने रमजान की फजीलत बयान करते हुए कहा कि यह महीना रहमत, मगफिरत और जहन्नम से निजात का महीना है। उन्होंने रोजे के फायदों पर रोशनी डालते हुए बताया कि रोजा इंसान को सब्र, तकवा और परहेजगारी सिखाता है। रोजा सिर्फ भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं, बल्कि आंख, कान और जुबान को भी गुनाहों से बचाने का नाम है। उन्होंने लोगों को गुनाहों से बचने के तरीके बताते हुए



कहा कि झूठ, चुगली, बुराई, बेईमानी और फिजूलखर्ची से खास तौर पर परहेज करें। उन्होंने कहा कि रमजान का असली मकसद अपने किरदार को सुधारना और अल्लाह की रजा हासिल करना है। मुफ्ती साहब ने रोजे की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि सेहत या शरई मजबूरी के अलावा किसी भी हाल में रोजा न छोड़ा जाए। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नमाज की पाबंदी करें, तरावीह में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और ज्यादा से ज्यादा वक्त इबादत व कुरआन की तिलावत में गुजारें।

नमाज के बाद शहर और मुल्क में अमन-चैन, तरक्की और भाईचारे के लिए खास दुआ की गई। पहले जुमे की नमाज को लेकर मस्जिद परिसर में विशेष इंतजाम किए गए थे और अनुशासन व व्यवस्था बनी रही।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से मेडिकल छात्रा की मौत

**समाज जागरण**

बागपत। दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। शहर कोतवाली क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन ने मेडिकल छात्रा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन चालक छात्रा को करीब 100 मीटर



तक घसीटता ले गया। गंभीर रूप से घायल छात्रा को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान काठा गांव निवासी वीरसैन की 19 वर्षीय पुत्री अंशु के रूप में हुई है। अंशु जीएनएम द्वितीय वर्ष की छात्रा थी और कॉलेज से घर लौटते समय सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की तलाश में जुटी है।

# जल संरक्षण की दिशा में निरंकारी मिशन का सशक्त कदम प्रोजेक्ट अमृत का 22 से होगा शुभारंभ

**समाज जागरण बागपत।**

जब सेवा साधना बन जाए और प्रकृति के प्रति संवेदना जीवन का मूल मंत्र हो, तब पावन संकल्प जन्म लेते हैं। मानव सेवा और लोक कल्याण की इसी दिव्य चेतना को साकार रूप प्रदान करने हेतु संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन अभियान के चौथे चरण का भव्य शुभारंभ 22 फरवरी को सुबह सुबह 8 बजे से 11 बजे तक परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के निदेर्शानुसार समस्त भारत में भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है। संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह विशाल अभियान देशभर में 1500 से अधिक स्थानों में एक साथ आयोजित किया जाएगा। इस व्यापक विस्तार के कारण यह प्रयास ऐतिहासिक स्वरूप धारण करेगा, जो जल संरक्षण तथा स्वच्छता के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्रभावशाली रूप से पहुँचाएगा।स्वच्छ जल स्वच्छ मन का यह चौथा चरण बागपत में भी मनाया जाएगा जो बागपत के यमुना के पक्का घाट पर आयोजित होगा। बागपत के मुखी जयपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जहां बागपत के निरंकारी समस्त सेवा दल के नौजवान भाई -बहन, बाल सेवादल के बच्चे हैं भाग लेंगे। इस पहल का मूल उद्देश्य समाज को यह अनुभूति कराना है कि जल केवल संसाधन नहीं, जीवन का आधार और ईश्वर की अमूल्य देन है, जिसकी रक्षा करना प्रत्येक मानव का नैतिक कर्तव्य है। संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह जी की प्रेरणास्पद शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से प्रोजेक्ट अमृत का सूत्रपात किया था। यह पुनीत पहल जल संरक्षण को किसी एक दिवस या अभियान तक सीमित न रखकर उसे जीवनशैली, संस्कार और सेवा-भाव के रूप में अभिव्यक्त करने की प्रेरणा देती है, जहाँ स्वच्छ जल से स्वच्छ मन और स्वच्छ समाज का निर्माण संभव हो सके। नदियों, झीलों, तालाबों, कुओं एवं झरनों जैसे प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन हेतु समर्पित इस जनआंदोलन ने अपने प्रथम तीन चरणों में सेवा, समर्पण और सहभागिता की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत की है। इन्हीं उपलब्धियों से प्रेरित होकर इस चरण को और अधिक विस्तृत, संगठित एवं दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ क्रियान्वित किया जा रहा है जिससे समाज के हर वर्ग में प्रकृति के प्रति जागरूकता और सहभागिता की सुदृढ़ चेतना का विस्तार कर सके। गीतों की मधुर प्रस्तुतियाँ, सामूहिक गान, जागरूकता संगोष्ठियाँ एवं सोशल मीडिया अभियानों के माध्यम से जलजनित रोगों तथा स्वच्छता के महत्व पर जनचेतना को प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह पहल यह स्मरण कराती है कि जब मन निर्मल होता है, तभी प्रकृति भी स्वच्छ होती है, और जब सेवा में समर्पण जुड़ जाता है, तब समाज का नव निर्माण होता है।

सतगुरु माता जी का संदेश सदैव यही रहा है कि हम इस धरती को आने वाली पीढ़ियों के लिए पहले से अधिक सुंदर, स्वच्छ और संतुलित रूप में संजोकर रखें। स्वच्छ जल, स्वच्छ मन अभियान उसी पावन संकल्प का सजीव प्रतीक है, जो मानव को प्रकृति, समाज और आत्मा से जोड़ते हुए करुणा, संतुलन और सौहार्द से परिपूर्ण भविष्य की ओर मार्गदर्शन करता है।

# 15 अप्रैल 2026 को होगा मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन

**समाज जागरण**

बहराइच। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित की गई संशोधित समयसारिणी के अनुसार दावे/आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियाँ तैयार करना, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा एवं संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन/निस्तारण की कार्यवाही करने हेतु अन्तिम तिथि 16 मार्च 2026 होगी।

इसी प्रकार दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथा स्थल समाहित करने एवं यथावश्यक मतदान केन्द्रों/स्थलों के निर्धारण की कार्यवाही 21 फरवरी 2026 से 16 मार्च 2006 पूर्ण की जानी है। मतदाता सूचियों की कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, स्टेट वोटर नम्बर (एस.वी.एन.) आवंटन, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियां कराने की कार्यवाही हेतु 17 मार्च 2026 से 13 अप्रैल 2026 तक की अवधि निर्धारित की गई है। जबकि निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन 15 अप्रैल 2026 को किया जायेगा।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 23 फरवरी को

**समाज जागरण**

बहराइच / अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग/सचिव, जिला सड़क सुरक्षा समिति ने बताया कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में 23 फरवरी 2026 को अपरान्ह 01:30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी है। सभी सम्बन्धित अधिकारियों से वांछित सूचनाओं

के साथ ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की गई है।

# 21 फरवरी को राजकीय आईटीआई में आयोजित होगा रोजगार मेला

**समाज जागरण**

बहराइच। राजकीय औद्योगिक प्रशि क्षण संस्थान, बहराइच की प्रधाना चार्या श्रीमती स्मृति शर्मा ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बहराइच के परिसर में 21 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में श्री राम पिस्टन गाजियाबाद की कम्पनी द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। श्रीमती शर्मा ने बताया कि रोजगार में समस्त तकनीकी व्यवसायों से रोजगार प्रशिक्षण प्राप्त कर आई.टी.आई. उत्तीर्ण एवं हाईस्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षिक प्रमाण-पत्रों के साथ 21 फरवरी 2026 को पूर्वान्ह 10:00 आईटीआई परिसर में उपस्थित होकर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# नीति आयोग ने शिक्षुता पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जनित करनाः अंतर्दृष्टि, चुनौतियाँ, सिफारिशें और सर्वोत्तम प्रथाएँ पर रिपोर्ट जारी की

शिक्षुता को सुव्यवस्थित करने के लिए सामान्य प्लेटफॉर्म के माध्यम से रणनीतिक ढांचा प्रदर्शन बेंचमार्किंग के लिए शिक्षुता संलग्नता सूचकांक का परिचय जिला कौशल समितियों को नोडल कार्यान्वयन एंकर के रूप में सशक्त बनाना क्लस्टर-आधारित संघों और सामुदायिक नेटवर्कों के माध्यम से एमएसएमई भागीदारी को गहरा करना नीति आयोग ने आज "शिक्षुता पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जनित करनाः अंतर्दृष्टि, चुनौतियाँ, सिफारिशें और सर्वोत्तम प्रथाएँ" शीर्षक वाली नीति रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट को नीति आयोग के सदस्य (कौशल विकास, श्रम एवं रोजगार) डॉ. अरविंद वीरमणि और नीति आयोग के सीईओ श्री बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम द्वारा जारी किया गया।

यह रिपोर्ट भारत की शिक्षुता परिदृश्य का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करती है। यह महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टियाँ प्रदान करती है, चुनौतियों की पहचान करती है

# निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों से सम्बन्धित प्रकरण में आधा दर्जन से अधिक अधिकारियों एव 03 अधिकारियों के विरूद्ध होगी विभागीय कार्रवाई

**समाज जागरण**

बहराइच / जनपद बहराइच में ट्रक संख्या यूपी 21 एफटी 8485 द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-2027 हेतु निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों को कबाड़ में बिक्री हेतु काशीपुर (उत्तराखण्ड) ले जाये जाने से सम्बन्धित प्रकरण की जांच हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा गठित की गई 05 सदस्यीय समिति की जांच आख्या 19 फरवरी 2026 द्वारा उल्लेख किया गया है कि शैक्षिक सत्र-2026-27 में जनपद स्तर पर प्राप्त/आपूर्तित पाठ्य-पुस्तकों के भण्डारण तथा अभिलेखों के रख-रखाव के लिए 08 सदस्यीय समिति का गठन करते हुए उत्तरदायी बनाया गया है।

जनपद हेतु गठित सत्यापन समिति की जिम्मेदारी थी कि मुद्रकों द्वारा भेजी गयी निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों की आपूर्ति प्राप्त करते समय इस बात का ध्यान रखें कि मुद्रक द्वारा भेजी गयी इनवॉइस में अंकित संख्या के अनुसार उनके द्वारा पाठ्य-पुस्तकें वास्तविक रूप से प्राप्त की गयी है। इनवॉइस में अंकित की गयी पाठ्य-पुस्तकों की संख्या से कम संख्या में प्राप्ति कदापि स्वीकार्य न की जाय। भण्डारण स्थल पर पाठ्य पुस्तकों की अनुपलब्धता के दृष्टिगत भण्डारण स्थल के रख-रखाव हेतु बनायी गयी उत्तरदायी समिति द्वारा अपने दायित्वों के निर्वहन में पूर्ण रूप से शिथिलता एवं अनियमितता बरती गयी है।

जिलाधिकारी द्वारा गठित समिति की जांच आख्या के क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बहराइच द्वारा पाठ्य पुस्तकों के भण्डारण व रख-रखाव के लिए उत्तरदायी अनुचर आलोक कुमार व शफीक अहमद को निलम्बित कर दिया गया है तथा अनुदेशक अतुल कुमार सिंह, जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता आशुतोष सिंह, स्पेशल एजुकेटर दीपक कुमार की संविदा समाप्त कर दी गई है। इसके साथ ही प्रभारी सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी वीरेश कुमार वर्मा, खण्ड शिक्षा अधिकारी. नगर क्षेत्र श्रीमती डाली मिश्रा तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय, बहराइच रंजीत कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा की गई कार्यवाही के अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश, शासन को जांच आख्या प्रेषित करते हुए प्रभारी सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी वीरेश कुमार वर्मा, खण्ड शिक्षा अधिकारी. नगर क्षेत्र श्रीमती डाली मिश्रा तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय, बहराइच रंजीत कुमार के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की संस्तुति की गई है।

उल्लेखनीय है कि विगत 16 फरवरी 2026 को रात्रि लगभग 09:00 बजे जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के सीयूजी मोबाइल नम्बर सूचना प्राप्त हुई कि ट्रक संख्या यूपी 21 एफटी 8485 शैक्षणिक सत्र 2026-2027 हेतु निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों को कबाड़ में बिक्री हेतु काशीपुर (उत्तराखण्ड) ले कर जा रहा है। सूचना को गम्भीरता से लेते हुए जिलाधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। डीएम के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उक्त ट्रक को पुलिस विभाग की मदद से जनपद लखीमपुर से वापस लाते हुये थाना रामगांव जनपद बहराइच संरक्षित कराया गया था।

प्रथम दृष्टया जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा उक्त ट्रक में रखी पुस्तकों को शैक्षणिक-सत्र 2026-2027 हेतु निःशुल्क पाठ्य पुस्तक बताये जाने पर तत्काल थाना रामगांव जनपद बहराइच में मु0अ0संख्या-0052 दिनांक 17-02-2026 अंकित कराते हुये जनपद के भण्डार स्थल पर सरंक्षित पुस्तकों के क्रास सत्यापन हेतु जिलाधिकारी द्वारा 05 सदस्यीय समिति गठित करते हुये 02 दिवस में सत्यापन कर सत्यापन आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये थे। जिलाधिकारी द्वारा उक्त प्रकरण में दिखायी तत्परता के परिणाम स्वरूप घटना के तीसरे दिन ही जहां 02 अनुचर के निलम्बन, अनुदेशक, जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता एवं स्पेशल एजुकेटर की संविदा समाप्त कर दी गई हैं। वहीं 03 जिम्मेदार विभागीय अधिकरियों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही की संस्तुति की गई है

# पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने गरवा में 100 करोड़ रुपए के मछली पालन केंद्र का शिलान्यास किया, लोहारू-दिल्ली हाईवे निर्माण और किसानों के लिए खजूर खेती पर भी जोर

**गांव गरवा में 100 करोड रुपए की लागत से बनने वाले मछली पालन एवं अनुसंधान केंद्र का जल्द होगा शिलान्यास : पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल**

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



बहल, 20 फरवरी। पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि भिवानी जिले का श्वेत झिंगा अमेरिका सहित विकसित देशों में निर्यात हो रहा है और इसको देखते हुए हल्के के गांव गरवा में 100 करोड रुपए की लागत से मछली पालन एवं अनुसंधान केंद्र का निर्माण करवाया जा रहा है ताकि जिले सहित आसपास जिलों में मछली पालन को बढ़ावा मिले और मछली पालक किसानों को करोड़ों रुपए की आमदनी हो सके। पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने शुक्रवार को चैहड़ खुर्द, बहल, पातवान, गरवा, मिठ्ठी, बुद्धशैली, बख्तावरपुरा, ढ़ाणी दयाचंद, मंढोलीकलां, हरियावास, ओबरा आदि गांवो का दौरा कर शादी समारोह में शामिल हुए। उन्होंने नवविवाहितों को सुखमय जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। पूर्व कृषि मंत्री ने कहा कि लोहारू का लघु सचिवालय का विस्तार और लोहारू के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के पुनर्निर्माण की प्रक्रिया जारी है। शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मिलकर विकास के लिए करोड़ों रुपए मंजूर करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि करोड़ों की लागत से लोहारू के किले को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि लोहारू से दिल्ली एयरपोर्ट तक बंद हाईवे का निर्माण करवाने, बहल, लोहारू तथा सिवानी में औद्योगिक इकाई स्थापित करवाने और विधानसभा क्षेत्र के किसानों के खेतों में खजूर की खेती करवाने के लिए लगातार प्रयासरत रहूंगा।
उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नीतिगत फैसले लेकर की हर वर्ग की भलाई के लिए अंतोदय की भावना से काम कर रही है सभी वर्गों को इससे सीधा फायदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि फसल उत्पादन के साथ-साथ किसान को प्रोसेसिंग पर ध्यान देना चाहिए, जिससे उसका कारोबार और आमदनी बढ़े। सरकार इसके लिए सहायता राशि प्रदान कर रही है, जिसका किसानों को लाभ उठाना चाहिए। दलाल ने कहा कि भाजपा ने नीति बनाकर देशहित में काम किया है, भारत की आज विश्व में अलग ही पहचान बनी है, देश ने अपने खोई हुई साख को फिर से हासिल किया है। केंद्र सरकार की तरह प्रदेश की भाजपा सरकार ने जनहितकारी नीतियां लागू कर लोगों का विश्वास जीतने का काम किया है। बिना खर्ची और बिना पर्ची तथा योग्यता के आधार पर नौकरी प्रदान करने से युवाओं में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश के बारे में सोचती है। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेना मजबूत हुई है। इस अवसर पर अनेक साथ जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा बहल, मंडल अध्यक्ष सुनील सांगवान सिरसी, कर्मवीर चैहडिया, डा. विजेंद्र कस्बा, सहित पार्टी पदाधिकारी ,जनप्रतिनिधि , कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# श्रीअलख आश्रम में श्रीराम कथा: कैकेई-दशरथ संवाद ने श्रोताओं को किया भावविभोर

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**




बहल, 20 फरवरी। शुक्रवार को श्रीअलख आश्रम बहल में जारी श्रीराम कथा प्रवचन के पांचवें दिन की कथा रामचरितमानस में निस्वार्थ भक्ति और माता-पिता के प्रति संतान के कर्तव्य का पाठ पढ़ाता है। राम के मयार्दा पुरुषोत्तम स्वरूप और विपरीत परिस्थितियों में धैर्य रखने की सीख मिलती है। कथा श्रीअलख आश्रम के महंत बाबा विकास गिरी महाराज के सानिध्य में फाल्गुन महोत्सव श्रीश्री1008 बाबा रति गिरी महाराज के निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में की जा रही है। कथा प्रवक्ता महंत पारूल भक्त ने रामायण के अयोध्या कांड अध्याय के कैकेई - दशरथ संवाद, केकैई के द्वारा महाराज दशरथ से दो वरदान मांगना, श्री राम कैकेई संवाद, भगवान श्रीराम का माता कौशल्या से विदा मांगने जाना और श्रीराम कौशल्या संवाद आज के मुख्य प्रसंग रहे। कथा ने श्रोताओं को भावविभोर कर रख दिया वहीं श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास व वन गमन के अवसरों ने श्रोताओं में मायूसी स्पष्ट झलक रही थी और अश्रु फुट पड़े भी दिखाई दे रहे थे। कथा में यह एक अत्यंत भावुक और नाटकीय मोड़ है, जहां मंथरा के बहकावे में आकर रानी कैकेई ने राजा दशरथ से कोपभवन में दो वरदान मांगे। इन वरदानों के अंतर्गत भरत का राज्याभिषेक और श्री राम को 14 वर्षों का वनवास मांगा गया। यह संवाद राम के जीवन और भारतीय इतिहास का मुख्य मोड़ बना। कथा व्यास महंत पारूल भक्त ने कैकेई-दशरथ संवाद के मुख्य प्रसंग के कोपभवन की घटना में राम के राज्याभिषेक की खुशी के बीच, कैकेई कोपभवन (नाराज होने का स्थान) में चली जाती हैं, जिससे राजा दशरथ विचलित हो जाते हैं। महाराजा दशरथ रानी कैकेई ने युद्ध के दौरान दशरथ द्वारा दिए गए दो पुराने वचनों को याद दिलाया। उन्होंने पहला वरदान में भरत का राज्याभिषेक और दूसरा वरदान राम को 14 वर्षों का वनवास मांग कर डाली। कथा व्यास स्वयं भी भावुक होते हुए कहा कि राजा दशरथ हैरान रह जाते हैं और कैकेई से राम को न भेजने की विनती करते हैं, लेकिन कैकेई अपनी बात पर अड़ी रहती हैं और उन्हें 'सत्य-प्रतिज्ञा' (वचन के पक्के) होने की याद दिलाकर मजबूर करती हैं। प्रसंग में विलाप और विवशता ने श्रोताओं को दुःखी मन कर दिया। केकैई के वचनों से दुःखी हो राजा दशरथ जमीन पर गिर पड़ते हैं और कैकेई के सामने पूरी तरह असहाय हो जाते हैं। कथा में इस प्रसंग ने राजा दशरथ को वचनों से बंधे होने के कारण गहरी निराशा में डाल दिया और अंततः राम को वनवास जाना पड़ा, जो धर्म और त्याग का प्रतीक बना रामकथा में श्री राम-कैकेई संवाद (अयोध्याकांड) मयार्दा, त्याग और निस्वार्थ प्रेम का सर्वोच्च उदाहरण है। जब कैकेई ने मंथरा के प्रभाव में राम के लिए 14 वर्ष का वनवास और भरत के लिए राजसिंहासन मांगा, तो श्रीराम ने इसे सहज स्वीकार किया। उन्होंने न केवल माता को सम्मान दिया, बल्कि पिता के वचनों की रक्षा के लिए सहर्ष वन गमन किया।
राम का आदर्शः श्रीराम ने वनवास के निर्णय पर रत्ती भर भी क्रोध न करते हुए, माता की इच्छा को शिरोधार्य किया और कहा कि वे पिता की आज्ञा पालन के लिए किसी भी सीमा तक जा सकते हैं।
संवाद की गंभीरता इस संवाद में श्रीराम का धैर्य और कैकेई का अपने निर्णय पर अड़े रहना, एक महान मार्मिक दृश्य प्रस्तुत करता है।

# "दिग्विजय सिंह चौटाला के जन्मदिन पर टीम हिम्मत जावला ने जरूरतमंदों और बुजुर्गों में फल व जूस वितरित किए"

**समाज जागरण**

बहल, 20 फरवरी। जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला के जन्मदिन पर जरूरतमंद लोगों व अनाथ आश्रम में बुजुर्गों को




**बहल : युवा प्रदेश महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला के जन्मदिन पर जरूरतमंद लोगों को फल वितरित करते टीम हिम्मत जावला।**

फल व जूस वितरित कर टीम हिम्मत जावला ने मनाया। इनसो के बहल ब्लाक के पूर्व अध्यक्ष हिम्मत जावला ने कहा कि उन्होंने भाई दिग्विजय सिंह चौटाला के अच्छे स्वास्थ्य और दीघायु के लिए बुजुर्गों व जरूरतमंदों की आत्मा से आशिर्वाद मिले फल वितरण करवाया है। इस अवसर पर मनीष सोनी, राजेश बहल, आनन्द बहल, सुनील, सुमित आदि युवा मौजूद रहे।

# सामाजिक न्याय दिवस के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को सेठ मेघराज जिंदल राजकीय कालेज में एक विशेष सेमिनार एवं संवाद कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**समाज जागरण जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 20 फरवरी। सामाजिक न्याय दिवस के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को सेठ मेघराज जिंदल राजकीय कालेज में एक विशेष सेमिनार एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से अधिवक्ता राजीव मतानी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए सामाजिक न्याय, समान अवसर और संविधान की मूल भावना पर विस्तार से अपने विचार रखे।



**सेठ मेघराज जिंदल कालेज में विद्यार्थियों को संबोधित करते अधिवक्ता राजीव मतानी।**

अपने संबोधन में राजीव मतानी ने कहा कि सामाजिक न्याय केवल एक विचार नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अधिकार, सम्मान और अवसर दिलाने का संकल्प है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को भी समझें और एक न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने संविधान में दिए गए अधिकारों और कर्तव्यों पर भी प्रकाश डाला तथा कहा कि जागरूक युवा ही देश के भविष्य को सशक्त बना सकते हैं।
इस अवसर पर कालेज के वाइस प्रिंसिपल, प्रो. नवीन, प्रो. कपिल तथा साथी एडवोकेट कुलदीप खोड की गौरवमयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने सामाजिक समरसता, शिक्षा के महत्व और युवाओं की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। सेमिनार में सैकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और वक्ताओं से प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाएं भी व्यक्त की। कार्यक्रम का माहौल ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा। अंत में कालेज प्रशासन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

# श्री श्याम मित्र मंडल बहल, हर वर्ष की भांति निरंतर श्रीखाटू श्याम फाल्गुन महोत्सव पैदल निशान यात्रा 22 फरवरी से शुरू

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 20 फरवरी। श्रीश्याम मित्र मंडल, बहल की हर वर्ष की भांति निरंतर श्रीखाटू श्याम फाल्गुन महोत्सव पैदल निशान यात्रा 22 फरवरी को रिंगस से श्रीश्याम मंदिर खाटू तक। बहल से खाटूश्यामजी बस यात्रियों की रिंगस से श्रीश्याम मंदिर खाटू तक पारिवारिक पदयात्रा 22 फरवरी को आयोजित की जाएगी। यह यात्रा राष्ट्रीय अमन-चैन, स्मृद्धि तथा लोकहित को समर्पित रहेगी और इस यात्रा में 500 से अधिक श्रद्धालु शामिल हो निशान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए यात्रा मंगल के प्रवक्ता अनिमेष केडिया व राहुल शर्मा ने बताया कि इसके लिए 22 फरवरी को बसों में सवार होकर यात्री रिंगस पहुंचेंगे और रिंगस से श्रीखाटू श्याम मंदिर तक निशान यात्रा निकाली जाएगी।




**बहल के बैराण गांव से श्रीश्याम अखंड ज्योति पैदलयात्रा से पूर्व पूजनकर रवाना होते श्रद्धालू ।**

21वीं श्रीश्याम निशान पैदलयात्रा गांव बैराण से श्रीश्याम धाम खाटू को अखंड ज्योति के साथ शुक्रवार को सुबह हुई रवाना बहल, 20 फरवरी। 21वीं श्रीश्याम निशान पैदलयात्रा गांव बैराण से श्रीश्याम धाम खाटू को अखंड ज्योति के साथ शुक्रवार को सुबह रवाना हुई। आस्था व श्रद्धा की यात्रा 24 फरवरी को खाटू धाम पहुंचेगी। यह जानकारी देते हुए नरेश कुमार बैराण ने बताया कि श्रीश्याम मित्र मंडल बैराण की यह अनवरत 21 वर्षों से जारी है। यात्रा विभिन्न यात्रा ठहराव के बाद 24 फरवरी को खाटू में संपन्न होगी। इस यात्रा में नरेश कुमार बैराण, सुरेश कुमार, राकेश कुमार, डा. प्रदीप, ओमप्रकाश बाधो देवी, विकास, हवा सिंह, सुनीता, जयवीर तथा मा. प्रीतम आदि शामिल है।

# विनोद जाखड़ बने एन.एस.यू.आई. के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**समाज जागरण**

जैतो, 20 फरवरी( रघुनंदन पराशर ):ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव सांसद के.सी.वेणुगोपाल की ओर से शुक्रवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति के अनुसार कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विनोद जाखड़ को तत्काल प्रभाव से नैशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया ।विनोद जाखड़ ने वरूण चौधरी के स्थान पर नियुक्त की गई है। कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने वरूण चौधरी के कार्य की तारीफ की है ।राजनीतिक गलियारों के अनुसार राजस्थान के रहने वाले विनोद जाखड़ कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता सचिन पायलट के करीबी माने जाते हैं। वह 1924 में उन्हें राजस्थान नैशनल स्टूडेंट्स यूनियन इंडिया का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों कांग्रेस हाईकमान नेतृत्व में नैशनल स्टूडेंट्स यूनियन इंडिया के अध्यक्ष पद के लिए कई दावेदारों का इंटरव्यू लिया था।


E-mail : kcvenugopal.org@gmail.com
kcvoffice@gmail.com
Website : www.inc.in

ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE

K.C. VENUGOPAL, M.P.
General Secretary

24, AKBAR ROAD,
NEW DELHI-110 011

February 20, 2026

PRESS RELEASE

Hon'ble Congress President has appointed Shri Vinod Jakhar as the President of the National Students' Union of India (NSUI), with immediate effect.

The party appreciates the contributions of the outgoing President, Shri Varun Choudhary.

(K. C. Venugopal)

इस बीच पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष पवन गोयल जैतो ने विनोद जाखड़ की नियुक्ति पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विनोद जाखड़ को नैशनल स्टूडेंट्स यूनियन इंडिया का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त करके सही फैसला लिया है। पवन गोयल ने कहा कि इससे कांग्रेस पार्टी और मजबूत होगी।

# जोगीवाला शिव मंदिर धाम में शिव महापुराण कथा का तीसरा दिन: महंत वेदनाथ महाराज ने दिया धर्म रक्षा का संदेश

**समाज जागरण जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**





भिवानी। श्रीश्री 1008 बाबा मेहूंनाथ महाराज व बाबा बनवारी नाथ महाराज की पावन पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में सिद्धस्थल जोगीवाला शिव मंदिर धाम में आयोजित संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण शिवमय हो गया।
कथा का आयोजन महंत वेदनाथ महाराज के विशेष सानिध्य में किया जा रहा है। कथा गुरु स्थान सिद्धपीठ हिंगवा (राजस्थान) से पधारे बाल संत कथा व्यास आचार्य योगी महेंद्र नाथ ने भगवान शिव की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। भजन-कीर्तन और शिव स्तुति के साथ कथा का वातावरण अत्यंत भावपूर्ण बना रहा।
महंत वेदनाथ महाराज एवं आचार्य योगी महेंद्र नाथ ने अपने संबोधन में कहा कि धर्म की रक्षा के लिए देवताओं ने समय-समय पर अवतार लेकर अधर्म का नाश किया है। उन्होंने बताया कि हनुमान जी और काल भैरव दोनों ही धर्म के रक्षक माने जाते हैं। हनुमान जी शक्ति, भक्ति और सेवा के प्रतीक हैं, वहीं काल भैरव अन्याय और अधर्म के विनाशक रूप में पूजे जाते हैं।
उन्होंने कहा कि शिव महापुराण हमें सत्य, संयम, सेवा और सदाचार का संदेश देता है। धार्मिक कथाओं के माध्यम से समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना होती है और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।
कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने ह्यहर-हर महादेवह्ल के जयकारों से वातावरण को गूंजायमान कर दिया। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# कौम के महान शहीद भाई तारा सिंह की शहीदी शताब्दी 14 मार्च को मनाई जाएगी: शिरोमणि कमेटी चीफ धामी

**धार्मिक प्रचार आंदोलन को और तेज करने के लिए गांवों में गुरमति समारोह और अमृत संचार आयोजित किए जाएंगे: शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष चीफ धामी**

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,20 फरवरी:शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने धर्म प्रचार कमेटी के प्रचारकों ढाढ़ी और कविशर सिंहों के साथ मिलकर धार्मिक प्रचार आंदोलन को और तेज करने और नई पीढ़ी को सिख इतिहास और सम्मान के बारे में बताने के लिए एक साथ इकट्ठा होने का फैसला किया। शहीद भाई तारा सिंह जी की 300वीं शहादत शताब्दी के जश्न पर भी चर्चा की।एडवोकेट धामी ने कहा कि यह श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहादत शताब्दी को समर्पित है। आयोजनों के दौरान जहां दर्शकों का भरपूर सहयोग मिला, वहीं कर्मचारियों के एक समूह ने भी पूरी लगन से अपना योगदान दिया और ड्यूटी निभाई। उन्होंने कहा कि अब 14 मार्च 2026 को देश के महान शहीद भाई तारा सिंह जी का शहीदी शताब्दी समारोह बड़े स्तर पर मनाया जाएगा, जबकि श्री कीरतपुर साहिब का स्थापना दिवस मई महीने में मनाया जाना है। उन्होंने कहा कि



धार्मिक प्रचार आंदोलन को और तेज करते हुए गुरमति समारोह और अमृत संचार समारोह के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि स्कूलों/कॉलेजों में विद्यार्थियों के पेपरों के बाद विशेष कैंप लगाकर बच्चों को गुरमति, सिख इतिहास और रहत मयार्दा के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही गांवों में गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथियों को नियमानुसार गुरबानी संथा देने का काम करने के लिए विशेष कैंप लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही धर्म प्रचार मुहिम के तहत श्री अमृतसर, श्री आनंदपुर साहिब, तख्त चार श्री दमदमा साहिब तलवंडी साबो और पटियाला में भी बड़े गुरमति समागम करवाए जाएंगे। शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष ने समूह प्रचारकों, ढाडी और कविहर सिंह को पहले की तरह याद किया। उन्होंने गुरमति के प्रचार के लिए लगन से काम करने को कहा। इस मौके पर शिरोमणि कमेटी के मुख्य सचिव श्री कुलवंत सिंह मनन, अंतिरंग सदस्य जंग बहादुर सिंह, सदस्य फुम्मन सिंह, ओएसडी सतबीर सिंह, धर्म प्रचार कमेटी के सचिव बलविंदर सिंह काहलवां, अतिरिक्त सचिव बिजय सिंह, सहायक सचिव जसविंदर सिंह जस्सी, सुखबीर सिंह, सुपरिंटेंडेंट मलकीत सिंह बहिडवाल, हेड प्रचारक सरबजीत सिंह ढोतियां, भाई बलवंत सिंह एनोकोट समेत प्रचारक, ढाडी और कविशर जत्था मौजूद था।

# यूनिवर्सिटी कॉलेज में नौकरी के लिए सिलेक्शन प्रोसेस सफलतापूर्वक पूरा हुआ

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो)**

जैतो, 20 फरवरी : यूनिवर्सिटी कॉलेज जैतो की प्रो. गुरदयाल सिंह लाइब्रेरी में नौकरी के लिए सिलेक्शन प्रोसेस सफलतापूर्वक पूरा हुआ। इस सिलेक्शन प्रोसेस के दौरान, योग्य कैंडिडेट्स के इंटरव्यू और क्वालिफिकेशन की जांच की गई। सिलेक्शन कमिटी द्वारा मिले एप्लीकेशन को रिव्यू करने और इंटरव्यू



लेने के बाद, मुस्कान सिंगला को कंप्यूटर फैकल्टी और तरुण को अकाउंट्स क्लर्क के तौर पर चुना गया। कॉलेज मैनेजमेंट ने चुने गए कैंडिडेट्स को बधाई दी। प्रोसेस के दौरान, चार BCA और छह B.Com स्टूडेंट्स को शॉर्टलिस्ट किया गया। इंटरव्यू कमिटी में कॉल सी कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर कोटकपूरा के CMD श्री जतिंदर चावला और सेंटर मैनेजर सिमरजीत शामिल थे। प्रो. विशाल सिंगला और प्रो. सुमन ने इंटरव्यू के दौरान पूरा सपोर्ट दिया। डॉ. परमिंदर सिंह तग्गड़, डॉ. सुभाष चंदर और इंजीनियर अर्शदीप बराड़ ने चुने गए स्टूडेंट्स को बधाई दी। डॉ. सम्राट खन्ना, डॉ. राजीव कपूर और अभित जिंदल ने इस पहल के बारे में कहा कि कॉलेज में ऐसे प्लेसमेंट सेल कैंप लगते रहेंगे।

# एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ डबवाली व सीआईए कालांवाली की ताबड़तोड़ कार्रवाई

**- अंतर्राज्यीय बाइक चोर गिरोह का पदार्फाश, पंजाब के दो आरोपी काबू**
**हरियाणा-दिल्ली-पंजाब-राजस्थान से चोरी की गई 04 मोटरसाइकिल बरामद**
**- आरोपियों पर नशा तस्करी, हत्या के प्रयास सहित लड़ाई झगड़े के कई मामले पंजाब में हैं दर्ज**



कालांवाली 20 फरवरी (सुरेश जोरासिया) डबवाली पुलिस द्वारा अपराधियों पर शिकंजा कसने के अभियान के तहत प्रभारी एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ उप नि. रामफल व कालांवाली सीआईए प्रभारी उप नि. सुरेश कुमार की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अंतर्राज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पदार्फाश किया है । टीम ने पंजाब निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 04 चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद की हैं।
गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बलराज सिंह उर्फ बाजा पुत्र जसपाल सिंह निवासी बड़ा भाइका जिला फरीदकोट तथा अमित कुमार उर्फ बादशाह पुत्र मोहनलाल निवासी गली नं. 06 बठिंडा के रूप में हुई है।
इस संबंध में थाना कालांवाली में आयोजित प्रेस वार्ता में उप पुलिस अधीक्षक कालांवाली संदीप धनखड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि 14 फरवरी 2026 को मंडी कालांवाली निवासी अशोक कुमार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था, जिसमें 14 फरवरी को 03.29 बजे खुह बाजार स्थित उनकी दुकान बजरंग बली गारमेंट्स से हीरो स्पलेंडर प्रो मोटरसाइकिल न. एचआर क्यू 2433 चोरी हो गई थी। सीआईए कालांवाली व एवीटी स्टाफ ने तकनीकी व गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया ।
पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अन्य राज्यों से चोरी की गई मोटरसाइकिलों के बारे में खुलासा किया, जिनसे कुल 03 और मोटरसाइकिल बरामद की गईं।
बरामद मोटरसाइकिलों का विवरण
1. स्प्लेंडर प्लस - सूरतगढ़, राजस्थान से 16.02.2026 को चोरी
2. बुलेट मोटरसाइकिल - रोहिणी, दिल्ली से लगभग 2 वर्ष पहले चोरी
3. स्प्लेंडर प्लस पंजाब से 6 माह पहले चोरी
4. 15.02.2026 को भुच्चो मोड़ से एक व्यक्ति का मोबाइल व हार्ड डिस्क चोरी

आरोपियों को आज माननीय अदालत में पेश किया जाएगा ।
उप पुलिस अधीक्षक कालांवाली ने आमजन से अपील की कि अपने वाहन सुरक्षित स्थान पर खड़े करें, सीसीटीवी लगवाएं और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ।
डबवाली पुलिस का संदेशःक्षेत्र में




अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जाएगा ।
आरोपियों पर पंजाब में विभिन्न थानों में अभियोग दर्ज है:-
1. आरोपी बलराज सिंह उर्फ बाजा के खिलाफ थाना भगता भाई जिला फरीदकोट में एक अभियोग लड़ाई झगड़ा व एक एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज हैं ।
2. आरोपी अमित कुमार उर्फ बादशाह के खिलाफ निम्न अभियोग दर्ज है:-
1. वर्ष 2014 में लड़ाई झगड़े का अभियोग थाना कनाल कॉलोनी जिला बठिंडा
2. वर्ष 2014 में हत्या के प्रयास का अभियोग थाना कनाल कॉलोनी जिला बठिंडा
3. वर्ष 2017 में डकैती का अभियोग थाना थर्मल जिला बठिंडा
4. वर्ष 2017 में डकैती का अभियोग थाना कोतवाली जिला बठिंडा
5. वर्ष 2017 में एक्टिवा चोरी का अभियोग थाना शहर मोगा

# ताप विद्युत गृह चचाई के 70वर्षीय लोको पायलट की कार्य स्थल में बिगड़ी तबीयत जिला अस्पताल में मौत

## प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार का पायलट की मौत में राजनैतिक दांव-पेंच

**समाज जागरण जितेंद्र शर्मा**

इंट्रो- ताप विद्युत गृह चाचाई के सीटीडी विभाग अंतर्गत लोको संचालन के लिए निजी फार्मों को ठेका दिया जाता है,और ठेकेदार के द्वारा सेवानिवृत्ति पायलटों को कार्य पर रखा जाता है,बुधवार को एमके ट्रेडर्स के अधीन रहकर लोको चलने वाले 70 वर्षीय पायलट हरी भाऊ रधा टाटे की तबीयत बिगड़ने के बाद जिला अस्पताल में हुई मौत ने प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार को कटघरे में खड़ा कर दिया है,हालांकि मौत का कारण जांच के बाद स्पष्ट होगा।




अनूपपुर। अमरकंटक ताप विद्युत चाचाई का सीटीडी विभाग कुछेक सालों से भ्रष्टाचार का अखाड़ा बना हुआ है,जहां लोको संचालन में समय-समय पर इसकी बानंगी सामने आती रही है, यहां कभी लोको इंजन डिब्बों पर चढ़ जाता है,तो कभी लोको चलाने के दौरान पायलट अस्वस्थ हो जाता है अब तक सामने आए मामले में यही दिखाई पड़ा है कि उम्र दराज पायलटों को जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाहियों का शिकार होना पड़ा है,70 वर्षीय पायलट हरी भाऊ रधा टाटे की जिला अस्पताल में हुई मौत के संबंध में लोगों में उनके साथ कार्य कर रहे हेल्पर ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि वह मंगलवार को द्वितीय पाली में ड्यूटी के लिए आए और तृतीय पाली का कार्य भी उन्हीं से लिया गया एवं बुधवार को सुबह प्रथम पाली के कार्य के लिए ठेकेदार व अधिकारियों ने उन पर दबाव बनाया तभी लोको चलाने के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी जिन्हें आनंन -फानन में गेट नंबर 2 से ताप विद्युत गृह के चिकित्सालय उपचार हेतु सुबह तकरीबन 9 बजे लाया गया लेकिन हालत गंभीर होने पर वहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया, जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया ही था कि उसकी मौत हो गई,पायलट की यह सामान्य मौत नहीं है,लगातार 12 घंटे के बाद किस नियम व शर्तों के अधीन उनसे कार्य लिया जा रहा था।

**65 वर्ष की आयु के बाद कैसे लिया जा रहा था कार्य**

किसी भी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में 60 वर्ष की आयु में रेलवे से सेवानिवृत्त लोको पायलट को नियम व शर्तों के तहत अनुबंध पर आम तौर पर 65 वर्ष की आयु तक पायलट के रूप में सेवा के लिए रखा जाता है लेकिन उसमें भी उनके चिकित्सा फिटनेस और समय-समय पर आई टेस्ट की रिपोर्ट के आधार पर, लेकिन मध्य प्रदेश पावर जेनरेटिंग कंपनी लिमिटेड चाचाई में 70 वर्षीय पायलट हरी भाऊ रधा से किस नियम और शर्तों के तहत कार्य लिया जा रहा था यह तो अपने आप में प्रबंधन के जिम्मेदारों और ठेकेदार पर बड़ा सवाल है।

**श्रम कानूनों और सुरक्षा मानकों की अंदेखी**

अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में 70 वर्षीय लोको पायलट की ड्यूटी के दौरान तबियत बिगड़ने के बाद हुई मौत के मामले में सबसे बड़ा प्रश्न यह भी है की क्या लागू श्रम कानूनों और औद्योगिक सुरक्षा मानकों का विधिवत पालन हुआ था? सामान्यतः 8 घंटे प्रतिदिन और 48 घंटे साप्ताहिक कार्य सीमा निर्धारित है। यहां 12 घंटे से अधिक लगातार ड्यूटी असाधारण परिस्थिति में ही, वह भी लिखित अनुमति और ओवरटाइम नियमों के तहत। यदि लगातार तीन पालियों में कार्य लिया गया, तो यह फैक्ट्री अधिनियम 1948 एवं संबंधित राज्य नियमों का उल्लंघन हो सकता है।

**षड्यंत्र में जुटे प्रबंधन के जिम्मेदार और ठेकेदार**

उधर पायलट का परिवार यहां निवासरत न होने के कारण जानकार सूत्र बताते हैं कि ठेकेदार व प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारी लोको पायलट की मौत के मामले में षड्यंत्र रचने पर जुड़ गए हैं अब उसे कार्य क्षेत्र में उपस्थित न रहने की बात की जा रही है,वहीं 70 वर्षीय लोको पायलट हरी भाऊ रधा टाटे के स्थान पर दूसरे अन्य पायलट की हाजिरी दिखाए जाने का व्यू रचा राजा आने लगा है,जानकार सूत्र यह भी बताते हैं कि यहां पर लंबे समय से रजिस्टर में तीन पायलटो का नाम लिखा है लेकिन एक ही पायलट से काम लिया जा रहा था बहरहाल मामले में निष्पक्षता से जांच हुई तो इसकी आज मुख्य अभियंता के अलावा सीटीडी विभाग के सभी जिम्मेदारों पर आएगी।

# भू माफिया जिन्दा नाले को पाटकर कर रहा अवैध प्लाटिंग, राजस्व अमला बना मूकदर्शक

**समाज जागरण विजय तिवारी**

व्यौहारी।क्रिस्ता ज्योति मिशन स्कूल के पीछे बार्ड क्र-05 घोरी टोला कोलान बस्ती मार्ग में अवैध प्लाटिंग का खेल जोरों पर चल रहा है। करीब 50 एकड से अधिक भूमि में प्लाटिंग कर बना रहा कालोनी राजस्व अमले से सांठगांठ कर भू माफिया काट रहा चांदी।शहर में भू माफिया का आतंक चरम पर, यहां कृषि योग्य भूमि और बगार को पाटकर बिना डायवर्सन और पंजीयन के अबैध प्लाटिंग कर धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। वहीं पास बने पुराने नाले को भी पाट कर भू माफिया वहां प्लाटिंग कर रहा है। घोरीटोला कोलान बस्ती में बने पुराने नाले जो खसरा क्र- 3692-3693 में स्थित है। जिसकी चौड़ाई को पाटकर नाले को नाली बना वहां प्लाटिंग की जा रही है। बस्ती के लोगों ने जब इसकी शिकायत की तब मौके में नगरपालिका परिषद और राजस्व अमला पहुंचा तब नाले को पाटने का काम बंद कराते हुए मौका पंचनामा तैयार कर निर्माण सामग्री जप्त की थी। जिसके 15 दिन बाद भू माफिया ने पुनः नाले को पाटने का काम शुरू कर दिया है।

भू माफिया मोतीलाल गुप्ता और मदन गुप्ता द्वारा क्रिस्ता ज्योति स्कूल के पीछे कई एकड़ जमीन में बिना डायवर्सन और कालोनाइजर पंजीयन के अबैध रुप से प्लाटिंग कर सैकड़ों प्लाट धड़ल्ले से बेंचे जा रहे हैं। जिससे शासन को करोड़ों की राजस्व क्षति यहां बैठे रजिस्ट्रार की मिलीभगत से हो रही है। रीवा शहडोल मुख्य सड़क मार्ग में रेलवे तिराहे से पूर्व दिशा में घोरी टोला आदिवासी बस्ती से लगे एक बहुत बड़े भू-भाग में यहां के दो गुप्ता बंधुओं द्वारा ग्रीन ट्रिब्यूनल के नियमों के विपरीत यहां पदस्थ जिम्मेदार मूक वधिर अधिकारियों को चंद सिक्कों में तौलकर अपनी मनमानी कर रहा है। नगरीय क्षेत्र के बार्ड क्र-05 घोरी टोला के एक बुजुर्ग ने बताया कि यह बहुत पुराना नाला है जो पूरे गोदावल क्षेत्र तेंदुआढ होते हुए एक बड़े क्षेत्र में बरसात के पानी का निकासी माध्यम था। जिसे पाटा जाकर प्लाटिंग की जा रही है। आने बाले समय में लोगों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ सकता है। खाली पड़े बगार तथा कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग कर बेचने का खेल यहां जोरों पर जारी है। हद तो तब हो गई जब भू माफिया मोती लाल गुप्ता द्वारा वहां स्थित जिंदा नाले को पाटा जाकर नाले में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। जब नगर पालिका परिषद के सीएमओ तथा तहसीलदार को इस विषय की जानकारी स्थानीय लोगों द्वारा दी गई तब तत्काल नगर पालिका का अमला और तहसी लदार द्वारा भेजे गये पटवारी रामपाल सिंह द्वारा मौका पंचनामा तैयार कर सामान की जप्ती कार्यवाही कर नोटिस जारी किया गया। इसके पन्द्रह दिन बाद भू माफिया द्वारा सम्बंधित विभागीय अमले से सांठगांठ कर अब फिर से नाले को पाटने का काम शुरू कर दिया है। देखने बाली बात यह होगी कि अब खबर प्रकाशित होने के बाद जिम्मेदार विभागीय अमला इस पर आगे क्या कार्यवाही करता है।

सीएमओ शरद गौतम कथन- शिकायत प्राप्त होने पर पूर्व में मौके से सामान जप्त कर नोटिस जारी की गई थी।और काम बंद करा दिया गया था। यदि अब फिर से नाले में काम लगाया गया है तो सम्बंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

एसडीएम भागीरथ लहरें कथन- नाले को पाटना गलत है मैं कल ही पटवारी को मौके पर भेजता हूं। यदि ऐसा है तो निश्चित सम्बंधित पर कार्यवाही करुंगा। और अबैध प्लाटिंग हो रही है तो उसे भी देखता हूं।

# स्वास्थ्य शिविर के साथ आत्मनिर्भरता की भी अलख: रिलायंस के सीएसआर प्रोजेक्ट से बदल रही लालपुर और देवरी की तस्वीर

## महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास और शिक्षा को लेकर रिलायंस का मास्टरप्लान जारी, साइट सीएसआर हेड ने ग्रामीणों के साथ साझा की

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। जिले के ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुदृढ़ करने के लिए आयोजित इस शिविर में शासकीय बिरसा मुंडा चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल की विशेषज्ञ टीम ने अपनी अहम सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में दंत रोग विशेषज्ञ, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ और सामान्य चिकित्सा के विशेषज्ञों ने मरीजों का गहन परीक्षण किया। इस दौरान मरीजों को उनकी स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के समाधान के लिए विस्तार से परामर्श दिया गया। साथ ही, आवश्यकता पड़ने पर आगे की उन्नत उपचार प्रक्रिया के लिए उचित मार्गदर्शन और निःशुल्क औषधियां भी प्रदान की गईं। शिविर का विधिवत शुभारंभ रिलायंस फाउंडेशन के साइट हेड, संबंधित ग्राम के सरपंच और पंचायत प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।




**समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए रिलायंस पूरी तरह संकल्पित**

ग्राम लालपुर में आयोजित शिविर के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सीबीएम साइट हेड राजेश वर्मा ने रिलायंस फाउंडेशन के विजन को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि रिलायंस सदैव ही समुदाय के समग्र और सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमारा उद्देश्य महज एक चिकित्सा शिविर का आयोजन करना नहीं है, बल्कि परियोजना क्षेत्र के हर एक परिवार तक स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, स्वच्छता और आजीविका से जुड़े सतत विकास कार्यक्रमों का लाभ पहुंचाना है। भविष्य में भी ग्रामवासियों के सक्रिय सहयोग से ऐसे नियमित स्वास्थ्य शिविर, जन-जागरूकता अभियान और विभिन्न सामुदायिक विकास की गतिविधियां अनवरत रूप से संचालित की जाती रहेंगी।

**सीएसआर पहलों के जरिए आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम**

इस वृहद आयोजन के दौरान साइट सीएसआर हेड राजीव श्रीवास्तव ने सीबीएम प्रोजेक्ट के तहत संचालित की जा रही विभिन्न सीएसआर गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा ग्रामीणों के सामने रखा। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि परियोजना क्षेत्र के गांवों के समग्र एवं सतत विकास को सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य के साथ-साथ कई अन्य मोर्चों पर काम हो रहा है। विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण, युवाओं के लिए कौशल विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आजीविका संवर्धन जैसे कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम निरंतर और प्रभावी ढंग से चलाए जा रहे हैं। इन तमाम दूरगामी पहलों का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदाय को हर स्तर पर आत्मनिर्भर, जागरूक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

**ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने इस पहल को बताया वरदान**

बहुविशेषज्ञ चिकित्सा शिविर के इस सफल आयोजन पर गांव के वरिष्ठ नागरिक अरुण द्विवेदी ने रिलायंस के प्रयासों की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश में जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं आसानी से सुलभ नहीं होतीं, वहां ऐसे शिविर ग्रामीणों के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। उन्होंने सीबीएम प्रोजेक्ट का आभार जताते हुए भविष्य में भी ऐसे सहयोगात्मक कार्यक्रमों की निरंतरता की उम्मीद जताई। शुभारंभ कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच रामकली बैगा, जनपद सदस्य निसाबी नायक, उप सरपंच दीपेंद्र सिंह के साथ-साथ रिलायंस से अजीत सिंह, विनीत सिंह, राजकुमार डोलिया और अश वनी शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**स्थानीय कार्यकताओं और चलित इकाई के सहयोग से मिली सफलता**

इस विशाल स्वास्थ्य शिविर को सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न कराने में डॉ. समीम खान एवं अमितेश पांडेय की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। इसके अलावा बीरेन्द्र प्रजापति, अभिलाष तिवारी, कुंवरअली सिंह सहित क्षेत्रीय कार्यकर्ता लीलमन सिंह, हीरा सिंह, दारा सिंह, मोहन सिंह, राजबहोर सिंह, रोहिणी सिंह, राजभान सिंह, रणजीत सिंह, सुजीत सिंह, रवि द्विवेदी, धर्मदत्त, प्रदीप गुप्ता, रवेंद्र गुप्ता, संग्राम सिंह, शिप्रा सिंह, दुर्गा वर्मन एवं सीतू यादव ने भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। रिलायंस की चलित चिकित्सा इकाई और स्थानीय ग्राम पंचायत के सक्रिय सहयोग ने इस पूरे आयोजन को एक शानदार सफलता में तब्दील कर दिया।

# एआई के व्यापक विस्तार के लिए उसका विश्वसनीय डेटा, नैतिक शासन और सार्वजनिक जवाबदेही पर आधारित होना आवश्यक : देवेन्द्र फडणवीस, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री

## खाद्य सुरक्षा और जलवायु लचीलेपन को मजबूती प्रदान करने के लिए नीतिनिमार्ताओं का एआई-आधारित समाधानों का आह्वान

भारत में खेत-स्तर पर एआई का उपयोग वैश्विक स्तर पर मूल्यवान सीख उत्पन्न कर सकता है कृषि में एआई की सफलता के लिए समावेशी डिजाइन और लैंगिक समानता अत्यंत महत्वपूर्ण हैं इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के तहत आयोजित सत्र एआई मीट्स एग्रीकल्चरः बिल्डिंग फूड सिक्योरिटी एंड क्लाइमेट रेजिलिएंस में नीति-निमार्ताओं, विकास संस्थानों, शोधकताओं और डिजिटल नवोन्मे षकों ने भाग लिया। सत्र में इस बात पर चर्चा की गई कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस किस प्रकार कृषि प्रणालियों को रूपांतरित कर सकती है, खाद्य सुरक्षा को मजबूत बना सकती है और जलवायु लचीलेपन को व्यापक स्तर पर संवर्धित कर सकती है। इस सत्र में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के मुख्य भाषण के बाद भारत सरकार और विश्व बैंक समूह शोध संस्थानों और नवाचार इकोसिस्टम के प्रतिनिधियों के साथ उच्च-स्तरीय पैनल चर्चा आयोजित की गई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने मुख्य भाषण देते हुए इस बात को रेखांकित किया कि आज कृषि जलवायु अस्थिरता, आर्थिक स्थिरता और राष्ट्रीय सुरक्षा के संगम पर खड़ी है। उन्होंने कहा, विश्वभर में खाद्य प्रणालियाँ दबाव में हैं, जलवायु अस्थिरता तेज हो रही है, भूजल स्तर गिर रहा है, मिट्टी का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है, आपूर्ति श्रृंखलाएँ कमजोर हैं और वैश्विक बाजार अनिश्चित हैं। ग्लोबल साउथ के देशों के लिए कृषि मात्र आर्थिक क्षेत्र भर नहीं है, बल्कि आजीविका, सामाजिक स्थिरता और राष्ट्रीय सुरक्षा का आधार भी है। भारत इसे गहराई से समझता है और उसने डिजिटल सार्वजनिक अव संरचना तथा जिम्मेदार एआई को राष्ट्रीय विकास के केंद्र में रखा है। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि भारत का एआई मिशन तकनीक के माध्यम से पारदर्शिता, समावेशन और व्यापक स्तर पर प्रभाव सुनिश्चित करने से संबंधित है। कृषि को इस एआई मिशन के केंद्र में होना चाहिए, क्योंकि आज कम से कम 50 करोड़ भारतीय सीधे या परोक्ष रूप से कृषि पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि छोटे किसानों के लिए कृषि चुनौतीपूर्ण हो सकती है, लेकिन एआई इस स्थिति को बदल सकती है। यह अत्यंत स्थानीय स्तर पर मौसम पूवार्नुमान, कीट प्रकोप की प्रारंभिक चेतावनी, सटीक सिंचाई और उर्वरक संबंधी मार्गदर्शन, पारदर्शी आपूर्ति श्रृंखला और वास्तविक समय में बाजार परामर्श प्रदान कर सकती है। उन्होंने कहा, एआई कोई जादू नहीं है; इसे विश्वसनीय डेटा, नैतिक शासन और सार्वजनिक जवाबदेही पर आधारित होना चाहिए, अन्यथा इसका व्यापक विस्तार संभव नहीं होगा। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण सचिव देवेश चतुवेर्दी ने कृषि के लिए परस्पर-संचालनीय डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना विकसित करने हेतु केंद्र सरकार के प्रयासों की रूपरेखा प्रस्तुत की। एआई-आधारित एकीकृत प्लेटफॉर्म के पीछे की सोच को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा, पूरी अवधारणा यह थी कि जब हमारे पास यह एआई-आधारित प्रणाली होगी, तो हमारे पास विभिन्न अनुप्रयोगों और विभिन्न परामर्श सेवाओं के लिए एक ही मंच होगा, जिसे एक बटन के क्लिक से या संभवतः केवल आवाज के माध्यम से उपयोग किया जा सकेगा। किसान आईडी और एकीकृत डाटासेट्स से संचालित अनुकूलित परामर्श पर जोर देते हुए सचिव ने कहा, सामान्यीकृत डेटा संभवतः किसानों के लिए उपयोगी न हो, उसे प्रदान करने के बजाय, प्रत्येक किसान के लिए विशिष्ट और अनु कूलित जानकारी उपलब्ध होगी, जो महा विस्तार जैसे प्लेटफॉर्म के साथ इस डिजिटल सार्वजनिक अव संरचना के एकीकरण के आधार पर प्रदान की जाएगी।

विश्व बैंक समूह, दक्षिण एशिया क्षेत्र के वाइस प्रेसिडेंट जोहान्स जुट ने वैश्विक विकास के परिप्रेक्ष्य से विचार रखते हुए कृषि में एआई को विश्वभर के छोटे किसानों के लिए एक परिवर्तनकारी क्षण बताया। उन्होंने कहा, हम कृषि में किसानों को समर्थन देने के तरीके में एक बड़े परिवर्तन के मुहाने पर खड़े हैं। सरकारों की बुनियादी भूमिका पर जोर देते हुए उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि सरकार की जिम्मेदारियाँ मुख्यतः एआई के शासन, परस्पर-संचालनीयता तथा शिक्षा प्रणालियों में डिजिटल सेवाओं के उपयोग के लिए उपयुक्त कौशल प्रशिक्षण शामिल किया जाना सुनिश्चित करने जैसी आधारभूत संरचनाओं पर केंद्रित होती हैं ।

# कैलाश विजयवर्गीय के औकात वाले बयान पर भड़की युवा कांग्रेस, फूंका पुतला

**समाज जागरण**

कटनी। मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच शुरू हुई जुबानी जंग अब सड़कों पर उतर आई है। गुरुवार को सदन में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बीच हुई तीखी बहस के विरोध में शुक्रवार को बड़वारा में युवा कांग्रेस ने उग्र प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने मंत्री विजयवर्गीय का पुतला दहन कर उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



**सदन की गरिमा को ठेस पहुँचाने का आरोप**

मामला गुरुवार का है, जब राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार इंदौर में हुई जल त्रासदी और कफ सिरप से जुड़ी संदिग्ध मौतों का मुद्दा उठा रहे थे। इस दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने हस्तक्षेप करते हुए नेता प्रतिपक्ष के लिए औकात जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया। विपक्ष का आरोप है कि एक जिम्मेदार पद पर बैठे मंत्री द्वारा इस तरह की अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना संसदीय लोकतंत्र का अपमान है।

शुक्रवार दोपहर करीब 1:00 बजे युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल निर्देशन में एवं अवध यादव के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता बड़वारा शासकीय अस्पताल के सामने एकत्रित हुए। कार्यकताओं ने मंत्री विजयवर्गीय के बयान को अहंकारी और अलोकतांत्रिक करार देते हुए उनका पुतला फूंका। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे अवध यादव ने कहा, नेता प्रतिपक्ष जनता के मुद्दों और इंदौर की त्रासदी पर जवाब मांग रहे थे, लेकिन मंत्री जी ने तथ्यों पर बात करने के बजाय व्यक्तिगत हमला किया और औकात में रहने की नसीहत दे डाली। यह पूरी तरह से निंदनीय है और युवा कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करती है। इस दौरान अवध यादव,विजय कुमार, कैलाश रावत, जितेंद्र गुप्ता, रोहित कुमार, अनूप, शेख मकसूद, इरफान अहमद, बिटू हलवाई सहित अन्य मौजूद रहे।

# मनोज बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**समाज जागरण**

शहडोल । भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भारतीय जनता पार्टी जिला शहडोल के पूर्व जिला महामंत्री मनोज सिंह आर्मो को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। मनोज सिंह के अलावा शहडोल संभाग के उमरिया जिले से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ज्ञानवती सिंह एवं अनूपपुर से प्रतिभा सिंह को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाया गया है।



# लंबे जाम का पर्याय बना कानपुर,सागर हाईवे पर 30 किलोमीटर तक 12 घंटे जाम

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। पुलिस प्रशासन के लाभ प्रयासों के बावजूद भीयहां जाम की समस्याहाल होने का नाम नहीं ले रही है। मतलब ऐसा कोई दिन खाली नहीं जाता जिस दिन किसी न किसी मार्ग पर घंटों जाम ना लगता हो।इसी जाम की वजह से पूर्व में अस्पताल पहुंचने के पहले ही मरीजों की मौत भी हो चुकी है।



घंटों जाम की इस समस्या से कानपुर सागर हाईवे से गुजरने वाले लोगों को भी जूझना पड़ा। यहां पर 12 घंटे से भी ज्यादा समय तक 30 किलोमीटर लंबा जाम लगा रहा। इस भीषण जाम में एंबुलेंस और स्कूली वाहन भी घंटों फंसे रहे।

घंटों जाम लगने की यह नौबत तब आई जब बिधनू थाना क्षेत्र के रमईपुर चौराहे के पास देर रात दो ट्रक खराब हो गए। जिसके बाद से जाम लग गया। पुलिस के मुताबिक रात होने के कारण कुछ वाहन चालक सो गए। जिसके कारण हाईवे पर वाहनों की कतारें लगातार बढ़ती चली गईं। सुबह होते-होते यह जाम करीब 30 किलोमीटर लंबा हो गया। जिससे हजारों वाहन चालक और यात्री घंटों तक फंसे रहे। इनमें से कई मरीज भी फंसे हुए बताए गए।

पुलिस के मुताबिक समाचार लिखे जाने तक खुलवाने में काफी हद तक सफलता मिल चुकी है। अगर उन क्षेत्रों में जाम की समस्या की बात करें टाट मिल ,रामादेवी चौराहा रावतपुर ,विजयनगर ,फजलगंज नौबस्ता यशोदा नगर में भी लोग जाम की समस्या से जूझते रहते हैं। कई जगह बनाए गये ट्रैफिक के कट भी जाम का कारण बनने से नहीं चुकते। कुल मिलाकर महानगर को लाख प्रयासों के बाद भी जाम की समस्या से पूर्ण रूप से निजात अभी तक नहीं मिल पाई है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल छात्र की इलाज के दौरान मौत

**समाज जागरण**
**संवाददाता निगोहा**

लखनऊ नगराम चचेरे भाई की बरात में शामिल होने जा रहे एक युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। घटना नगराम थाना क्षेत्र के कमालपुर बिचिलिका गांव के पास की है, जहां अज्ञात वाहन की टक्कर से पल्सर बाइक सवार छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।पुलिस के अनुसार, निगोहा थाना क्षेत्र के कांटा करौंदी निवासी आयुष यादव (20) शनिवार देर शाम अपने चचेरे भाई अंकुश की बरात में शामिल होने के लिए पल्सर मोटरसाइकिल से नगराम के कमालपुर गांव जा रहा था। इसी दौरान समेसी-कमालपुर बिचलिका रोड पर किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबर दस्त थी कि आयुष सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानीय लोगों ने युवक को सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उसे ट्रामा सेंटर भिजवाया। साथ ही उसके मोबाइल फोन से परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई। लेकिन ट्रामा सेंटर पहुंचने पर डॉक्टरों ने आयुष को मृत घोषित कर दिया।मृतक के पिता अनिरुद्ध यादव ने बताया कि आयुष रायबरेली के बछरावां स्थित दयानंद डिग्री कॉलेज में बीए फाइनल ईयर का छात्र था। पढ़ाई के साथ-साथ वह एक ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी में डिलीवरी मैन का काम कर अपने खर्च भी खुद उठाता था। पिता स्वयं एक निजी सुरक्षा गार्ड हैं।परिवार में आयुष सबसे छोटा था। बड़े भाई आकाश, छोटे भाई रजत और मां सरला का रो-रोकर बुरा हाल है। बेटे की मौत की खबर मिलते ही घर में मातम छा गया और परिजन बेसुध हो गए।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हादसे के समय आयुष ने हेलमेट नहीं पहन रखा था, जिससे चोट गंभीर हो गई।



# गंगागंज-नगराम रोड पर आमने-सामने भिड़ीं दो बाइकें, तीन गंभीर; पूर्व विधायक ने रुककर कराई मदद

**समाज जागरण**
**संवाददाता निगोहा**

लखनऊ गंगागंज-नगराम रोड पर अनैया खरगापुर के पास शुक्रवार को दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना तेज था कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक बाइक सवार नगराम निवासी युवक विकास कुमार(उम्र लगभग 26 वर्ष) और दूसरी बाइक पर हुसैनाबाद निवासी रामविलास गौतम (उम्र लगभग 50 वर्ष) अपनी पत्नी के साथ सवार थे। टक्कर के बाद तीनों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

इसी दौरान क्षेत्र से गुजर रहे सपा के पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर (विधानसभा क्षेत्र मोहनलालगंज, लखनऊ) ने दुर्घटना देख तुरंत अपना काफिला रुकवाया। उन्होंने अपने पीआरओ हरीशंकर को निर्देश देकर डायल 112 पर सूचना दिलाई। पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सीएचसी पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार घायलों का उपचार जारी है। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।



# बोर्ड के अपर सचिव ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। माध्यमिक शिक्षा परिषद के क्षेत्रीय अपर सचिव डॉ विनोद राय ने परीक्षा केंद्रों दौरा कर केंद्र संचालन की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने नगर पंचायत के गंगापुर इंटर कॉलेज गंगापुर को देखा। परीक्षा कक्ष में जाकर




के भी परीक्षा की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र अध्यक्ष की भूमिका की सराहना की। केंद्र अध्यक्ष से शेष परीक्षाओं में इसी तरह मुस्तैदी के साथ कराने की सलाह दी। इस दौरान केंद्र अध्यक्ष डॉक्टर श्रीप्रकाश सिंह वरिष्ठ शिक्षक डॉ राजेश सिंह परीक्षा प्रभारी शीतला प्रसाद उमेश सिंह रतन शंकर सिंह आदि उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा थाना क्षेत्र में बुधवार शाम हुए एक सड़क हादसे में घायल स्कूटी सवार महिला की इलाज के दौरान बीएचयू ट्रामा सेंटर में मौत हो गई।बेनीपुर निवासी सोनी देवी, जो सियाराम की पत्नी थीं, अपनी भतीजी सिवानी के साथ जंसा के बड़ौरा बाजार दवा लेने गई थीं।दवा लेकर लौटते समय हीरापुर गेट से लगभग 500 मीटर आगे एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रैक्टर ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में सोनी देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल क्षेत्र के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बीएचयू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया था।ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने इस मामले की जानकारी ली है और अज्ञात ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# ऑटो रिक्शा से गिरकर महिला की मृत्यु

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। ऑटो रिक्शा से अपने घर सिहोरवा जा रही महिला पिंकी सिंह 42 पत्नी अमित सिंह दुर्घटना में घायल होने के बाद निधन हो गया। वे अपने मायके रईसी रामपुर से वापस आ रही थी। बताया जाता है कि ऑटो रिक्शा में किनारे की ओर बैठी थी कोइली पुल के पास ऑटो पहुंचने पर वह ऑटो से बाहर गिर पड़ी। उसी समय बगल से जा रहे एम्बुलेंस के चपेट में आ गयी जिससे उनके सिर में चोट लगी और वह दोबारा गिर पड़ी। स्थानीय लोगों ने घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जक्खिनी भेजा। जहां चिकित्सकों ने जांच पड़ताल के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पिंकी सिंह को दो बच्चे हैं। निधन की सूचना पर घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल था।

# ओवर आल महिला-पुरुष शिएट पीजी कालेज गहनी की टीम विजेता रही।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। सरस्वती उच्च शिक्षा एवं तकनीकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय गहनी ,आयर वाराणसी में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ द्वारा आयोजित अन्तर महाविद्यालयीय कराटे प्रतियोगिता (पुरूष और महिला) का आयोजन किया गया ' प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ. अमरेंद्र कुमार सिंह, पर्यवेक्षक कुमारी बीना, चयनकताओं श्री अमित कुमार उपाध्याय और श्री अखिलेश रावत के अतिरिक्त प्रो. सुबोध सिंह, श्री दिलीप कुमार





सैनी और डॉ. आनंद सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे' उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय के उप - प्रबन्धक श्री नवीन कुमार सिंह और प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार सिंह ने उपस्थित अतिथियों और निर्णायक मंडल आदि का स्वागत पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न प्रदान कर किया ' प्रतियोगिता में महिला काता में शशि कला को स्वर्ण, साक्षी तिवारी को रजत और काजल चौहान और नाजिया परवीन को कांस्य पदक मिला ' - 50 किलो भार वर्ग में शशि कला मौर्या, आँचल पाल, और रिया पटेल, पूजा पाल और - 55 किलो भार वर्ग में अदिति सोनकर, सोनी गोंड और काजल, - 61 किलो भार वर्ग में नाजिया परवीन, ज्योति उपाध्याय और दिव्यांशी पटेल - 68 किलो भार वर्ग में अनुभूति मौर्या और अर्पिता वर्मा और +68 किलो भार वर्ग में कृति उपाध्याय और स्नेहलता सिंह को क्रमशः स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक मिला' पुरुष वर्ग में विभिन्न भार वर्गों में अमन, निखिल, जयवीर, अजीत, आफियान, विमलेश को स्वर्ण पदक , ईशान, आर्यन, अयान, शिवम, प्रियांशु को रजत पदक और आरव सिंह, अंकित यादव, आशुतोष, सूर्यभान, वैदिक, आशु, शिवम को कांस्य पदक मिला' महिला और पुरुष वर्ग में ओवरआल शीएट पी.जी. कॉलेज वाराणसी की टीम विजेता रही जबकि काशी विद्यापीठ की टीम उप विजेता रही ' विजेता खिलाड़ियों और चैंपियन टीम को प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार सिंह ने पदक और ट्राफी देकर सम्मानित किया ' प्रतियोगिता में बीपीएड विभाग से डॉ. दिनेश चंद्र अरोड़ा, डॉ. सुजीत कुमार सिंह, डॉ. दिग्विजय नारायण वर्मा, श्री मनीष कुमार सिंह और डॉ. अमित कुमार सोनकर सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक उपस्थित थे ' संचालन और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुरभि श्रीवास्तव ने किया।

# राज्य ,ब्लाक स्तरीय टीम द्वारा टी बी मुक्त ग्राम पंचायतों का किया भौतिक सत्यापन

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ ब्लाक में राज्य और ब्लॉक स्तरीय टीम द्वारा शुक्रवार को टी बी मुक्त ग्राम पंचायत पश्चिमपुर,चमाव और काजीसराय का भौतिक सत्यापन किया।

राज्य स्तरीय पर्यवेक्षक रीता पाटिल ,एमोडिटीसी डॉ0 अवनीत श्रीवास्तव , पीपीएम नमन गुप्ता, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी हरहुआ डा0संतोष कुमार , एमओटीसी डॉ नंद आसरे , एचई ओ सतीश गुप्ता , बीपीएम बसंत लाल श्रीवास्तव सहायक विकास अधिकारी 'पंचायत' रवि सिंह तथा टी बी यूनिट से एसटीएलएस मुन्ना लाल जायसवार, टीबी हेल्थ विजिटर विवेक चौरसिया,एलटी सूरज कुमार सिंह पटेल टीम में शामिल रहे।

डा0 अवनीत श्रीवास्तव ने ग्रामीणों को बताया गया कि क्षय रोग छुपाने की जरूरत नहीं है बल्कि व्यक्ति को जल्द से जल्द जांच करवा कर क्षय रोग चिन्हित होने पर क्षय रोग का



इलाज कराकर क्षय रोग से मुक्ति पाई जा सकती है।

प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा0 संतोष कुमार द्वारा बताया गया कि ब्लॉक हरहुआ में वर्ष 2023 कुल 75 ग्राम पंचायतों में से 10, वर्ष 2024 में 75 में से 47 और 2025 में 75 ग्राम पंचायतों में से 52 मरीज टी बी मुक्त हुए है।

टीम द्वारा काजीसराय में मरीज के घर जाकर उसके स्वास्थ्य व मिलने वाली सुविधाओं निश्चय पोषण के बारे में जानकारी प्राप्त किया और आयुष्मान आरोग्य मंदिर चमाव का स्थलीय निरीक्षण व रिकार्ड चेक किया गया।

टीम द्वारा टी बी यूनिट और आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सीएचओ मोनिका यादव के कार्य की सराहना।

इस वर्ष हरहुआ ब्लॉक से 75 में से 5 ग्राम पंचायत को गोल्ड , 44 ग्राम पंचायत को सिल्वर तथा 14 ग्राम पंचायत को कांस्य पदक दिया जाएगा।

# पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं युवा समाजसेवी मनीष पटेल का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर /विकासखंड राजगढ़ के नदीहार गांव निवासी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य मनीष पटेल युवा समाजसेवी का जन्म दिवस दरबान के निहाल सिंह के फार्म हाउस पर धूमधाम से मनाया गया। जन्मदिवस पर युवा समाजसेवी को उपस्थित अतिथियों ने केक काटकर आतिशबाजी कर अपने युवा नेता का अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया। युवा समाजसेवी मनीष पटेल हर समय लोगों के सुख-दुख में शामिल होकर उनकी समस्या का निवारण करते हैं और दीन दुखियों की मदद भी करते हैं। इनके द्वारा अपने जन्मदिन पर बच्चों में पेन कॉपी कलम किताब भी बांटा गया। जहां



पर बच्चों के चेहरे खिल उठे। उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को जन्मदिन की बधाई दी। मनीष पटेल एक युवा समाजसेवी हैं। इसके पूर्व नदिहार ग्राम पंचायत के क्षेत्र पंचायत सदस्य के पद पर रहते हुए उन्होंने अनेक विकास कार्य कराए हैं। समाज के दीन दुखियों के सेवा में सदैव तत्पर रहते हैं। जन्मदिवस के अवसर पर शिबू पटेल, प्रवीण कुमार सिंह, विक्की पटेल, सोनू, मोनू, मुन्ना सिंह रुद्रा बिज भंडार, समित , बच्ची, राकी, दिनेश पटेल उपस्थित रहे।

# हिनौता हनुमान मंदिर परिसर के धर्मशाला निर्माण में अजय कुमार सिंह उर्फ छोटू पटेल ने निर्माण सामग्री भेज कर किया आर्थिक सहयोग

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर /विकासखंड राजगढ़ के हिनौता दरबान में प्राचीन हनुमान मंदिर के प्रांगण में बजरंग सेवा समिति हिनौता ददरा श्रद्धालुओं के सुविधा हेतु धर्मशाला का निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है। प्राचीन हनुमान मंदिर पर प्रतिदिन हजारों दर्शन हनुमान भक्त दर्शन करने आते हैं। हिंदू रीति रिवाजों के अनुसार पूजन अरचन बिधि पूर्वक होता है। छोटे बड़े शादी विवाह पूरे वर्ष मंदिर परिसर में आयोजित होता है। जिससे लोगों को ठहरने व कार्यक्रम में मौसम का व्यवधान उत्पन्न होता है। बजरंग समिति के सदस्यों द्वारा मंदिर में अनेक विकास कार्य कराए गए हैं। जिस मंदिर की ख्याति पूरे पूर्वांचल में है। मंदिर में दर्शन पूजन हेतु दूसरे राज्य के भी भक्तगणों का आवागमन लगा रहता है।

दर्शनार्थियों के सुविधा को देखते हुए धर्मशाला निर्माण में रामपुर सक्तेसगढ़ क्षेत्र के मैनेजिंग डायरेक्टर शहनाई कंस्ट्रक्शन अजय कुमार सिंह उर्फ छोटू पटेल के द्वारा शुक्रवार को दान स्वरूप हाईवा से बीस एम एम काली गिट्टी गिराकर निर्माण कार्य में




गति प्रदान किया। इससे पहले भी उन्होंने नदिहार के आदर्श तालाब के पास मंदिर निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। दीन दुखियों की मदद में हमेशा इनका हाथ आगे रहता है। कोई समस्या होने पर शहनाई परिवार के सदस्यों के माध्यम से समस्या का समाधान भी इनके द्वारा किया जाता है। ग्रामीणों की सेवा सत्कार के अलावा मदद के लिए इनका हाथ हमेशा आगे रहता है। जिले के सबसे चर्चित युवा समाजसेवी अजय कुमार सिंह उर्फ छोटू पटेल लोगों की समस्या समाधान करना इनका प्रथम लक्ष्य है। आज उनके द्वारा हनुमान समिति हिनौता द्वारा उनके इस सहयोग के लिए ग्राम वासियों के द्वारा सराहना की । वही छोटू पटेल द्वारा पिछले दिनो हजारों भक्तों को भंडारे में महाप्रसाद का वितरण किया गया था। शहनाई कंस्ट्रक्शन के मैनेजिंग डायरेक्टर अजय कुमार सिंह उर्फ छोटू पटेल मीरजापुर जिले के एक उभरते हुए युवा समाजसेवी है। जो क्षेत्र में समाज के प्रत्येक क्षेत्र में बढ़-चढ़कर सहयोग करते हैं। मंदिर के पुजारी ने पूजन अर्चन के बाद भक्तगणों को प्रसाद भी वितरण किया। बजरंग समिति के सदस्य शिबू पटेल, संजय सिंह समाजसेवी,मनीष पटेल ,प्रवीण कुमार सिंह,ओम विष्णु देव, ओम ब्रह्मा देव, अमरेश चंद्र सिंह, समित सिंह, संतोष पाठक मौजूद रहे।

# ऋणवितरण और वसूली की प्रगति मे सुधार लायें : अवधेश सिंह

**समाज जागरण**

वाराणसी। जिलासहकारीबैंक मिजार्पुर/सोनभद्र की ओबरा शाखा मे बीपैक्स सचिवो की समीक्षा बैठक एडीसीओ राबर्टसगंज/ ओबरा अवधेश सिंह द्वारा ली गई।बैठक मे शाखाप्रबंधक ओबरा अरविंद कुमार भी उपस्थित रहे।

समीक्षा मे जुगैल बीपैक्स के अलावा किसी समिति मे ऋणवितरण लक्ष्यानुरूप नही पाया गया।वसूली की स्थिति भी संतोषजनक नही रही। एडीसीओ ने सभी सचिवो को वसूली और ऋणवितरण बढ़ाने के निर्देश दिए। शाखाप्रबंधक अरविंद कुमार ने ऋणसीमा का फार्म सभी सचिवो को उपलब्ध कराते हुए एक सप्ताह मे जमा करने के निर्देश दिए।

कंप्यूटराइजेशन की समीक्षा मे पाया



गया कि रामगढ़ के अलावा सभी समितियाँ डेइंड हैं।रामगढ़ लैम्पस मे अभी 18 जून की बाउचर फीडिंग चल रही है।शाखाप्रबंधक ने प्रभारी उदयवीर को अधिकतम एक सप्ताह मे फीडिंग पूर्ण कराकर डेइंड कराने के निर्देश दिए।

अन्य समितियो को प्रतिदिन अनिवार्य रूप से लागिन करने का निर्देश दिया। एडीसीओ ने जुगैल, परसोई और रामगढ़ सचिवो को सदस्यता महाअभियान की अवशेष राशि तीन दिन के भीतर जमा करने के लिए आगाह किया। बैठक मे एडीसीओ तथा शाखाप्रबंधक ने सचिवो को क्यूआर स्कैनर और साउंड बाक्स का भी वितरण किया।

बैठक मे एडीसीओ अवधेशसिंह, शाखाप्रबंधक अरविंद कुमार के अलावा सचिव उमाशंकर यादव, नागेश्वर जायसवाल तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

# द एजेंसी कांन्क्लेव में मॉडल प्राथमिक विद्यालय दान्दूपुर के बच्चों ने बाँधा समाँ

**समाज जागरण**

वाराणसी ।निपुण चैंपियन मेला का आयोजन बुद्धा सभागार सारनाथ में इन्वाल्व लर्निंग सलूशन फाउंडेशन एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सारनाथ के संयुक्त तत्वाधान में पीयर लर्निंग कार्यक्रम के तहत किया गया। जिसमें प्राथमिक वर्ग में जनपद में पूरे हरहुआ ब्लॉक को प्रतिधिनित्व करने का मॉडल प्राथमिक विद्यालय दान्दूपुर के 'इको क्लब' के बच्चों को अवसर मिला



विद्यालय के 'इको क्लब' की टीम पर्यावरण संरक्षण पर नुक्कड़ नाटक 'अब तो जागो' , 'इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के उद्देश्य' पर छात्रा तृषा भारद्वाज का शानदार उद्बोधन साथ ही छात्रों ने कांन्क्लेव में अपने वर्षभर 'इको क्लब' के तहत किये गये कार्य, नवाचार ( नो प्लास्टिक जोन के तहत निर्मित प्लास्टिक ब्रिक्स), किचेन गार्डेन में जैविक विधि से पालक, मेंथी, मूली, टमाटर, लहसून का स्टाल लगाया। वर्किंग टी एल एम मॉडल(कबाड़ से जुगाड़) ,वॉटर ए टी एम, बर्ड फीडर, डस्ट बिन, कम्पोस्ट पिट तथा पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से 'इको क्लब फॉर मिशन लाइफ' के 3-आर सिद्धांत रिड्यूज, रियूज व रिसाइकिल का बेहतर समन्वय दिखाया '

अपने शानदार प्रदर्शन से छात्रों ने उपस्थित लोगों को यह कहने पर मजबूर किया कि प्रतिभा संसाधन की मोहताज नहीं होती, सीमित संसाधन में भी अगर इन्हे सही मार्गदर्शन एवं उचित मंच मिले तो ये बच्चे अपने हूनर का लोहा मनवाने में सक्षम हैं ' नुक्कड़ नाटक टीम में 'इको क्लब' की कैप्टेन तृषा भारद्वाज, आर्यन यादव, आदित्य, खुशी, सरस प्रजापति, नंदिनी तथा सुजाता ने प्रतिभाग किया ' बच्चों सहित मेंटर नीतू सिंह, रंजना यादव को शुभकामनायें देते हुये डा0 शैलेन्द्र विक्रम सिंह प्रधानाध्यापक ने ऐसे आयोजनों को बच्चों के सवार्गीण विकास के लिए आवश्यक बतया।

# डीसी मनरेगा ने हरहुआ ब्लॉक कार्यालय का निरीक्षण कर कर्मियों संग की समीक्षा बैठक

## - शासन की योजनाएं पात्र लाभार्थी तक पहुंचे।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। डीसी मनरेगा देवेंद्र कुमार ओझा ने हरहुआ ब्लॉक कार्यालय का निरीक्षण कर ब्लाक कर्मचारियों संग समीक्षा बैठक की। स्पष्ट निर्देश दिया कि शासन की योजनाएं पात्र लाभार्थी तक पहुंचे और शिकायतों का निस्तारण निपटाते हुए लिपिक अश्विनी कुमार को रजिस्टर में कार्य निस्तारण का भी कालम बनाने को कहा।

ब्लाक के समस्त सहायक विकास अधिकारी संग बैठक कर उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। ब्लाक सभागार, सामुदायिक शौचालय ,एनआरएलएम व पंचायत कार्यालय का अवलोकन किया। ब्लाक प्रांगण में स्थित पशु अस्पताल का निरीक्षण कर दस्तावेजों का




अवलोकन किया।

फार्मर रजिस्ट्री,फेमिली आई डी जनशिकायतों का निस्तारण समय से करने ,भ्रमण पंजिका में सम्पादित करने सहित अभिलेखों के रखरखाव के बारे में निर्देशित किया।साथ में विभिन्न पटलों पर जाकर पूछताछ किया।


समीक्षा बैठक में प्रभारी बीडीओ सहायक विकास अधिकारी रवि प्रकाश सिंह ,एडीओ पंचायत रवि सिंह,एडीओ कृषि देवेंद्र पांडेय ,एडीओ समाज कल्याण शशांक कुमार,एडीओ एसटी शैलेन्द्र सिंह ,जे ई एमआई धर्मेंद्र कुमार व रीना तिवारी शामिल रहे।

# सारस्वत सम्मान से बीएचयू में सम्मानित किए जाएंगे स्वतंत्र पत्रकार ब्रजभूषण दूबे

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर
दैनिक समाज जागरण**

सारस्वत सम्मान से बीएचयू में सम्मानित किए जाएंगे सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्वतंत्र पत्रकार ब्रजभूषण दूबे !

यह प्रतिष्ठित सम्मान अखिल भारतीय सारस्वत परिषद द्वारा श्री दूबे को 23 फरवरी 2026 को काशी हिंदू विश्वविद्यालय के व्याख्यान कक्ष वैदिक विज्ञान केंद्र काशी हिन्दू विश्व विद्यालय वाराणसी में दिया जाएगा !



इस आशय की जानकारी एवं निमंत्रण पत्र उन्हें चयन समिति के अध्यक्ष और महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर राजस्थान के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित एवं प्रोफेसर विवेकानन्द तिवारी द्वारा दी गई है !

एक दशक से अखिल भारतीय सारस्वत परिषद द्वारा ज्ञान विज्ञान त्याग सेवा समर्पण, धर्म संस्कृति, पत्रकारिता, साहित्यिक शैक्षिक एवं राजनीतिक संस्थानों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाता है !

ऐसी विभूतियों का चयन पूरी पारदर्शिता के साथ अखिल भारतीय सारस्वत परिषद की टीम द्वारा किया जाता है !

चयन समिति ने सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्वतंत्र पत्रकार ब्रजभूषण दूबे द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो का संज्ञान लिया जिसमें 51 बार स्वयं रक्तदान, माता-पिता का मरणोपरांत देहदान कराना, मरणोपरांत नेत्रदान कराकर 16 दृष्टिहीन लोगों को जीवन ज्योति देने का उच्चतम प्रयास, गंगा सहित देश की प्राण दाहिनी नदियों को बचाने के लिए जन जागरूकता के साथ-साथ खड़ाऊ धारण करने का संकल्प, मानव अधिकार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्यों को संपादित करने के साथ दृष्टिहीन दिव्यांगजन को श्रमदान से शौचालय आवास बनाने के अलावा सूचना अधिकार के क्षेत्र में व्यापक संघर्ष का संज्ञान धारण करते हुए समिति ने श्री दुबे का चयन किया है !

सम्मानित किए जाने की सूचना प्राप्त होने के बाद ब्रज भूषण दुबे ने कहा कि हमने जो कुछ भी किया है वह कोई एहसान नहीं है, यह हमारे संविधान वर्णित मौलिक कर्तव्य हैं ! भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की बगिया में अखिल भारतीय सारस्वत परिषद द्वारा मिलने वाला सम्मान हमारे लिए गौरवशाली क्षण होगा !

अखिल भारतीय सारस्वत परिषद द्वारा पत्रकारिता के क्षेत्र में मिलने वाले सम्मान से श्री दुबे के सहयोगी मित्र मंडली व शुभेच्छु कुंभनाथ जैसवाल, गुल्लू सिंह यादव, शिवानंद उपाध्याय, कैप्टन योगेंद्र यादव, शिवम उपाध्याय, धर्मेंद्र मिश्र, वंशराज यादव, संतोष कुशवाहा, हसन अब्दुल्ला, अभिषेक यादव आर एस हॉस्पिटल के डॉक्टर राजेश पांडे, मोहम्मद साद शेख, रमेश चौबे एवं दाऊद इब्राहिम आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है !

# अदलहाट थाना क्षेत्र मेंपुरानी रंजिश में छात्र पर जानलेवा हमला, लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से पीटा गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण**

मीरजापुर / अदलहाट थाना क्षेत्र के रसूलागंज इलाके में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों ने एक छात्र पर जानलेवा हमला कर उसे मरणासन्न कर दिया। हमलावरों ने छात्र को लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से बुरी तरह पीटा, जिससे वह मौके पर ही बेहोश हो गया। बीच-बचाव के लिए भीड़ जुटती देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

**परीक्षा देकर लौट रहा था छात्र**

पीड़ित मोहित कुमार सिंह, जो मूल रूप से कैमूर (बिहार) का निवासी है और रामललित महाविद्यालय कैलहट में B.Sc (Ag) तृतीय वर्ष का छात्र है, ने बताया कि घटना 18 फरवरी की दोपहर करीब 3 बजे की है। मोहित राम सुरेश महाविद्यालय से परीक्षा देकर अपनी बाइक से वाराणसी जा रहा था।

रास्ते में घेरकर किया हमला

तहरीर के अनुसार, रसूलागंज स्थित गीतांजलि अस्पताल के सामने पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उसे रोक लिया। आरोपियों की पहचान अभिषेक सिंह, अतुल सिंह (दोनों पुत्र कुलदीप सिंह), आदित्य रघुवंशी और रिशु ठाकुर (निवासीगण लक्ष्मणपुर, वाराणसी) के रूप में हुई है।

प्रहार इतना जबरदस्त था कि छात्र के सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं। हमलावरों ने छात्र की बाइक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

बेहोशी की हालत में स्थानीय लोगों ने उसे गीतांजलि अस्पताल पहुंचाया, जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद उसे ट्रामा सेंटर, वाराणसी रेफर कर दिया गया।

डिस्चार्ज होने के बाद पीड़ित छात्र ने 19 फरवरी को अदलहाट थाने में नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार से मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# स्वयंसेवकों ने साफ सफाई कर एन0एस0एस0 के इतिहास व विकास की ली जानकारी

**समाज जागरण**

वाराणसी। आज महाराज बलवंत सिंह पीजी कॉलेज गंगापुर वाराणसी में राष्ट्रीय सेवा योजना का दूसरा एकदिवसीय शिविर गंगापुर परिसर में लगाया गया।

स्वयंसेवकों ने 21 व 22 फरवरी को होने वाले वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता 2026 की तैयारी को दृष्टिगत रखते हुए पूरे परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया मैदान की साफ सफाई की।

दोपहर जलपान के उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार सिंह



का व्याख्यान हुआ। प्रो0 सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास एवं विकास पर वृहद ढंग से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में स्वयं सेवकों ने अनेक मनमोहन गीत प्रस्तुत किया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अखिला नन्द सिंह कार्यक्रम अधिकारी अधिकारी डॉक्टर अर्चना सिंह शारीरिक शिक्षा प्रभारी अंगद प्रसाद यादव , डॉक्टर ममता जी उपस्थित रहे।

# जैविक किसान मेले में जुटे सैकड़ों किसान

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

मिर्जापुर।। नमामि गंगे योजना से जुड़े बायोसर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सीखड़ विकासखंड के तम्मनपट्टी गांव में जैविक किसान मेले का आयोजित किया गया। जैविक कृषि मेला में किसानों से जैविक खेती करने का आह्वान किया गया। विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनर योगेंद्र कुमार सिंह ने कम लागत में अधिक उत्पादन के तौर-तरीके बताए। रासायनिक उर्वरक और कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से उपजाऊ भूमि के बदलते स्वभाव एवं लगातार हो रही कार्बन की कमी को लेकर किसानों को आगाह किया। किसानों से पशुपालन कर पशुओं के



गोबर से तैयार खाद का प्रयोग करने की अपील किया। किसानों को जैविक विधि से टमाटर,मिर्च,गोभी इत्यादि की हाईटेक नर्सरी डालने की विधि बताई गई। डॉ सुरेश ने किसानों को प्रकृति में जो भी उपलब्ध है , उसका समावेश करके खेती में प्रयोग कर अपनी उपज को बढ़ाने के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन गंगाराम सिंह ने किया।कार्यक्रम में सुभाष सिंह, राकेश सिंह, रामपाल सिंह, विवेक सिंह, विक्रम सिंह सहित सैकड़ों किसानो ने मेले में आ कर कृषि संबंधित जानकारी ली।

# सड़क हादसे में पूर्व ग्राम प्रधान की मौत, लोढ़ी पुलिस चौकी पर थी ड्यूटी, अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

## गांव में शोक की लहर, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल

**विजय शंकर पाण्डेय जिला संवाददाता/समाज जागरण**




खलियारी/ सोनभद्र। सोनभद्र शक्ति नगर वाराणसी राज्य मार्ग फिर बना किलर रोड लोढ़ी पुलिस चौकी में ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड को अज्ञात वाहन ने कुचला मौके पर हुई दर्दनाक मौत जिला अस्पताल गेट के सामने की घटना घंटों सड़क पर पड़ा रहा शव भोर की बताई जा रही है घटना पुलिस जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार गोटी बांध निवासी पूर्व ग्राम प्रधान रामसूरत यादव उम्र लगभग 54 वर्ष पुत्र रामधनी यादव ग्राम पंचायत गोटी बांध के दो बार ग्राम प्रधान और एक बार क्षेत्र पंचायत सदस्य भी रहे रामसूरत यादव की ग्राम पंचायत में अच्छी खासी पकड़ थी इनके मौत से गांव में मातम छा गया है। होमगार्ड के पद पर कार्यरत थे जिनकी ड्यूटी पुलिस चौकी लोढ़ी पर लगाई गई थी भोर में किसी कार्य से रोड पार कर रहे थे कि अचानक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए जिससे मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई बताया जा रहा है कि हादसे के बाद घंटों तक शव सड़क पर ही पड़ा रहा किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी तो शव को हटाया गया घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गई है और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है सीसी टीवी फुटेज से जानकारी जुटाई जा रही है अज्ञात वाहन की तलाश जारी है।

# दुद्धी में भीषण सड़क हादसाः स्पीड ब्रेकर न होने से दो मजदूर गंभीर, पीडब्ल्यूडी पर उठे सवाल

युवा समाजसेवी अजय यादव ने विभागीय लापरवाही पर उठाए सवाल

**समाज जागरण/ उपेन्द्र कुमार तिवारी**

दुद्धी/ सोनभद्र। दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के गुलालझरिया भठ्ठी मोड़ के पास एक बार फिर सड़क हादसा हो गया। स्पीड ब्रेकर न बनाए जाने के कारण हुई इस दुर्घटना में बाइक सवार दो तिहाड़ी मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घायलों की पहचान प्रेमनाथ पुत्र सुखलाल (लगभग 30 वर्ष) एवं शिव नारायण पुत्र बिसुर (लगभग 45 वर्ष), निवासी डुमरडीहा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों एक ही बाइक से मजदूरी करने दुद्धी जा रहे थे। इसी दौरान झारो मनबसा की ओर से बच्चों को लेकर आ रही एक मैजिक वाहन से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों सड़क पर गिर पड़े। मैजिक वाहन में बैठे लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार मैजिक वाहन तेज रफ्तार में था। कुछ लोगों ने चालक पर लापरवाही और नशे में वाहन चलाने का आरोप भी लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि भठ्ठी मोड़ पर पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें लोगों की जान तक जा चुकी है। स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग कई बार उठाई गई और विभाग द्वारा आदेश भी जारी हुआ, लेकिन अब तक जमीनी स्तर पर कोई कार्य नहीं हुआ।

इस मामले को लेकर समाजवादी पार्टी छात्रसभा के विधानसभा अध्यक्ष अजय यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उटड कार्यालय, डीएम सोनभद्र और यूपी पीडब्ल्यूडी को टैग कर विभागीय लापरवाही पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने लिखा कि ब्रेकर न होने के कारण आज फिर दो लोग जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं, जबकि स्पीड ब्रेकर निर्माण का प्रस्ताव पहले ही पारित हो चुका है। स्थानीय लोगों ने पीडब्ल्यूडी विभाग की उदासीनता की कड़ी निंदा करते हुए जल्द से जल्द स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

# जन चौपाल लगाकर जन कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

**जिला संवाददाता विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**




सोनभद्र। विकास खण्ड करमा के मोकरसिम एवं मझुई ग्राम पंचायत भवन पर शुक्रवार को जन चौपाल का आयोजन हुआ। जिसमे ग्रामीणों को जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। खण्ड विकास अधिकारी गुरुशरन श्रीवास्तव ने मोकरसिम पंचायत भवन पर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। उन्होंने ग्रामीणों को मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री आवासप्लस, वृद्धा, विधवा, दिव्यांग, समेत कई योजनाओं की जानकारी दी। और अधूरे आवासों को पूरा करने के लिए कहा गया। गांव में निमार्णाधीन नाली का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मझुई गांव में सचिव ने चौपाल के दौरान ग्रामीणों को शासन द्वारा जारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उक्त अवसर पर सचिव छोटेलाल, अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, प्रधान, पंचायत मित्र, पंचायत सहायक, आंगनवाड़ी, समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्कूली बच्चों में शिक्षण सामग्री वितरण कर, नगर पंचायत अध्यक्षा ने मनाया अपना जन्मदिन

**अनिल कुमार अग्रहरि/ समाज जागरण**



डाला/ सोनभद्र। स्थानीय नगर पंचायत की प्रथम नपं अध्यक्षा फुल वंती गोंड़ ने शुक्रवार को अपना जन्मदिन अनूठे अंदाज में मनाया। उन्होंने पटेहरा टोला प्राथमिक विद्यालय के बच्चों में टाफी, कांपी, पेंसिल व पेंसिल बाक्स वितरण कर बच्चों के साथ अपना 33 वां जन्म दिन बेहद सादगी और हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। नपं अध्यक्षा ने अपने जन्मदिन पर सुबह वार्ड नंबर छः में स्थित पटेहरा टोला प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर कक्षा एक से पांचवीं तक के बच्चों में पठन-पाठन के लिए सामग्री देकर कहा कि परोपकार सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने एक-दूसरे की मदद के लिए तत्पर रहने पर जोर दिया नगर के शैक्षणिक विकास को उन्होंने महत्वपूर्ण बताया और कहा कि शिक्षा सबके लिए जरुरी है सभी माता पिता अपने बच्चों को जरुर स्कूल भेजें। स्कूल में आते ही बचपन की यादें ताजा हो गईं बच्चों के बीच अपना जन्मदिन मनाकर मुझे बहुत खुशी हुई। बच्चों के साथ समय बिताकर उनकी शिक्षा को लेकर चर्चा किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया।इस दौरान सभासद नितेश कुमार निषाद, संतोष कुमार, विनय कुमार व विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

# थाना अनपरा की साइबर टीम द्वारा ठगी गई ₹51,000/- की संपूर्ण धनराशि आवेदक के मूल खाते में कराई वापस

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**



सोनभद्र। आवेदक रविन्द्र प्रताप सिंह पुत्र स्व0 बृजनाथ सिंह निवासी अनपरा बाजार थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र के साथ दिनांक 28.01.2026 को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जमीन बेचने के नाम पर बयाना के रूप में ₹51,000/- की साइबर ठगी की गई थी। पीड़ित द्वारा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं साइबर क्राइम पोर्टल (cybercrime.gov.in)पर शिकायत दर्ज कराई गई।

पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे साइबर अपराध की रोकथाम के अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक अनपरा सत्येन्द्र कुमार राय के नेतृत्व में थाना अनपरा की साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई।

साइबर टीम ने NCRP पोर्टल के माध्यम से प्रकरण का विश्लेषण कर ₹9,835.41/-की धनराशि संबंधित खातों में होल्ड कराई एवं आवश्यक साक्ष्य संकलित कर संबंधित बैंक शाखा से सतत पत्राचार एवं समन्वय स्थापित किया। तत्पश्चात प्रभावी कार्यवाही करते हुए आवेदक की ठगी गई संपूर्ण धनराशि ₹51,000/- उसके मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराई गई। पीड़ित द्वारा थाना अनपरा की साइबर टीम की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

# वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार यादव डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त

## - 9 मार्च को होगा मतदान, उसी दिन होगी मतगणना और विजयी पदाधिकारियों की घोषणा

- 23 फरवरी से होगा पर्चा का वितरण, 24 फरवरी तक होगा पर्चा का दाखिला

**सदर संवाददाता अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के सत्र 2025 -2026 के चुनाव हेतु एल्डर कमेटी के अध्यक्ष श्रीनाथ सिंह एडवोकेट ने वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार यादव एडवोकेट को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र का चुनाव कराने के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। उनके सहयोग के लिए सुरेश सिंह कुशवाहा एडवोकेट व राजकुमार सिंह पटेल एडवोकेट को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है।

एल्डर कमेटी के अध्यक्ष श्रीनाथ सिंह एडवोकेट ने कहा कि चुनाव अधिकारी का स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी होती है। चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाना, जिसमें मतदान, मतगणना और परिणामों की घोषणा शामिल है।

मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश कुमार यादव एडवोकेट ने कहा कि चुनाव का समय सारणी घोषित कर दिया गया है। नामांकन प्रपत्र वितरण व जमा 23 फरवरी 2026 से 24 फरवरी 2026 तक होगा। नामांकन सूची का प्रकाशन व नामांकन प्रपत्र पर आपत्ति तथा नामांकन प्रपत्र की जांच व आपत्ति का निस्तारण 25 फरवरी 2026 को होगा। वैध नामांकन सूची का प्रकाशन व नामांकन प्रपत्र वापसी व अंतिम सूची का प्रकाशन 26 फरवरी 2026 को होगा। निःशुल्क मतदाता सूची का वितरण 27 फरवरी को व टेंडर मतदान 7 मार्च 2026 को होगा। मतदान की तिथि 9 मार्च 2026 को नियत की गई है। उसी दिन मतगणना होगी तथा उसी दिन परिणाम की घोषणा होगी तथा एल्डर कमेटी द्वारा शपथ ग्रहण भी कराया जाएगा।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट , पूर्व अध्यक्ष श्यामबिहारी यादव एडवोकेट,वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट , महामंत्री प्रदीप कुमार सिंह मौर्य एडवोकेट, चतुर्भुज शर्मा एडवोकेट, एल्डर कमेटी के सदस्यगण मुश्ताक अली एडवोकेट, निर्मलेंद्र कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, रमेश चंद्र सिंह एडवोकेट व छोटे लाल गौतम एडवोकेट मौजूद रहे।

# फिक्स टर्म इम्पलाइमेंट सामाजिक सुरक्षा से मजदूरों को करेगा वंचित :- दिनकर कपूर

## * २२ फरवरी को आयोजित ठेका मजदूर यूनियन के जिला सम्मेलन की तैयारी में अनपरा में हुआ जन संवाद

**उपेन्द्र कुमार तिवारी तहसील संवाददाता/ समाज जागरण**

अनपरा/ सोनभद्र। श्रम कानून को खत्म करके लाए गए लेबर कोड में फिक्स टर्म इम्पलाइमेंट का प्रावधान मजदूरों को और भी असुरक्षित जीवन जीने के लिए मजबूर करेगा और अभी प्राप्त सामाजिक सुरक्षा प्रावधानों से वंचित करेगा। यही नहीं इन लेबर कोड में काम के घंटे 12 करने, न्यूनतम मजदूरी से भी कम फ्लोर लेवल वेज लाने और श्रम विभाग की भूमिका एनफोर्समेंट से बदलकर फैसिलिटेटर करने के कारण आने वाले समय में मजदूर वर्ग आधुनिक गुलामी की ओर बढ़ेगा। इसलिए मजदूरों का दायित्व है कि पूरी ताकत से इन लेबर कोड का विरोध करें। यह बात अनपरा में ठेका मजदूरों, इंजीनियरों और गणमान्य नागरिकों के साथ हुए जनसंवाद में पूर्व श्रम बंधु दिनकर कपूर ने कहीं। वह आज ठेका मजदूर यूनियन के 23 वें जिला सम्मेलन के सिलसिले में अनपरा आए हुए थे।



अनपरा के वरिष्ठ समाजवादी श्याम किशोर जायसवाल ने वार्ता में उनसे कहा कि ट्रेड यूनियन आंदोलन के लंबे अनुभव से वह इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि मांग और आपूर्ति आधारित आंदोलन आज की तारीख में अप्रासंगिक हो गया है। श्रम बंधु दिनकर कपूर ने कहा कि आज मजदूर वर्ग के अस्तित्व का संकट है। सैंकडों वर्षों के संघर्ष के बाद हासिल अधिकार उससे छीने जा रहें है। इसलिए जरूरत सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का भंडाफोड़ करने और वैकल्पिक नीतियों पर मजदूर वर्ग को खड़ा करने की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले 10 सालों से न्यूनतम मजदूरी का वेज रिवीजन ना होने के कारण इस महंगाई में मजदूरों को अपना जीवन चलना कठिन हो गया है।

इसलिए वेज रिवीजन पर भी रणनीति यूनियन के जिला सम्मेलन में तय होगी। जन संवाद में उनके साथ एआईपीएफ जिला सचिव इंद्रदेव सिंह खरवार, यूनियन के जिला मंत्री तेजधारी गुप्ता, शेख इम्तियाज मसीहुल्लाह अंसारी, हरिनाथ खरवार आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने सैनिक सम्मेलन, मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी एवं आगामी त्यौहारों की तैयारियों की समीक्षा बैठक

**विजय कुमार अग्रहरी ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**




सोनभद्र। पुलिस लाइन चुर्क कांफ्रेन्स हॉल में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा की अध्यक्षता में सर्वप्रथम सैनिक सम्मेलन आयोजित किया गया, तत्पश्चात मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी एवं आगामी त्यौहारों की तैयारियों की समीक्षा संपन्न हुई, जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्रा धिकारीगण, प्रतिसार निरीक्षक, समस्त थाना प्रभारी/ थानाध्यक्ष एवं शाखा प्रभारीगण उपस्थित रहे।

**सैनिक सम्मेलन**

सैनिक सम्मेलन के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस कर्मियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित एवं न्यायसंगत निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। पुलिस कर्मियों के आवास, अवकाश, चिकित्सा,वेतन,ड्यूटी रोस्टर, संसाधनों की उपलब्धता एवं पारिवारिक समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्रों पर विचार करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस बल का मनोबल उच्च बनाए रखने, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसामान्य के प्रति संवेदनशील व्यवहार बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया।

**मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी**

अपराध गोष्ठी के दौरान विगत 03 वर्षों के अपराध आंकड़ों, निरोधात्मक कार्यवाहियों,थाना-वार अपराध नियंत्रण की स्थिति एवं टॉप-10 अपराधियों की गतिविधियों की गहन समीक्षा की गई। 03 माह से अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, लंबित एसआर/विशेष रिपोर्ट प्रकरणों के निस्तारण, वांछित एवं पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाने, गो-तस्करी, अवैध मादक पदार्थ एवं अन्य संगठित अपराधों में संलिप्त तत्वों पर कठोर एवं प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में विशेष अधिनियमों के अंतर्गत की जा रही कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए PIT NDPS Act तथा 68 NDPS Act के अंतर्गत की गई कार्यवाही, गैंगस्टर एक्ट में संपत्ति जब्ती की प्रगति, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की बरामदगी की थाना-वार समीक्षा की गई। साथ ही हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी, गैंग चार्ट अद्यतन करने, बीट प्रणाली को सुदृढ़ करने एवं प्रभावी गश्त सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

तकनीकी एवं पोर्टल मॉनिटरिंग के अंतर्गत CEIR Portal पर मोबाइल बरामदगी प्रतिशत, साइबर फ्रॉड से संबंधित धनराशि रिकवरी एवं फ्रीज प्रतिशत,SID Portal पर विवेचनाओं की शत-प्रतिशत लिंकिंग, IGRS Portal एवं CM Helpline1076 पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, AKSH App के प्रभावी उपयोग तथा ITSSO Portal पर लंबित अभियोगों की प्रगति की समीक्षा की गई।

न्यायालयीय कार्यवाहियों के अंतर्गत मा० न्यायालय से प्राप्त सम्मन, वारंट एवं एनबीडब्ल्यू की तामील की स्थिति, ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत चिन्हित वादों की प्रगति, निरोधात्मक कार्यवाहियों में शिथिलता बरतने वाले थानों के विरुद्ध जवाब देही सुनिश्चित करने एवं अभियोजन समन्वय को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए।

**आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत समीक्षा**

आगामी त्यौहार रमजान माह/होली/ ईद-उल-फितर के दृष्टिगत जनपद के समस्त संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों का पुनः चिन्हांकन, पूर्व में घटित विवादों का विश्लेषण, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता, जुलूस मार्गों एवं कार्यक्रम स्थलों का भौतिक सत्यापन, पर्याप्त पुलिस बल एवं पीएसी की तैनाती, ड्यूटी चार्ट का पूर्व निर्धारण, फ्लैग मार्च एवं पैदल गश्त बढ़ाने, रात्रि कालीन गश्त सुदृढ़ करने, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की सतत निगरानी, अफवाहों पर त्वरित खंडन एवं विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

साथ ही पीस कमेटी की बैठकों का आयोजन कर जनप्रतिनिधियों, धर्म गुरुओं एवं गणमान्य नागरिकों से संवाद स्थापित करने, डीजे/ जुलूस/ धार्मिक कार्यक्रमों की अनुमति प्रक्रिया का विधिवत अनुपालन कराने, उच्च ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर नियमानुसार कार्यवाही करने, असामाजिक एवं अराजक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने, लाइसेंसी शस्त्रों का सत्यापन, पूर्व में चिन्हित विवादित व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखने एवं खुफिया तंत्र को सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट किया गया कि त्यौहार आपसी प्रेम, भाईचारा एवं सौहार्द का प्रतीक हैं, अतः किसी भी व्यक्ति द्वारा माहौल बिगाड़ने का प्रयास किए जाने पर उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# वृहद ऋण वितरण शिविर का हुआ आयोजन

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**





सोनभद्र। जिला उद्यम प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सोनभद्र के सभागार में वृहदऋण वितरण शिविर काआयोजन अग्रणी जिला प्रबन्धक, सोनभद्र तथा उपायुक्त उद्योग जिला उद्यम प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सोनभद्र के तत्वाधान में सम्पन्न हुआ है।

उक्त कार्यक्रम में जनपद स्थित समस्त बैंकों द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पीएम सूर्यघर योजना तथा समूहों को सीसीएल, मुद्रा योजना के अन्तर्गत कुल 210 लाभार्थियों को रू0 145.74 लाखका ऋण वितरण किया गया है।

उपायुक्त उद्योग, जिला उद्यम प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सोनभद्र विनोद कुमार चौधरी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के बारे विस्तार से बताते हुए कहा कि बैंकर्स सोनभद्र जनपद में उत्कृष्ट सेवा प्रदान कर रहे हैं। बैंकर्स सरकारी योजना की पत्रावलियों को समय से निस्तारित करें एवं सीएम फेलो को भी निर्देशित किया कि बैंकों से सम्पर्क पत्रावलियों का निस्तारण करायें।

इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबन्धक सलन बागे ने बताया कि बैंकों द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन एवं स्वरोजगार हेतु ऋण वितरण में महती भूमिका निभाई जा रही है। सभी सम्बन्धित विभाग इसमें अपना वांछित सहयोग प्रदान करें, गुणवत्तापरक ऋण पत्रावलियों के चयन में अपना सक्रिय भूमिका निभायें। अग्रणी जिला प्रबन्धक ने कहा कि पत्रावलियों को शाखा स्तर पर अधिक दिनों तक लम्बित न रखा जाय तथा स्वीकृति एवं वितरण का विवरण पोर्टल पर अद्यतन अवश्य करें ताकि प्रगति परिलक्षित हो। उपस्थित जिला समन्वयकों ने लाभार्थियों को योजना का पूर्ण लाभ लेने, आवश्यकतानुसार ऋण लेने, ऋणों की समय से चुकौती के लिए प्रोत्साहित किया ताकि भविष्य में उन्हें बैंकों से और अधिक सहयोग एवं ऋण प्रदान किया जा सके। परियोजना अधिकारी नेडा चन्द्रशेखर ने पीएम सूर्यघर योजना के बारे में बताते हुए अधिक से अधिक लाभार्थियों को ऋण प्रदान करने हेतु कहा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजनाएवं अटल पेंशन योजना के बारे में भी बताया गया।

कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी नेडा चन्द्रशेखर, बैंकों के जिला समन्वयक, एफ0एल0सी0 तथा लगभग 120 लाभार्थी उपस्थित रहे।

# केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में भारत-ब्राजील सहयोग को घनिष्ठ बनाने के लिए ब्राजील के समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठक की

## एआई इम्पैक्ट समिट में ब्राजील की भागीदारी तकनीकी सहयोग को घनिष्ठ बनाने की दिशा में एक कदम आगे है - श्री शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 20 फरवरी, 2026 को कृषि भवन में ब्राजील के कृषि एवं पशुधन मंत्री महामहिम श्री कार्लोस फावारो और ब्राजील के कृषि विकास एवं परिवार कृषि मंत्री महामहिम श्री लुइज पाउलो टेक्सीरा फेरेरा के साथ द्विपक्षीय बैठक की जिसमें दोनों पक्षों ने चल रहे सहयोग की स्थिति पर चर्चा की और भविष्य में सहयोग के क्षेत्रों की रूपरेखा भी तैयार की।



श्री शिवराज सिंह चौहान ने भारत और ब्राजील के बीच गहरे और मैत्रीपूर्ण संबंधों का उल्लेख किया जो साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हैं और ब्रिक्स शिखर सम्मेलन-2025 के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की ब्राजील यात्रा सहित नियमित उच्च-स्तरीय बैठकों के माध्यम से मजबूत हुए हैं। उन्होंने एआई इम्पैक्ट समिट में ब्राजील की भागीदारी की भी सराहना की और इसे तकनीकी सहयोग को घनिष्ठ बनाने की दिशा में एक कदम आगे बताया। श्री लुइज पाउलो टेक्सीरा फेरेरा ने कृषि और संबद्ध क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला और इस बात पर जोर दिया कि ऐसे कई क्षेत्र हैं जहां पारस्परिक सहयोग लाभकारी होगा।

श्री कार्लोस फावारो ने बायो-इनपुट के क्षेत्र में भारत के नवाचारों की सराहना की और कहा कि यह क्षेत्र आगे सहयोग और समन्वय के लिए विशेष महत्व रखता है।

दोनों देशों ने सहयोग के मौजूदा क्षेत्रों पर चर्चा की और नई साझेदारी के संभावित क्षेत्रों का पता लगाया तथा कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में सहयोग को घनिष्ठ बनाने पर सहमति व्यक्त की। श्री चौहान ने आगामी ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए ब्राजील के समकक्षों को भी निमंत्रण दिया।

कृषि मंत्रियों के अलावा ब्राजील के प्रतिनिधिमंडल में कैबिनेट प्रमुख श्री विल्सन गैम्बोगी पिंगिइरो टाकेस, ब्राजील दूतावास के कृषि परिचारक श्री रॉबर्टो कार्लोस पापा, वाणिज्य और अंतर्राष्ट्रीय संबंध सचिवालय (एमएपीए) के सचिव श्री लुइज रेनाटो डी अल्कांतारा रुआ, अंतर्राष्ट्रीय सलाहकार श्री मौरिसियो पोलिडोरो और प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्य शामिल थे।

भारत की ओर से उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में डॉ. मांगी लाल जाट, सचिव कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग (डीएआरई), श्री दिनेश भाटिया, ब्राजील में भारत के राजदूत; अतिरिक्त सचिव, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग (डीए एंड एफडब्ल्यू); कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, विदेश मंत्रालय, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और नाबार्ड के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

# राजीव कुमार मेहता के आकस्मिक निधन से मर्माहत हैं लोग

मिंटू कुमार समाज जागरण हजारीबाग।हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मेरु निवासी लोकप्रिय समाजसेवी, कांग्रेस नेता, पूर्व मुखिया एवं वर्तमान बीस सूत्री अध्यक्ष राजीव कुमार मेहता (बबलू जी) के आकस्मिक निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं स्तब्ध करने वाला है।
जनसेवा के प्रति उनका समर्पण और सरल स्वभाव सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका असमय निधन मेरु और आसपास क्षेत्र एवं समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।



ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहने की शक्ति दें। भावभीनी श्रद्धांजलि देनें वालों मे हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल , सदर विधायक प्रदीप प्रसाद,जदयू जिलाध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा,झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन अध्यक्ष मधुसूदन मेहता,सहसचिव राजेश कुमार शर्मा, भाजपा नेता महेंद्र राम बिहारी सहित अनेक लोग शामिल हैं।

# नबीनगर में मनाई गई छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर नगर पंचायत क्षेत्र के मंगल बाजार स्थित महाबीर मंदिर के प्रांगण में मातृभूमि नव निर्माण युवा संघ के तत्वावधान में वीर शिरोमणि छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई



गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत शिवाजी महाराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। उपस्थित वक्ताओं ने शिवाजी महाराज के शौर्य, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि शिवाजी महाराज ने विपरीत परिस्थितियों में भी स्वाभिमान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए संघर्ष किया और युवाओं के लिए वे सदैव प्रेरणा स्रोत रहेंगे।इस अवसर पर युवाओं द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम, साहस और सामाजिक एकता की भावना को मजबूत करना है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

# बालू घाट से शराब के साथ दो गिरफ्तार बाइक जप्त

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड अंतर्गत पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बडेम थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के मझियाव बालू घाट पर छापेमारी कर की गई। पुलिस ने मौके से थाना क्षेत्र के रहरा गांव निवासी दिलीप पासवान और



मिलन कुमार को गिरफ्तार किया है। दोनों अभियुक्तों के पास से 13 लीटर महुआ देशी चुलाई शराब बरामद की गई है। इसके साथ ही एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है, जिसका उपयोग शराब की ढुलाई में किया जा रहा था।इस संबंध में बडेम थानाध्यक्ष अमरजीत चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बालू घाट के समीप छापेमारी की, जहां से दोनों आरोपियों को शराब और बाइक के साथ धर दबोचा गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।
थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

# विधायक सविता महतो ने कपाली में कपाली नगर परिषद अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सरवर आलम के पक्ष में किया भव्य रोड शो व पद यात्रा

## कपाली की सड़को पर उमड़ा जनसैलाब

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ः कपाली नगर परिषद क्षेत्र से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सरवर आलम के समर्थन में शुक्रवार को कपाली में भव्य रोड शो व पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस रोड शो में ईचागढ़ की विधायक सविता महतो स्वयं शामिल हुईं और ऐतिहासिक जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसमर्थन जुटाने के लिए पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। रोड शो का शुभारंभ कामरगोड़ा से हुआ, जो विभिन्न मोहल्लों से गुजरते हुए बंधुगोड़ा में जाकर संपन्न हुआ। पूरे मार्ग में समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी रही। जगह-जगह लोगों ने रोड शो का स्वागत किया और उम्मीदवार के समर्थन में नारे लगाए। इस दौरान



विधायक सविता महतो ने कपाली की देवतुल्य जनता से अपील करते हुए कहा कि आगामी चुनाव में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सरवर आलम को क्रम संख्या 10, चुनाव चिन्ह ह्यकैमराह्न पर अपना बहुमूल्य वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाएं और कपाली के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में सहयोग करें। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष डॉ. शुभेंदु महतो, झामुमो केंद्रीय सदस्य ओम प्रकाश लायेक, काबलू महतो, जिला सचिव बैधनाथ टुडू, धर्मु गोप, मो. अरशद, शंकर लायेक, मिलन तंतुवाई समेत सैकड़ों की संख्या में समर्थक मौजूद थे।

# मानगो के हर गली मोहल्ला तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना लक्ष्य : सुधा गुप्ता

## मानगो नगर निगम की मेयर प्रत्याशी सुधा गुप्ता ने की पदयात्रा

**दैनिक समाज जागरण 20.02.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर : मानगो नगर निगम चुनाव की मेयर प्रत्याशी सुधा गुप्ता की पदयात्रा लगातार जारी है. यह पदयात्रा कई इलाकों में चलाया गया. इस दौरान सुधा गुप्ता के साथ काफी संख्या में महिलाएं और युवा भी जुड़ रहे है. लोगों का कारवां बढ़ता जा रहा है. सुधा गुप्ता ने कहा कि लोग विकास का साथ देंगे. जनता उनके साथ है. वे विकास की लंबित योजनाओं को धरातल पर उतारने के साथ ही हर गली मोहल्ला तक सारी बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए कृतसंकल्पित है. मेयर जनता बनायेगी तो उनकी समस्याओं का निराकरण के साथ ही पूरे मानगो को बदलने का काम करेंगे. बिना किसी भेदभाव का विकास करना ही हमारा लक्ष्य है और मानगो को विकसित बनाना है. सुधा गुप्ता ने शुक्रवार को मानगो बाजार, किस्टोनगर, सरोजिनी पथ, बगानशाही, गंगा विहार, सुकना बस्ती, वास्तु विहार, मुंशी मोहल्ला,



झारखण्ड कॉलोनी, रिपिट कॉलोनी, वसुन्धरा हिलव्यू के आसपास के क्षेत्रों में पदयात्रा जनसंपर्क का लोगों से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की. मानगो नगर निगम चुनाव की मेयर प्रत्याशी सुधा गुप्ता ने पदयात्रा के दौरान घर-घर जाकर लोगों से संवाद किया और क्षेत्र की जमीनी समस्याओं को गंभीरता से सुना. विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने नालों की नियमित सफाई, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, जर्जर सड़कों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था और कचरा प्रबंधन जैसी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया. इस पर प्रत्याशी ने भरोसा दिलाया कि चुनाव जीतने के बाद समस्याओं का समाधान कराया जाएगा. उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर मानगो के हर गली मोहल्ले तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचें. पदयात्रा के दौरान मेयर प्रत्याशी सुधा गुप्ता ने महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों से विशेष रूप से बातचीत कर उनकी दैनिक जीवन से जुड़ी चुनौतियों को जाना और उनसे कहा कि आगामी 23 फरवरी को अपने अपने घरों से निकलकर कार्पेट के निशान क्रम संख्या 11 नंबर पर वोट डाल कर मुझे विजयी बनाएं. पदयात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं, युवा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए।

# गांव पन्नीवाला रुलदू में समाध स्थल पर विशाल वार्षिक मेला 3 मार्च को आयोजित होगा

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

डबवाली,20 फरवरीः कालांवाली सड़क मार्ग पर स्थित गांव पन्नीवाला रुलदू में सूर्य भगवान के उपासक महान तपस्वी संत बाबा श्री रामगिर जी महाराज के समाध स्थल पर विशाल वार्षिक मेला 3 मार्च को बड़ी श्रद्धा एवं उल्लास के साथ आयोजित होगा। संत बाबा रामगिर जी महाराज समाध सेवा समिति के अध्यक्ष सौरभ गर्ग ने बताया कि विख्यात पं. घनश्याम वेद पाठी द्वारा 3 मार्च को प्रातः 9 बजे मंत्रोच्चारण के बीच बाबा जी की मूर्ति पर वस्त्र अर्पण, माल्यार्पण, तिलक रस्म, ज्योति प्रज्वलित उपरांत हनुमान चालीसा पाठ के समापन पर चूरमा, लंगर प्रसाद का बाबा जी को भोग



लगाने के पश्चात कन्या पूजन की रस्म संपन्न करवाई जाएगी। समाध पर पहुंचने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए 10:15 बजे लंगर प्रसाद वितरण प्रारंभ किया जाएगा। सेवादार सुरेंद्र सिंगला ने बताया कि संस्था के चेयरमैन कृष्ण मैहता के सानिध्य में आयोजित होने वाले वार्षिक मेले की सभी तैयारियां प्रारंभ की जा चुकी हैं। गांव के सरपंच अमृतपाल सिंह बंटी ने कहा कि पंचायत एवं सभी गांववासियों का इस आयोजन में पूर्ण सहयोग रहेगा। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के लिए नजदीकी गांवों में भी प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक श्रद्धालुओं में मेले में पहुंचकर बाबा जी का आशीर्वाद लेने का आह्वान किया जाएगा।

# सिल्ली-रांगामाटी मार्ग पर सिंह लाइन होटल का उद्घाटन

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ झ रांगामाटी सड़क पर बड़ा चुनचुड़ीया गांव के समीप शुक्रवार को सिंह लाइन होटल का विधिवत उद्घाटन पत्रकार सह समाजसेवी अरूण कुमार माझी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।
उद्घाटन के मौके पर अरूण कुमार माझी ने कहा कि इस मार्ग पर दूर-दूर तक कोई होटल या ढाबा नहीं होने के कारण खासकर रात के समय राहगीरों और दुरगामी वाहनों को काफी परेशानी होती थी। होटल खुलने से जहां सुनसान सड़क पर रात में चहल-पहल बढ़ेगी, वहीं




यात्रियों और वाहन चालकों को ठहरने एवं भोजन की सुविधा भी उपलब्ध होगी।
उन्होंने कहा कि सड़क किनारे गतिविधि बढ़ने से छीनतई जैसी घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा तथा क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल मजबूत होगा। आने वाले समय में वाहनों का ठहराव बढ़ने से आसपास के ग्रामीणों को भी सुनसान इलाके में डर के माहौल से राहत मिलेगी।
मौके पर करम गोप, ग्राम प्रधान नगेन सिंह मुण्डा, छुटु सिंह मुण्डा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# झारखंड विधानसभा में गूंजा बीएड छात्रों का मुद्दा, ई-कल्याण छात्रवृत्ति लंबित होने पर विधायक पूर्णिमा साहू ने सरकार से की त्वरित हस्तक्षेप की मांग

**दैनिक समाज जागरण 20.02.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने झारखंड विधानसभा के पांचवें सत्र के तीसरे दिन सदन में बीएड की पढ़ाई कर रहे छात्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए कहा कि प्रथम सेमेस्टर पूर्ण होने के बावजूद विद्यार्थियों को ई-कल्याण पोर्टल के माध्यम से मिलने वाली छात्रवृत्ति राशि अब तक प्राप्त नहीं हुई है।
विधायक पूर्णिमा साहू ने बताया कि छात्रवृत्ति लंबित रहने के कारण छात्र आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अब तो स्थिति यह हो



गयी है कि एक तरफ छात्र आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। तो वहीं दूसरी ओर, उन पर अगले सेमेस्टर की फीस जमा करने का दबाव बनाया जा रहा है।
पूर्णिमा साहू ने विधानसभा अध्यक्ष के माध्यम से संबंधित मंत्री से मांग किया कि जब तक छात्रवृत्ति की राशि विद्यार्थियों के खातों में उपलब्ध नहीं हो जाती, तब तक बीएड छात्रों को फीस जमा करने से छूट देने का स्पष्ट निर्देश जारी किये जाएं।
उन्होंने कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आर्थिक अभाव किसी भी छात्र की शिक्षा में बाधा न बने। भविष्य के शिक्षकों और राज्य के शैक्षणिक विकास के लिए ऐसी स्थिति चिंताजनक है।

# अमेरिकी अदालत ने खत्म किया ट्रंप टैरिफ, जवाबी शुल्क के आदेशों को किया रद्द

**समाज जागरण**

इस फैसले से अमेरिका की ब्रिटेन, जापान, यूरोपीय संघ, मलेशिया, इंडोनेशिया, वियतनाम और भारत के साथ हाल ही में शुरू या पूरे हुए व्यापार करार असल में एकतरफा और बेकार हो गए हैं



कहा, संविधान बनाने वालों ने कर लगाने के अधिकार का कोई भी हिस्सा कार्यकारी इकाई को नहीं दिया था। न्यायाधीश सैमुअल अलिटो, क्लेरेंस थॉमस और ब्रेट कैवनॉ ने फैसले पर असहमति जताई।

अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा कई देशों के खिलाफ लगाए गए व्यापक शुल्क वृद्धि के आदेशों को आज रद्द कर दिया। इससे ट्रंप प्रशासन के आर्थिक एजेंडे को बड़ा झटका लग सकता है। यह निर्णय आपातकालीन शक्तियों से संबंधित कानून के तहत लगाए गए शुल्कों पर केंद्रित है, जिसमें लगभग हर देश पर लगाए गए व्यापक जवाबी शुल्क भी शामिल हैं। न्यायाधीशों ने 6-3 के बहुमत से यह फैसला सुनाया।
यह ट्रंप के व्यापक एजेंडे का प्रमुख हिस्सा है, जिसे उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में तीन रूढ़िवादी न्यायविदों की नियुक्तियों के साथ आकार देने में मदद की थी। ट्रंप के एजेंडे का यह पहला मामला है जो सीधे तौर पर देश की शीर्ष अदालत के सामने आया है। राष्ट्रपति इस मामले में मुखर रहे हैं और कई मौकों पर कह चुके हैं कि उनके खिलाफ फैसला आना देश की अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा झटका होगा। ट्रंप ने अदालत के फैसले पर नाखुशी जताई है।
रिपोर्ट के मुताबिक इस फैसले से अमेरिका की ब्रिटेन, जापान, यूरोपीय संघ, मलेशिया, इंडोनेशिया, वियतनाम और भारत के साथ हाल ही में शुरू या पूरे हुए व्यापार करार असल में एकतरफा और बेकार हो गए हैं। भागीदार देश अब इन करार को खत्म करने के बहाने ढूंढ़ सकते हैं।
न्यायाधीशों ने कहा कि संविधान इस बारे में स्पष्ट है कि संसद को कर लगाने का अधिकार है, जिसमें शुल्क भी शामिल हैं। मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने
हालांकि इस पर कोई चर्चा नहीं की गई कि कंपनियों द्वारा शुल्क के तौर पर चुकाए गए अरबों डॉलर उन्हें वापस मिलेंगे या नहीं। कई कंपनियां जिनमें बड़ी वेयरहाउस श्रृंखला भी शामिल हैं, पहले ही रिफंड के लिए अदालत जा चुकी हैं।
ताजा फैसला ट्रंप को दूसरे कानूनों के तहत शुल्क लगाने से नहीं रोकता है। मगर ट्रंप के कामों की रफ्तार धीमी हो सकती है। शीर्ष अदालत का यह फैसला ट्रंप के कई फैसलों को अदालत से मंजूरी मिलने के बाद आया है।
अदालत का फैसला आने के बाद अमेरिका और यूरोप के शेयर बाजार में तेजी देखी गई। दूसरी ओर अमेरिकी ट्रेजरी की यील्ड 2 आधार अंक बढ़कर 4.09 हो गई। डॉलर सूचकांक में भी थोड़ी कमजोरी देखी गई।

# भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने कहा

**- राहुल गांधी के इशारे पर कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा आज की गई कार्रवाई ने देश के युवाओं और जेनरेशन जेड को नाराज कर दिया है।**

**- एआई शिखर सम्मेलन में जो कुछ हुआ वह आकस्मिक नहीं बल्कि एक सोची-समझी साजिश थी, जिसकी योजना राहुल गांधी के आवास पर बनाई गई थी।**

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण < चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

नई दिल्ली, 20 फरवरी : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और लोकसभा सांसद डॉ. संबित पात्रा ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। डॉ. पात्रा ने एआई विश्व शिखर सम्मेलन में युवा कांग्रेस नेताओं द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन की कड़ी निंदा करते हुए इसे राष्ट्रविरोधी और कांग्रेस नेतृत्व की सोची-समझी साजिश बताया। डॉ. पात्रा ने कहा कि इस घटना का उद्देश्य भारत की वैश्विक छवि को धूमिल करना था और इसमें शामिल लोग भारतीय युवा कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी थे। यह विरोध प्रदर्शन राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी की उपस्थिति में आयोजित किया गया था। भाजपा सांसद ने इस घटना को 'बेशर्मी, मूर्खता और निंदनीयता' बताते हुए कहा कि कांग्रेस में यह समझने की बुनियादी समझ भी नहीं है कि एआई शिखर सम्मेलन भाजपा का कार्यक्रम नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय महत्व का एक वैश्विक शिखर सम्मेलन है।

डॉ. संबित पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी के इशारे पर कुछ कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा आज की गई कार्रवाइयों ने न केवल भारत के युवाओं बल्कि जनरेशन-जेड (ऋ्रल्ल-) के बीच भी आक्रोश पैदा कर दिया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस भारतीय जनता पार्टी बनाम कांग्रेस पार्टी के बारे में नहीं थी; बल्कि यह भारत के विचार और भारत के विरुद्ध इस विचार का समर्थन करने वालों के बारे में थी। भारत में इस समय एक महत्वपूर्ण आयोजन चल रहा है। एआई विश्व शिखर सम्मेलन दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जा रहा है, और आज वहां चार लोगों को गिरफ्तार किया गया, ये सभी युवा कांग्रेस के नेता हैं। इनमें युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव कृष्ण हरि, बिहार युवा कांग्रेस के सचिव कुंदन यादव, उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष अजय कुमार और युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक नरसिम्हा यादव शामिल हैं। ये मामूली कार्यकर्ता नहीं हैं, बल्कि युवा कांग्रेस में महत्वपूर्ण पदों पर आसीन वरिष्ठ पदाधिकारी हैं। यह संभव नहीं है कि वे अराजकता के बीच गलती से एआई शिखर सम्मेलन परिसर में प्रवेश कर गए हों।डॉ. पात्रा ने बताया कि कार्यकताओं ने पहले अपना पंजीकरण कराया और फिर पूर्व-नियोजित योजना के तहत बारकोड का उपयोग करते हुए कार्यक्रम स्थल में प्रवेश किया। उन्होंने अपनी टी-शर्टें उल्टी पहनी हुई थीं ताकि उन पर लिखे नारे दिखाई न दें। अंदर पहुँचने पर उन्होंने टी-शर्टें उतार दीं और विरोध प्रदर्शन किया। सवाल यह उठा कि इस पूरे विरोध प्रदर्शन की योजना कहाँ बनाई गई थी। यह दावा किया गया कि यह किसी सड़क किनारे खड़े युवा कांग्रेस नेता का अचानक किया गया कृत्य नहीं था, बल्कि राहुल गांधी के आवास पर सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी की उपस्थिति में सुनियोजित ढंग से तैयार किया गया एक कार्यक्रम था। इसे संयोग नहीं, बल्कि एक सोची-समझी और सुनियोजित रणनीति बताया गया। यह भी कहा गया कि इससे पहले भारत ने न तो ऐसे एआई शिखर सम्मेलन आयोजित किए थे और न ही उनमें प्रतिनिधि भेजे थे। लेकिन आज भारत ने एक ऐसे एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी की है जिसने देश को वैश्विक पहचान दिलाई है। 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें लगभग 30 देशों के राष्ट्राध्यक्ष उपस्थित थे। 60 अन्य देशों के मंत्री भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम में हजारों वैश्विक सीईओ, शोधकर्ता, स्टार्टअप और नीति निमार्ता शामिल हुए। इस शिखर सम्मेलन में 25 लाख से अधिक आगंतुक और पंजीकृत प्रतिभागी शामिल हुए। शिखर सम्मेलन में हजारों वक्ताओं, हजारों सत्रों और असंख्य प्रदर्शकों ने भाग लिया। 30 देशों के 300 से अधिक प्रदर्शकों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के साथ-साथ फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और सुंदर पिचाई (गूगल), सैम अल्टमैन (ओपन एआई), डेमिस हसाबिस (डीप माइंड) और डारियो अमोदेई (एंथ्रोपिक) जैसे वैश्विक प्रौद्योगिकी क्षेत्र के नेता भी उपस्थित थे। इससे स्पष्ट होता है कि भारत और विश्व भर की सबसे महत्वपूर्ण हस्तियों ने इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लिया।डॉ. संबित पात्रा ने कहा कि एआई शिखर सम्मेलन में विदेशी प्रतिनिधियों ने केवल भाग ही नहीं लिया, बल्कि उनकी बातों को गंभीरता से सुनना और समझना भी आवश्यक था। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि यदि आज कोई देश कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में वैश्विक दक्षिण की आवाज बनकर उभर रहा है, तो वह भारत है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने टिप्पणी की कि वैश्विक एआई व्यवस्था में भारत ने स्वयं को दृढ़ता से केंद्र में स्थापित कर लिया है। सैम ऑल्टमैन ने कहा कि भारत को केंद्र में रखे बिना कृत्रिम बुद्धिमत्ता का भविष्य संभव नहीं है। माइक्रोसॉफ्ट के भारतीय नेतृत्वकर्ता ब्रैड स्मिथ ने कहा कि भारत विश्व के सबसे बड़े एआई प्रतिभा केंद्रों में से एक बनने के लिए तैयार है।
मेटा के मुख्य एआई अधिकारी अलेक्जेंडर वांग ने कहा कि भारत व्यक्तिगत सुपरइंटेलिजेंस को तेजी से विकसित करने की क्षमता प्रदान करता है। इन सभी विचारों ने सामूहिक रूप से भारत को वैश्विक एआई पारिस्थितिकी तंत्र के केंद्र में स्थापित किया, यह स्वीकार करते हुए कि देश में क्षमता और संभावना दोनों हैं और वह इस क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। इस बात पर जोर दिया गया कि यह पूरे विश्व के दृष्टिकोण को दशार्ता है।भाजपा सांसद ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी राष्ट्र के हितों के विरुद्ध कार्य कर रहे हैं और जानबूझकर राष्ट्रीय प्रगति और उत्सव के क्षणों को बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं। जब भी भारत आगे बढ़ता है, वे इसे कमजोर करने की कोशिश करते हैं। 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 के बालाकोट हवाई हमले जैसी पिछली घटनाओं का हवाला देते हुए यह बताया गया कि राहुल गांधी ने वैश्विक मंच पर भारत की कार्रवाई की आलोचना की। विदेशों में आयोजित सेमिनारों में राहुल गांधी ने भारत की शासन प्रणाली की तुलना बोको हराम जैसे संगठनों से की, जो एक इस्लामी आतंकवादी संगठन है। यह सवाल उठाया गया कि क्या ऐसे बयान देशद्रोह या राष्ट्र-विरोधी आचरण के अंतर्गत नहीं आते? भाजपा कांग्रेस पार्टी के कार्यों को तीन शब्दों में वर्णित करती हैः "बेशर्म, नासमझ और निर्लज्ज"। हालिया विरोध प्रदर्शन खराब निर्णय का उदाहरण है, क्योंकि यह एक अंतरराष्ट्रीय एआई शिखर सम्मेलन में आयोजित किया गया था, जो भाजपा का कार्यक्रम नहीं बल्कि एक वैश्विक सम्मेलन था। ऐसा आचरण अनुचित था और दावा किया गया कि जेनरेशन जेड कांग्रेस पार्टी को इसके लिए माफ नहीं करेगी।डॉ. संबित पात्रा ने कहा कि आज की पीढ़ी को अपने आईफोन या एंड्रॉयड फोन पर 'नेहरू, एडविना और सांप' सर्च करना चाहिए। इसमें पंडित जवाहरलाल नेहरू को एडविना माउंटबेटन और अंग्रेजों की मौजूदगी में भारत को 'सांपों का देश' बताते हुए और ऐसा करते हुए हंसते हुए दिखाया गया है। राहुल गांधी ने आज उसी तरीके को दोहराया है। जिस तरह नेहरू ने कभी भारत को सांपों का देश बताया था, उसी तरह राहुल गांधी ने इस विरोध प्रदर्शन के जरिए भारत के युवाओं की उपलब्धियों, उनके स्टार्टअप्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उद्योग को कमतर आंका है। ऐसे कृत्य राष्ट्रविरोधी आचरण के समान हैं और कोई भी राजनीतिक दल ऐसी भद्दी सोच या ऐसी घटनाओं से महान नहीं बन सकता। आज की यह गतिविधि पूरी दुनिया के सामने दुखद और शर्मनाक है, और वैश्विक पर्यवेक्षक ऐसे राजनीतिक दल की प्रकृति पर सवाल उठाएंगे।भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने इस बात पर प्रकाश डाला कि राहुल गांधी के समर्थक कार्यक्रम स्थल में घुसकर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को 'भ्रष्ट प्रधानमंत्री' बताते हुए नारे लगा रहे थे। उनके कई नेता जमानत पर बाहर हैं और उन्होंने बांड जमा कर रखे हैं। नेशनल हेराल्ड मामले में 'मां और बेटे' को 5,000 रुपये के बांड पर रिहा किया गया है। राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर देश की एक प्रतिष्ठित अदालत में मामला लंबित है, जिसमें यह सवाल उठाया गया है कि क्या वह भारतीय नागरिक हैं या नहीं। इस घटना के बाद राहुल गांधी का आचरण एक जिम्मेदार नागरिक जैसा नहीं लगता। मामला अभी भी न्यायिक विचाराधीन है, जहां यह स्थापित किया जाना है कि राहुल गांधी भारतीय नागरिक हैं या नहीं, क्योंकि याचिकाकर्ता ने इसके विपरीत दावे करते हुए तथ्य प्रस्तुत किए हैं। यूथ कांग्रेस के एक ट्वीट का भी जिक्र किया गया जिसमें कहा गया था कि अगर देश का मीडिया भी 'भ्रष्ट' हो जाता है, तो वे भारत मंडपम में नग्न प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। कांग्रेस मीडिया, न्यायपालिका, चुनाव आयोग और यहां तक कि प्रधानमंत्री जैसे संस्थानों को भी 'भ्रष्ट' बता रही है।भाजपा सांसद ने सवाल उठाया कि डोकलाम गतिरोध के दौरान चीनी तंबुओं के नीचे बैठकर चाउमीन खाने और देश के राज खोलने वालों को क्या देशभक्त कहा जा सकता है? 2008 में 'मां-बेटे' ने शी जिनपिंग से मुलाकात की और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दस्तावेज साझा करने के बाद समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, क्या वह समझौता नहीं था? गांधी परिवार की अहंकारी मानसिकता के कारण वे मानते हैं कि 'हम ही शासक हैं और किसी और का कोई स्थान नहीं है।' उन्हें न तो स्टार्टअप की समझ है, न एआई की, न ही उद्योग की। आज कांग्रेस पार्टी के 'शर्मनाक प्रदर्शन' में यही मानसिकता झलकती है, जिससे कांग्रेस पार्टी का आचरण पूरी तरह उजागर हो गया है। मांग की गई कि राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका वाड्रा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करें और स्पष्ट करें कि इस घटना के आलोक में उन्हें राष्ट्रविरोधी क्यों नहीं माना जाना चाहिए।

# 14 मार्च को व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत, तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



किशनगंज। व्यवहार न्यायालय परिसर, किशनगंज में आगामी 14 मार्च 2026 को वर्ष 2026 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। विधिक जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को लोक अदालत के महत्व और लाभों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ लगातार बैठकें आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

इसी क्रम में गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, किशनगंज के सचिव ओम शंकर की अध्यक्षता में अधिवक्ता संघ, जिला अधिवक्ता संघ एवं अभियोजन पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एवं सचिव, जिला अधिवक्ता संघ के सचिव, जिला अभियोजन पदाधिकारी सहित अन्य अभियोजन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक सुलहनीय मामलों के निष्पादन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सचिव ओम शंकर ने अधिवक्ताओं से अपील की कि वे लंबित मामलों का निपटारा लोक अदालत के माध्यम से कराएं, ताकि पक्षकारों को त्वरित, सुलभ एवं कम खर्च में न्याय मिल सके।

20 फरवरी 2026 को जिले के सभी विभागों के साथ भी एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने विभाग से जुड़े पक्षकारों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु नोटिस निर्गत करें तथा 14 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार करें।

पूर्व में जिले के सभी थानाध्यक्षों एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारियों के साथ भी बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं।

राष्ट्रीय लोक अदालत में अपराधिक समझौता योग्य मामले, प्ली बार्गेनिंग, एनआई एक्ट की धारा 138 (चेक बाउंस), मनी रिकवरी, मोटर दुर्घटना दावा, श्रम विवाद, सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं से संबंधित विवाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक विवाद (तलाक को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण, सेवा एवं पेंशन संबंधी मामले, राजस्व मामले तथा किराया, निषेधाज्ञा एवं अन्य सिविल वादों का निष्पादन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने अधिकाधिक पक्षकारों से राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की है, ताकि सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय सुनिश्चित किया जा सके।

# डीपीओ अनीता कुमारी 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार, विभाग में मचा हड़कंप

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज। जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पटना से आई विशेष निगरानी विभाग की टीम ने शुक्रवार को आईसीडीएस की प्रभारी डीपीओ अनीता कुमारी को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के बाद विभागीय हलकों में हड़कंप मच गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रभारी डीपीओ को डुमरिया भट्टा रोड स्थित उनके किराए के आवास से गिरफ्तार किया गया। कोचाधामन के सीडीपीओ नागेंद्र कुमार द्वारा विशेष इकाई निगरानी में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि पोठिया प्रखंड के सीडीपीओ का प्रभार दिलाने के नाम पर अनीता कुमारी द्वारा 10 लाख रुपये की मांग की जा रही थी।

विशेष इकाई निगरानी टीम के डीएसपी लव कुमार ने बताया कि शिकायत प्राप्त होने के बाद मामले का सत्यापन कराया गया। आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर 18 फरवरी 2026 को निगरानी थाना में कांड संख्या 8/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

योजना के तहत निगरानी टीम ने जाल बिछाया और शुक्रवार को अनीता कुमारी को 50 हजार रुपये की घूस लेते हुए उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी के दौरान उनके घर से चार लाख रुपये से अधिक नकद राशि भी बरामद की गई है। बरामद राशि की गिनती जारी है।

इस कार्रवाई के बाद आईसीडीएस विभाग में चर्चा का माहौल है। निगरानी विभाग की टीम आगे की कानूनी प्रक्रिया में जुटी हुई है।

जिले में इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ा संदेश माना जा रहा है।

# सुहिया रेतुआ नदी पर चचरी पुल के सहारे रेंगती जिंदगी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

एक ओर सरकार ह्लडिजिटल इंडियाह्व और विकास के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं जिले के टेढ़ागाछ प्रखंड अंतर्गत चिल्हनियां पंचायत की जमीनी हकीकत इन दावों को आईना दिखा रही है। सुहिया रेतुआ नदी पर आज भी ग्रामीण बांस-बल्लियों से बने अस्थायी चचरी पुल के सहारे आवागमन करने को मजबूर हैं।



यह जर्जर पुल ही आसपास के कई गांवों के लोगों के लिए मुख्य संपर्क मार्ग बना हुआ है। स्कूली बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग और किसान प्रतिदिन अपनी जान जोखिम में डालकर इसी पुल से नदी पार करते हैं। स्थिति इतनी चिंताजनक है कि टोटो और साइकिल सवार भी किसी तरह संतुलन बनाकर इस अस्थायी पुल से गुजरते हैं।

बरसात के दिनों में हालात और भी भयावह हो जाते हैं। नदी का जलस्तर बढ़ते ही चचरी पुल के बह जाने का खतरा बना रहता है, जिससे गांव का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से लगभग टूट जाता है। इसका सीधा असर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और दैनिक जरूरतों पर पड़ता है।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से पक्का पुल निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को कई बार अवगत कराने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है।

स्थानीय लोगों में इस उपेक्षा को लेकर गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि जल्द स्थायी पुल का निर्माण नहीं कराया गया तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

विकास के दावों के बीच सुहिया रेतुआ नदी पर चचरी पुल के सहारे गुजरती जिंदगी आज भी बुनियादी सुविधाओं की हकीकत बयां कर रही है।

## कुटुंबा पुलिस की बड़ी कार्रवाई स्कॉर्पियो गाड़ी से 610 लीटर देशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त







सूचना के आधार पर छापेमारी कर स्कॉर्पियो गाड़ी को जप्त किया है जहां तलाशी के दौरान 80 कार्टून में रखे 610 लीटर देशी शराब बरामद किया गया।वहीं मौके से एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है गिरफ्तार तस्कर का नाम सुरेंद्र यादव है।थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के सुही मोड़ के समीप पुलिस ने यह कारवाई की है।थानाध्यक्ष द्वारा बताया गया कि शराब और गाड़ी को जप्त कर थाना लाया गया है और तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।उन्होंने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी रहेगा।

# पटना में छात्रा के साथ छेड़खानी करनेवाला एक युवक गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना के कदमकुआं थाना क्षेत्र में छात्रा से छेड़खानी करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आरोपित युवक की पहचान खगड़िया जिले के महेशखूंट बाजार निवासी सुजीत कुमार के रूप में की गई है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर सकारात्मक संदेश गया है। कदमकुआं थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित छात्रा कदमकुआं इलाके में एक छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रही है। आरोपित युवक भी पटना में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। बताया जा रहा है कि युवक कई दिनों से छात्रा का पीछा कर रहा था और उस पर नजर बनाए हुए था। इस दौरान वह छात्रा की गतिविधियों पर ध्यान रखता था और उसे परेशान करता था। घटना के दिन आरोपित युवक ने छात्रा का रास्ता रोककर उसके साथ छेड़खानी की। अचानक हुई इस घटना से छात्रा घबरा गई और युवक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद छात्रा ने हिम्मत जुटाकर कदमकुआं थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने छात्रा की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित युवक की तलाश शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपित मुसल्लहपुर क्षेत्र में मौजूद है। इसके बाद पुलिस टीम ने वहां छापेमारी कर युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे थाना लाया गया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है और उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि इस प्रकार की घटनाओं को गंभीरता से लिया जा रहा है और महिला सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो, किशनगंज।**



किशनगंज जिले के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र निवासी मोहम्मद इम्तियाज की इलाज के दौरान हुई मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के बाद परिजनों ने युवक के साथ गए दो साथियों पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार, 16 फरवरी की रात इम्तियाज, जो ठाकुरगंज अंचल अधिकारी के चालक के रूप में कार्यरत थे, खाना खाने के बाद अपने परिचित मोहम्मद राजा और मोहम्मद नूर अली के साथ घर से निकले थे। देर रात वे पश्चिम बंगाल के खोरीबाड़ी थाना क्षेत्र में गंभीर रूप से घायल अवस्था में पाए गए। स्थानीय पुलिस की मदद से उन्हें सिलीगुड़ी के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

मौत की खबर मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। मृतक की पत्नी सीमा खातून ने ठाकुरगंज थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया है कि मोहम्मद राजा आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है और उसने उनके पति से पांच लाख रुपये उधार लिए थे। परिजनों को आशंका है कि पैसों के विवाद को लेकर साजिश के तहत इम्तियाज की हत्या की गई है। मृतक की बहन ने भी साथ गए व्यक्तियों पर हत्या का आरोप लगाया है।

घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है और परिजनों को निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# पटना में हथियार व गांजे के साथ तीन गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा, विदेशी शराब और अवैध हथियार बरामद किया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है और अवैध नशे और हथियार के कारोबार पर अंकुश लगाने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। गोपालपुर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि देर शाम पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि शाहपुर गांव स्थित विक्की कुमार उर्फ विशाल के अर्धनिर्मित मकान में गांजा, विदेशी शराब और अवैध हथियार का भंडारण और बिक्री की जा रही है। सूचना मिलते ही मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पटना सदर को इसकी जानकारी दी गई। उनके निर्देश पर तत्काल एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया, जिसमें पुलिस पदाधिकारियों के साथ सशस्त्र बल और अनुसंधान किट को शामिल किया गया। साथ ही अंचलाधिकारी संपतचक को भी कार्रवाई की सूचना दी गई। इसके बाद शाम पुलिस टीम गुप्तचर की निशानदेही पर बताए गए अर्धनिर्मित मकान पर पहुंची। पुलिस टीम को देखते ही वहां मौजूद तीन लोग भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर तीनों को मौके पर ही पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शाहपुर गांव निवासी विक्की कुमार उर्फ विशाल (31 वर्ष), सूरज कुमार (33 वर्ष) और रंजीत कुमार (17 वर्ष) के रूप में की गई है। पुलिस द्वारा मकान की तलाशी लेने पर लाल रंग की पॉलिथीन में लिपटा हुआ 3.5 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। बरामद गांजे का वजन इलेक्ट्रॉनिक तराजू से किया गया और इसे जब्त कर लिया गया। इसके अलावा पुलिस को तलाशी के दौरान एक मैगजीन लगा अवैध पिस्टल भी मिला। पिस्टल के बट पर पीतल का बना स्टार चिन्ह था और उस पर ह्यसंयुक्त राज्य अमेरिका में निर्मितह्व अंकित पाया गया। यह हथियार अत्याधुनिक और खतरनाक माना जा रहा है। तलाशी के दौरान कमरे में छुपाकर रखी गई विदेशी शराब की कई बोतलें भी बरामद की गईं। पुलिस ने सभी बरामद सामग्री को जब्त कर लिया है और मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि इस अवैध कारोबार में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

# पटना में कन्टेनर व ऑटो के बीच हुई टक्कर में एक कि मौत, तीन घायल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के फतुहा थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा फतुहा के फोरलेन मार्ग पर स्थित रेल उपरि पुल के समीप हुआ, जहां एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित कंटेनर ने सवारी से भरे ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फतुहा थाना क्षेत्र के मालबीघा गांव के कुछ लोग वैशाली जिले के राघोपुर स्थित एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करते हैं। गुरुवार की शाम करीब सात से आठ लोग ऑटो में सवार होकर अपने गांव मालबीघा से राशन और अन्य आवश्यक सामान लेकर वापस ईंट भट्ठे की ओर जा रहे थे। जैसे ही ऑटो फोरलेन स्थित रेल उपरि पुल से पटना की दिशा में मुड़ा, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार कंटेनर ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मालबीघा निवासी 35 वर्षीय मितरंजन मांझी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। टक्कर की तीव्रता इतनी अधिक थी कि ऑटो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें शरीफा देवी (45 वर्ष), योगेंद्र मांझी (40 वर्ष) और ऑटो चालक भूषण कुमार (35 वर्ष) शामिल हैं। घायलों को गंभीर अवस्था में तत्काल अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग वहां जमा हो गए। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही फतुहा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिस उप निरीक्षक शुभम कुमार ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी घायलों को इलाज के लिए पटना स्थित नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। वहीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। इस दुर्घटना के कारण फोरलेन मार्ग पर लगभग चार किलोमीटर लंबा जाम लग गया, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई। पुलिस को जाम हटाने और यातायात सामान्य करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। दुर्घटना के बाद कंटेनर चालक वाहन को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ऑटो और कंटेनर को जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि मितरंजन मांझी परिवार के कमाऊ सदस्य थे और उनकी मौत से परिवार पर आर्थिक संकट का खतरा मंडरा रहा है। परिजनों ने प्रशासन से दोषी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और फरार चालक की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास के क्षेत्रों में लगे निगरानी कैमरों की फुटेज की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है।

# पटना में पैसे के विवाद में हुई गोलीबारी, खोखे बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पीरबहोर थाना क्षेत्र स्थित बाकरगंज इलाके में गुरुवार की देर शाम पैसों के लेन-देन को लेकर हुए विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। एक मोबाइल दुकानदार और एक युवक के बीच शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते मारपीट और फायरिंग तक पहुंच गई। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल बन गया। हालांकि, फायरिंग की इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बाकरगंज क्षेत्र में एक मोबाइल दुकान पर पैसों के लेन-देन को लेकर दुकानदार और एक युवक के बीच विवाद शुरू हुआ। शुरूआत में दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई, जो बाद में झड़प में बदल गई। इसी दौरान दुकानदार की ओर से कथित तौर पर दो राउंड फायरिंग की गई। गोली चलने की आवाज सुनते ही आसपास के लोग घबरा गए और इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पीरबहोर थाना की पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और वहां से गोली के दो खाली खोखे बरामद किए। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक (मध्य) भानु प्रताप सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। नगर पुलिस अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि यह विवाद पैसों के लेन-देन को लेकर हुआ था, जो मारपीट में बदल गया। उन्होंने कहा कि दुकानदार द्वारा दो राउंड फायरिंग किए जाने की पुष्टि हुई है, हालांकि इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थिति को पूरी तरह नियंत्रण में कर लिया है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पीरबहोर थानाध्यक्ष शहजाद गद्दी ने बताया कि इस मामले में सात लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है, जबकि लगभग 70 अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल सभी युवक बीएन कॉलेज के छात्र बताए जा रहे हैं। पुलिस उनकी पहचान करने और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।



# पटना में वाहन जांच के दौरान 18 लाख नगद रुपये बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**





पटना/ राजधानी पटना में जेपी सेतु पर की गई वाहन जांच में पुलिस ने एक चारपहिया वाहन से 18 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। नकदी के संबंध में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर वाहन में सवार दो युवकों को हिरासत में ले लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आयकर विभाग को भी इसकी सूचना दी गई है।

जानकारी के अनुसार वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर राजधानी के कई इलाकों में सघन वाहन चेकिंग की गई। दीघा थाना क्षेत्र अंतर्गत जेपी सेतु पर भी सख्ती से वाहनों की जांच शुरू की गई। पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान अचानक उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक गाड़ी की तलाशी में नोटों की गड्डियां निकलने लगीं। पुलिस के अनुसार, सारण जिले के सोनपुर क्षेत्र से पटना की ओर आ रही एक चारपहिया वाहन को संदेह के आधार पर रोका गया। वाहन की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर दीघा जेपी सेतु टीओपी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गाड़ी की तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन के भीतर रखे बैग और अन्य स्थानों से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद हुई। गिनती करने पर कुल 18 लाख रुपये नकद पाए गए। वाहन में सवार दोनों युवकों से जब बरामद नकदी के बारे में पूछताछ की गई तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। न तो वे पैसे के स्रोत के बारे में स्पष्ट जानकारी दे पाए और न ही यह बता सके कि इतनी बड़ी रकम लेकर वे कहां जा रहे थे। इसके बाद पुलिस ने तत्काल दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया और वाहन को जब्त कर लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आयकर विभाग को सूचना दी है। वही पटना पुलिस के इस चेकिंग अभियान को अपराध नियंत्रण की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। बीते कुछ समय से राजधानी में पुलिस लगातार वाहनों की जांच कर रही है। इससे पहले भी अलग-अलग इलाकों से भारी मात्रा में नकदी, हथियार और संदिग्ध सामग्री बरामद की जा चुकी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई से अपराधियों और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों में डर का माहौल बना है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, फिलहाल दोनों युवकों से पूछताछ जारी है और सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। जांच के निष्कर्ष सामने आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई तय की जाएगी। यदि नकदी अवैध पाई जाती है तो संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं यदि पैसे का वैध स्रोत साबित होता है तो नियमानुसार आगे की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

# पटना के संपतचक में लावारिस कुत्तों का आतंक, चार दिनों में 140 लोग शिकार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**









पटना/ जिले के संपतचक आंचल में लावारिस और आवारा कुत्तों का आतंक तेजी से बढ़ता जा रहा है। पिछले चार दिनों के भीतर 140 से अधिक लोगों को कुत्तों ने काट लिया है। अलग-अलग इलाकों से घायल लोग लगातार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संपतचक और अन्य अस्पतालों में रेबीज का टीका लगवाने पहुंच रहे हैं। स्वास्थ्य केंद्र के आंकड़ों के अनुसार 16 फरवरी से 20 फरवरी 2026 के बीच 140 से ज्यादा लोगों को एंटी रेबीज वैक्सीन और इम्यूनोग्लोबुलिन दिया गया है। सोमवार को अकेले पीएचसी संपतचक में 48 लोगों को टीका लगाया गया. अस्पताल में सुबह ओपीडी खुलने से पहले ही लोगों की लंबी कतार लग जा रही है।

संपतचक अंचल के बैरिया, कर्णपुरा,ताररनपुर, कंडा प, हंडेर, उदयपुर, अवस्थीचक, फैयेहापुर और गौरीचक सहित कई गांवों में कुत्तों के हमले की घटनाएं सामने आई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ज्यादातर शिकार बच्चे और बुजुर्ग हो रहे हैं। स्कूल आने-जाने वाले बच्चों को लेकर अभिभावकों में दहशत का माहौल है। लोग घर से बाहर निकलते समय चारों ओर देखकर चलने को मजबूर हैं।

पीएचसी संपतचक की प्रभारी डॉ. रेणु कुमारी ने बताया कि रोजाना बड़ी संख्या में लोग रेबीज का टीका लेने पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक किसी विशेष कारण की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सड़कों पर मरे हुए पशुओं के अवशेष फेंके जाने से कुत्तों के आक्रामक व्यवहार में वृद्धि हो सकती है। कुछ कुत्तों के व्यवहार की जांच की जा रही है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अविलंब कार्रवाई की मांग की है। कई लोगों ने आवारा कुत्तों को पकड़ने और नियंत्रण में लेने की मांग की है ताकि आम जनता को राहत मिल सके। पंचायत और नगर निकाय से समन्वय कर पशु नियंत्रण और सफाई अभियान चलाने की जरूरत बताई गई है। स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि किसी भी काटने की घटना पर तुरंत घाव को साबुन और पानी से अच्छी तरह साफ करें और बिना देर किए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर टीकाकरण कराएं। समय पर इलाज ही रेबीज से बचाव का एकमात्र उपाय है। संपतचक में बढ़ते कुत्ता आतंक ने आम लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना है कि प्रशासन इस चुनौती से निपटने के लिए कितनी तेजी से ठोस कदम उठाता है।